


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

WWW.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 85 शुक्रवार, 08 मई 2026 ज्येष्ठ कृष्णा षष्ठी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रुपया




## एक नजर




### दिल्ली फ्लाइट में महुआ मोइत्रा ने लगाया बदसलूकी का आरोप

**नई दिल्ली** तृणमूल कांग्रेस (TMC) की सांसद महुआ मोइत्रा ने दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट में अपने साथ कथित बदसलूकी और उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर एअरलाइन और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है। महुआ मोइत्रा ने बताया कि वह आधिकारिक कार्य के लिए दिल्ली जा रही थीं, जहां उन्हें संसद की रक्षा मामलों से जुड़ी स्थायी समिति की बैठक में शामिल होना था। उन्होंने कहा कि वह इंडिगो की फ्लाइट 6E-719 में सीट 1F पर बैठी हुई थीं। सांसद के अनुसार, चार से छह लोग एक साथ विमान में सवार हुए और उन्हें घूरते हुए विमान के पिछले हिस्से में जाकर बैठ गए। उन्होंने दावा किया कि यह व्यवहार असहज करने वाला था।

### पायलट की सूझबूझ से बाल-बाल बचे डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे

**चेन्नई।** राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आज दोपहर एक भीषण हवाई हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। उनके हेलीकॉप्टर को खराब मौसम के कारण बीच रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। इस घटना ने एक बार फिर वीआईपी सुरक्षा और हवाई यात्रा के दौरान अचानक बदलने वाले मौसम के जोखिमों को चर्चा में ला दिया है। यह घटना आज दोपहर उस समय हुई जब उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मुंबई से मुरबाड जा रहे थे। दोपहर करीब 3:30 बजे उनका हेलीकॉप्टर महालक्ष्मी रेसकोर्स से मुरबाड के लिए रवाना हुआ था। उन्हें अपनी पार्टी के एक पदाधिकारी के परिवार में शादी समारोह में शामिल होना था। हालांकि, उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद जब हेलीकॉप्टर ऐरोली पहुँचा, तब आसमान में अचानक तूफान के लक्षण दिखाई देने लगे।

## शुभेंदु के पीए की हत्या पर सियायतः 'सुनाई दीं चीखें और फिर गोलियों की आवाज'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम इलाके में भाजपा नेता चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या से राजनीतिक हलचल मच गई है। इस घटना को लेकर भाजपा विधायक शंकर घोष ने चौंकाने वाला दावा किया है कि उन्होंने रथ से फोन पर बात करते समय पहले कराहने की आवाज सुनी और फिर गोली चलने की आवाज भी सुनी।

शंकर घोष ने बताया कि वह बुधवार रात करीब 10 बजे उल्टाडांगा से लौटते समय रथ से फोन पर बात कर रहे थे। बातचीत के दौरान वे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित कार्यक्रम को लेकर चर्चा कर रहे थे।

विधायक के अनुसार, अचानक बातचीत के दौरान रथ की आवाज बदल गई और फोन पर पहले दर्द भरी कराह सुनाई दी, उसके बाद गोली चलने जैसी आवाज आई और फिर कॉल कट हो गई। इसके बाद उन्होंने कई बार रथ को कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कुछ देर बाद एक अनजान व्यक्ति ने फोन उठाकर बताया कि चंद्रनाथ रथ को गोली मार दी गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद शंकर घोष तुरंत उस निजी अस्पताल पहुंचे जहां रथ को ले जाया गया था। उन्होंने कहा कि रथ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और विशेष रूप से शुभेंदु अधिकारी के बेहद करीबी सहयोगी थे। पुलिस के अनुसार, चंद्रनाथ रथ को बुधवार रात करीब 10:30 बजे मध्यमग्राम के डोलतला इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने रोका। इसके बाद उनकी गाड़ी को घेरकर गोली मार दी गई और हमलावर मौके से फरार हो गए। भाजपा ने इस हत्या को सुनियोजित हमला बताया है।

## ऑपरेशन सिंदूर : पीएम मोदी ने बताया भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया का प्रतीक




**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सैन्य और आतंकी ढांचे के खिलाफ सैन्य अभियान के एक वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि एक साल बाद भी भारत आतंकवाद को हराने और उसे पोषित करने वाले तंत्र को नष्ट करने के अपने संकल्प में पहले की तरह ही अडिग है। मोदी ने कहा कि एक साल पहले भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बेजोड़ साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने की हिमाकत करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया और पूरा देश भारतीय बलों के शौर्य को सलाम करता है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसने हमारे सशस्त्र बलों के पेशेवर रवैये, तैयारी और समन्वित शक्ति को उजागर किया।''

### मुख्यमंत्री योगी ने देश की जनता को दिया संदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का एक साल पूरा होने पर देश की जनता को बधाई देते हुए बृहस्पतिवार को भारत के सशस्त्र बलों की सराहना की। 'एक्स' पर एक पोस्ट में आदित्यनाथ ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' एकता, अदम्य इच्छाशक्ति और असाधारण शौर्य को दर्शाता है, साथ ही यह देश की स्पष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा नीति को भी प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने अपने 'एक्स' अकाउंट की डिस्प्ले पिक्चर की जगह 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्टिकर भी लगाया।

# असम : गुवाहाटी में 12 मई को नई सरकार का होगा शपथ ग्रहण समारोह



**गुवाहाटी।** असम के मुख्य सचिव रवि कोटा ने बताया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की नव निर्वाचित सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 12 मई को होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के इस समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह खानपारा स्थित पशु चिकित्सालय में आयोजित किया जाएगा।

कोटा ने बुधवार रात को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "नव निर्वाचित मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री के आगामी दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के वास्ते आज (बृहस्पतिवार) असम के पुलिस महानिदेशक के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।" उन्होंने बताया कि सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, आयोजन स्थल की तैयारियों, प्रोटोकॉल और अंतर-विभागीय समन्वय से संबंधित व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कोटा ने बताया, " कार्यक्रम के सुचारू संचालन, स्थापित प्रोटोकॉल के कड़ाई से पालन और सभी हितधारकों के बीच घनिष्ठ समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया गया।" मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को अपना इस्तीफा सौंप दिया। आचार्य ने शर्मा से कार्यवाहक सरकार के प्रमुख के रूप में बने रहने का अनुरोध किया।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और नायब सिंह सैनी को भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए क्रमशः पर्यवेक्षक और सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। यह चुनाव 10 मई को होने की संभावना है। सत्ताधारी राजग ने राज्य की 126 विधानसभा सीट में से 102 पर जीत हासिल कर लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की। भाजपा ने 82 सीट पर जीत हासिल की जबकि उसके सहयोगी दलों बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) ने 10-10 सीट पर विजय प्राप्त की।

## तमिलनाडु का सियासी सस्पेंसः राजभवन से खाली हाथ लौटे टीवीके प्रमुख विजय



**चेन्नई।** तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के प्रमुख विजय कांग्रेस के समर्थन से तमिलनाडु में सरकार बनाने का दावा पेश करने के एक दिन बाद, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिलने लोक भवन पहुंचे। तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में टीवीके के अप्रत्याशित रूप से सबसे बड़े दल के रूप में उभरने के बाद विजय 24 घंटे के भीतर दूसरी बार लोक भवन गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उन्होंने बुधवार को कांग्रेस पार्टी का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा था और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। हालांकि, राज्यपाल ने इस मामले में अभी कोई फैसला नहीं किया है।

तमिलनाडु राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय को समझाया कि उनकी पार्टी के पास सरकार बनाने के लिए आवश्यक समर्थन नहीं है। लोक भवन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। लोक भवन ने कहा कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने टीवीके अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय को बृहस्पतिवार को लोक भवन आमंत्रित किया। बुधवार के बाद दोनों के बीच यह दूसरी बातचीत थी। लोक भवन ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''बैठक के दौरान माननीय राज्यपाल ने समझाया कि उनके पास तमिलनाडु विधानसभा में सरकार गठित करने के लिए आवश्यक बहुमत अभी तक नहीं है।'' विजय ने सरकार गठन को लेकर राज्यपाल से 24 घंटे के भीतर दूसरी बार बृहस्पतिवार को मुलाकात की। टीवीके ने 23 अप्रैल को हुए चुनावों में 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीट जीतीं और वह सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। हालांकि, पांच विधायकों वाली कांग्रेस ने टीवीके को समर्थन दिया है, लेकिन अभिनेता से नेता बने विजय के नेतृत्व वाली पार्टी 200 से अधिक सदस्यीय सदन में बहुमत के 118 के आंकड़े से अब भी कुछ सीट दूर है। टीवीके ने 108 सीट जीती हैं जिनमें से विजय को उन दो सीट में से एक से इस्तीफा देना होगा, जिन पर उन्होंने जीत हासिल की है। द्रमुक नीत गठबंधन के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने पाला बदलते हुए सरकार बनाने के लिए विजय को समर्थन दे दिया। ऐसा करके कांग्रेस ने अपने पांच विधायकों का समर्थन टीवीके की प्रभावी संख्या 107 में जोड़ दिया।

## 10 हजार रिश्वत लेते लेखपाल रंगे हाथ गिरफ्तार

### पैमाइश के नाम पर किसानों से वसूली कर रहा था आरोपी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** फरीदपुर में चकबंदी विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर एंटी करप्शन टीम ने बड़ा प्रहार करते हुए चकबंदी लेखपाल अजय तेवतिया को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। किसानों से जमीन की पैमाइश कराने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले लेखपाल को टीम ने जाल बिछाकर दबोच लिया। कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। मल्लपुर गांव में तैनात था लेखपाल बुलंदशहर निवासी अजय तेवतिया फरीदपुर क्षेत्र के मल्लपुर गांव में चकबंदी लेखपाल के पद पर तैनात था। गांव में चकबंदी प्रक्रिया शुरू होने के बाद से ही किसानों से अवैध वसूली की शिकायतें सामने आने लगी थीं। आरोप है कि गांव के किसान कबीरुलहसन, उवैस और जाकिर ने अपनी जमीन की पैमाइश कराने की बात कही तो लेखपाल ने काम करने के बदले 10 हजार रुपये रिश्वत मांग ली।

रिश्वतखोरी से परेशान किसानों ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। शिकायत मिलने के बाद प्रभारी निरीक्षक ने पूरी योजना तैयार की। बुधवार देर रात लेखपाल ने किसानों को रिश्वत की रकम लेकर फरीदपुर बुलाया। जैसे ही किसान ने लेखपाल को रुपये दिए, पहले से घात लगाए बैठी एंटी करप्शन टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

### हाथ धुलवाए तो खुल गई रिश्वतखोरी की पोल

टीम ने मौके पर ही आरोपी लेखपाल के हाथ धुलवाए। केमिकल लगे नोटों के संपर्क में आने के कारण हाथों का रंग बदल गया, जिससे रिश्वत लेने की पुष्टि हो गई। इसके बाद टीम ने रिश्वत की रकम बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### पहले भी बदनाम रहा है चकबंदी विभाग

फरीदपुर का चकबंदी विभाग पहले भी भ्रष्टाचार के मामलों में चर्चा में रहा है। कई अधिकारी और कर्मचारी रिश्वतखोरी के आरोप में पकड़े जा चुके हैं। ताजा कार्रवाई के बाद विभाग की कार्यशैली पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। एंटी करप्शन प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी रिश्वत मांगता है तो पीड़ित सीधे 9454405475 नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## चीन में दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

**दिल्ली।** चीन की शी जिनपिंग सरकार ने अपने दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। दोनों पूर्व रक्षा मंत्रियों- वी फेंघे और ली शांगफू को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई गई है। इन्हें भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी पाया गया था, जिसके बाद दो साल की राहत के साथ मौत की सजा मिली है। यह कार्रवाई चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के आदेश पर हुई है। चीन की सरकारी मीडिया शिन्हुआ के अनुसार चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें अलग-अलग सजा दी है। एजेंसी शिन्हुआ ने कोर्ट के फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि फेंघे को रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराया गया, वहीं शांगफू को रिश्वत लेने और देने दोनों के मामले में गुनहगार करार दिया गया है।

## अखिलेश यादव ने ममता बनर्जी से की मुलाकात



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों के बाद अखिलेश यादव बंगाल पहुंचे हैं। वहां उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी से मुलाकात की। बंगाल में 15 साल पुराने टीएमसी शासन के खात्मे और भाजपा की प्रचंड जीत के बाद यह पहली मुलाकात है। इस दौरान अखिलेश ने कहा कि भाजपा को दीदी हमेशा से खटकती रही हैं। अखिलेश का मानना है कि भले ही इस बार आंकड़े पक्ष में न रहे हों, लेकिन ममता बनर्जी ने एक योद्धा की तरह मुकाबला किया है।

ममता बनर्जी खुद अखिलेश यादव को रिसीव करने के लिए गेट तक आईं, जबकि उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी ने अखिलेश को गले लगाकर उनका स्वागत किया। इस मुलाकात के दौरान अखिलेश यादव ने ममता बनर्जी को शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया और कहा, दीदी, आप हारी नहीं हैं। अखिलेश ने ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के हौसले की तारीफ करते हुए कहा कि आप लोगों ने जिस तरह से चुनाव लड़ा, वह वाकई काबिले तारीफ है।

मीडिया से बातचीत में अखिलेश ने कहा, भाजपा की आंखों में दीदी खटकती हैं, क्योंकि वह आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं। भाजपा सामंती सोच की है, इनके संगी साथी लोग पुरुषवादी लोग हैं। यह लोग नारी को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते हैं। मैंने इस चुनाव को बहुत करीब से देखा। जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल हुआ और भाजपा का जो रवैया था, वो हैरान करने वाला है। भाजपा ने बंगाल में जो किया, यूपी में उससे कम किया था।

## ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का कुछ नहीं बिगड़ा : जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि भारत की कूटनीतिक कोशिशों के बावजूद पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग नहीं पड़ा, जैसा कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद हुआ था। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि इसके उलट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर का गर्मजोशी से स्वागत किया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोकने वाले युद्धविराम की पहली घोषणा 10 मई 2025 को शाम 5:37 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी। उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रपति ट्रंप के हस्तक्षेप से यह संभव हुआ। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि ट्रंप ने बाद में भी कई बार इस दावे को दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी इसका खंडन नहीं किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि 30 मई 2025 को सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने माना था कि भारत को शुरुआती चरण में सामरिक गलतियों के कारण नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि बाद में रणनीति में सुधार कर भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतर सटीक हमले किए।

**आयोजन** राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने 31 लोगों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

## बिहार मंत्रिपरिषद विस्तार : सम्राट चौधरी सरकार में 31 मंत्रियों ने ली शपथ




**पटना।** बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार की मंत्री परिषद का बृहस्पतिवार को विस्तार किया गया तथा जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रमुख नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार और 30 अन्य लोगों ने गांधी मैदान में आयोजित एक समारोह में मंत्री पद की शपथ ली। राज्य में पांच दलों वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी घटक दलों से कुल 31 लोगों को राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। निशांत कुमार और पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के अलावा, पूर्व मंत्री श्रवण कुमार और अशोक चौधरी को मंत्री परिषद में शामिल किया गया है।

जहां वे राज्य में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री पटना हवाई अड्डे से गांधी मैदान के लिए रवाना हुए, जहां पूर्वाह्न 12 बजकर 15 मिनट पर नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाना है। सड़क के दोनों ओर बैरिकेड के पीछे खड़े लोगों ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर और नारे लगाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने भी लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। इस कार्यक्रम को पार्टी द्वारा एक बड़े उत्सव के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि हिंदी पट्टी के उस एकमात्र राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनी है, जहां पिछले महीने जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे तक सत्ता भाजपा की पहुंच से बाहर रही थी।

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल का विस्तार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में बृहस्पतिवार को किया गया। मंत्रिमंडल विस्तार में राज्य के सामाजिक और जातीय समीकरणों का विशेष ध्यान रखा गया। शपथ लेने वाले मंत्रियों में से सात मंत्री अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से जबकि सर्वाधिक नौ मंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) से शामिल किए गए हैं। इसके अलावा दो ब्राह्मण, दो भूमिहार और तीन राजपूत समुदाय से मंत्री बनाए गए हैं।

## 48 घंटे भी नहीं टिका ट्रंप का ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट फ्रीडम', होर्मुज स्ट्रेट में फंसे 1600 जहाज



**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों के ट्रांजिट के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम की शुरुआत की थी। हालांकि, अमेरिकी मीडिया ने बताया कि होर्मुज में 1600 के करीब जहाज फंसे हुए हैं और ट्रंप का प्रोजेक्ट फ्रीडम 48 घंटे तक ही टिक पाया।

अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, लगभग 1,600 जहाज अब भी होर्मुज स्ट्रेट के पास फंसे हुए हैं, शिपिंग कंपनियों को एक महंगी और जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे दो महीने से ज्यादा समय से पानी के रास्ते से निकलने का मौका ढूंढ रही हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला। सिर्फ दो जहाजों को ही गाइड किया गया। अब, फिर से कंपनियां अकेले ट्रांजिट का रिस्क उठाने को तैयार नहीं हैं। जहाजों को जाने देने से कार्गो और स्टाफ दोनों को खतरा होगा।

हाल ही में दक्षिण कोरिया के जहाज पर धमाके की जानकारी सामने आई थी, जिसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि ये हमला ईरान की तरफ से किया गया। हालांकि, ईरान की तरफ से अब इस मामले में आधिकारिक बयान सामने आया है। ईरान ने दक्षिण कोरिया के जहाज पर हमले से साफ इनकार कर दिया है।

## एक नजर

### फर्जी लूट की कहानी रचने वाले बेनकाब, उकसावे में दी गई झूठी तहरीर

**बदायूं।** बिसौली थाना क्षेत्र में लूट की एक सनसनीखेज घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए इसे पूरी तरह फर्जी करार दिया है। जांच में सामने आया कि दंपती से जेवर लूटने की कहानी मनगढ़ंत थी। इस खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव ग्राम हर्रायपुर निवासी रोहित ने चार मई को थाना बिसौली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि वह रात करीब एक बजे अपनी पत्नी के साथ यादव फार्म हाउस से शादी समारोह से लौट रहा था। आंवला रोड स्थित नक्का बाग के पास तीन नकाबपोश बदमाशों ने उसकी बाइक गिराकर पत्नी के सोने-चांदी के जेवर और नकदी लूट ली। पुलिस ने इस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, वादी व गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना संदिग्ध पाई गई। गहन जांच में लूट की पुष्टि नहीं हुई, जिसके बाद पांच मई को मुकदमें में फाइनल रिपोर्ट लगाकर मामला समाप्त कर दिया गया।

# स्कूल के पास कुएं में गिरकर छह साल के मासूम की मौत

## पानी पीने गया था बच्चा, पैर फिसला और चली गई जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भुता थाना क्षेत्र के गांव अदीनापुर में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। आत्मानंद विद्या मंदिर स्कूल में पढ़ने वाला छह वर्षीय छात्र लविश पानी पीने के लिए स्कूल परिसर के पास बने कुएं के नजदीक गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे कुएं में जा गिरा। मासूम के कुएं में गिरते ही स्कूल परिसर में चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में मातम पसरा हुआ है। बताया जाता है कि स्कूल परिसर के पास एक पुराना और गहरा कुआं बना हुआ है। कुएं के पास ही पानी की टोंटी लगी है, जहां बच्चे पानी पीने जाते हैं। गुरुवार सुबह लविश भी पानी पीने पहुंचा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे कुएं में जा गिरा। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद अन्य बच्चे घबरा गए और जोर-जोर से शोर मचाने लगे। बच्चों की आवाज सुनकर शिक्षक और आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े।


रस्सी डालकर बालिका को निकालने का प्रयास करते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

### फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

घटना की जानकारी मिलने के बाद फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मासूम की मौत के बाद स्कूल परिसर के पास खुले कुएं को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कुएं के आसपास सुरक्षा इंतजाम होते तो शायद यह हादसा टल सकता था। घटना के बाद पूरे गांव में गम का माहौल है और हर किसी की जुबान पर सिर्फ एक ही सवाल है कि आखिर इस मासूम की मौत का जिम्मेदार कौन है।

### रस्सियां डाली गईं, लेकिन नहीं बच सकी जान

घटना के बाद ग्रामीणों ने तुरंत बच्चे को बचाने का प्रयास शुरू कर दिया। कुएं में रस्सियां डाली गईं और कई लोग नीचे उतरने की कोशिश करते रहे, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण काफी देर तक सफलता नहीं मिल सकी। इसी बीच सूचना मिलने पर भुता थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को कुएं से बाहर निकाला। हालत गंभीर होने पर उसे एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं। डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

## बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मूसाझाग थाना क्षेत्र के तालगांव में मंगलवार रात बिजली चोरी पकड़ने गई विद्युत निगम की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। घटना में दो कर्मचारी घायल हो गए, जिन्हें अपनी गाड़ी छोड़कर भागना पड़ा।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव में अवैध रूप से चक्की चलने की सूचना पर पहुंची टीम के कर्मचारी कथित तौर पर नशे में थे। मुंह से शराब की गंध आने पर ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। टीम के भागने के बाद ग्रामीणों को उनकी गाड़ी से शराब की बोतलें और नमकीन बरामद हुई, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है। चर्चा है कि बदनामी से बचने के लिए विभाग पुलिस को तहरीर नहीं दे रहा है। इंस्पेक्टर वीरेंद्र तोमर ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है। वहीं अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पतंग उड़ाने गया मोबीन का छत के कमरे में फंदे से लटका मिला शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को 21 वर्षीय युवक का शव घर की छत पर बने कमरे में फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच में युवक के नशे की लत से परेशान होने की बात सामने आई है।

नैनीताल रोड स्थित कोहाड़ापीर छोटे पुल के नीचे रहने वाला मोबीन अहमद दोपहर में पतंग उड़ाने के लिए घर की छत पर गया था। परिजनों के मुताबिक काफी देर तक वह नीचे नहीं लौटा तो किसी ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। इसी दौरान उसका नौ वर्षीय चचेरा भाई भी पतंग उड़ाने के लिए छत पर पहुंचा। छत पर बने कमरे का दरवाजा खुला था। बच्चे ने अंदर झांका तो मोबीन दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका हुआ था। यह दृश्य देखते ही वह जोर-जोर से चीखने लगा। बच्चे की आवाज

### छोटे भाई की चीख से मचा हड़कंप

सुनकर परिवार के लोग और पड़ोसी मौके पर दौड़ पड़े। युवक को नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना प्रेमनगर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने कमरे का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद इलाके में देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मोबीन पिछले काफी समय से नशे की लत से जूझ रहा था। इसी वजह से वह मानसिक तनाव में भी रहता था। परिवार के लोगों ने कई बार उसे समझाने और सुधारने की कोशिश की थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी परेशानी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया। हालांकि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगी।

# बारिश में भीगा गेहूं, किसान बेहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले में सरकारी खरीद केंद्रों पर अव्यवस्थाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे पर भगवतीपुर स्थित पीसीएफ गोदाम का है, जहां भंडारण के लिए लाया गया सैकड़ों कुंतल गेहूं समय पर अनलोड न होने के कारण बारिश में भीग गया।

गोदाम के बाहर गेहूं से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां घंटों खड़ी रहीं, जिससे विभागीय दावों की पोल खुल गई।बताया जा रहा है कि विभिन्न खरीद केंद्रों से गेहूं को भंडारण के लिए पीसीएफ गोदाम भेजा गया था। गोदाम में पर्याप्त जगह और समय पर अनलोडिंग की व्यवस्था न होने के कारण ट्रैक्टर-ट्रालियां बाहर ही खड़ी रहीं। इसी बीच अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। चालकों ने गेहूं को तिरपाल और प्लास्टिक से ढकने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा और मूसलाधार बारिश के कारण गेहूं भीगने से नहीं बच सका।चालकों का आरोप है कि वे देर रात से ही गोदाम कर्मचारियों से अनाज उतरवाने की गुहार लगा रहे थे। यदि समय रहते अनलोडिंग हो जाती, तो इस बड़े नुकसान से बचा जा सकता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, हर साल गोदामों की बदहाली के कारण ऐसी स्थिति बनती है। दूसरी ओर, विभागीय अधिकारियों ने सफाई देते हुए कहा कि अचानक बारिश आने से कुछ ट्रालियों का गेहूं हल्का भीगा है। उन्होंने मामले की जांच कराने और जल्द गेहूं उतरवाने की बात कही है।


गेहूं लदे गोदाम के बाहर खड़े ट्रैक्टर-ट्राली। -जागरण मोर्चा

## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बिसौली पुलिस ने संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 18 पाउच अवैध देशी शराब बरामद की है।थाना पुलिस के अनुसार, 3 मई 2026 को चेकिंग के दौरान कस्बा बिसौली के वार्ड संख्या 5 होली चौक निवासी कल्लू पुत्र चौबेलाल को हिरासत में लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से ग्रैंड मास्टर ब्रांड के 18 पाउच अवैध शराब मिली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया। अपराध जमानतीय होने के कारण कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर आरोपी को मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

# मुंबई और गुजरात का सफर अब हुआ आसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बरेली समेत आसपास के जिलों के लोगों को बड़ी राहत दी है। गुजरात के प्रतापनगर से उत्तराखंड के लालकुआं तक सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया गया है। इसके साथ ही मुंबई के बांद्रा और बोरीवली से गोरखपुर के बीच भी अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इन ट्रेनों के संचालन से बरेली से गुजरात, मुंबई और उत्तराखंड का सफर आसान हो जाएगा।

पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने बताया कि 09119 प्रतापनगर-लालकुआं सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन तीन मई से प्रत्येक रविवार को चलाई जाएगी। वहीं वापसी में 09120 लालकुआं-प्रतापनगर सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक सोमवार को संचालित होगी। यह ट्रेन जून महीने तक कुल 18 फेरों के लिए चलेगी। प्रतापनगर से रवाना होने वाली यह ट्रेन वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, कोटा, भरतपुर, मथुरा, हाथरस, कासगंज और बदायूं होते हुए दूसरे दिन सुबह 10 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी। इसके बाद ट्रेन बरेली सिटी और इज्जतनगर स्टेशन पर भी रुकेगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ट्रेन में करीब 20 कोच लगाए जाएंगे।



### लालकुआं से शाम को चलेगी वापसी ट्रेन

वापसी में 09120 लालकुआं-प्रतापनगर सुपरफास्ट स्पेशल लालकुआं से शाम 3:50 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन किच्छा, बहेड़ी, इज्जतनगर, बरेली सिटी और बरेली जंक्शन से होकर गुजरात के प्रतापनगर पहुंचेगी। रेलवे का कहना है कि इस ट्रेन के संचालन से उत्तराखंड और गुजरात जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### मुंबई जाने वालों के लिए भी राहत, मैलानी रूट से चलेगी स्पेशल ट्रेन

रेलवे ने मुंबई रूट पर भी यात्रियों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। 09157 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर और 09158 गोरखपुर-बोरीवली अनारक्षित स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाएगी। यह ट्रेन मैलानी रूट से होकर गुजरेगी और इसका ठहराव बरेली सिटी और इज्जतनगर स्टेशन पर रहेगा। हालांकि बरेली जंक्शन पर इस ट्रेन का स्टॉपेज नहीं होगा।

### बरेली से होकर गोरखपुर और मुंबई तक मिलेगा सीधा सफर

09157 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन मुंबई से चलकर सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, मथुरा और कासगंज होते हुए दूसरे दिन तड़के बरेली सिटी और इज्जतनगर पहुंचेगी। इसके बाद ट्रेन पीलीभीत, मैलानी, सीतापुर, गोंडा और बस्ती होते हुए गोरखपुर पहुंचेगी। वहीं वापसी में 09158 गोरखपुर-बोरीवली स्पेशल ट्रेन गोरखपुर से चलकर बस्ती, गोंडा, सीतापुर, मैलानी, पीलीभीत, इज्जतनगर और बरेली सिटी होते हुए मुंबई पहुंचेगी। रेलवे ने इस ट्रेन में भी 20 कोच लगाने का फैसला किया है।

# स्कूल से ले जाकर छात्रा से रेप के दोषी को 20 साल की कैद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नाबालिक छात्रा को स्कूल से लेजाकर दुष्कर्म के 20 माह पुराने मामले में अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कक्ष संख्या तीन की न्यायाधीश नीलांजना ने दोषी करार दिया है। उसे 20साल की सजा सुनाई हैं। इसके साथ ही 62 हजार रुपये का जुर्माना डाला है। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति रूप में देने का हुक्म सुनाया है। विषोष लोक अभियोजक प्रदीप भारती के अनुसार दुष्कर्म पीड़िता की मां ने चार सितंबर 2024 को थाना जरीफनगर में तहरीर दी थी। बताया था कि तीन सितंबर की दोपहर के 11:10 बजे, उसकी 13 साल की बेटी को गांव का ही रहने वाला विवेक स्कूल से यह कहकर ले गया, तुझे तेरे पापा बुला रहे हैं। विवेव स्कूल के प्रधानाचार्य से पूछकर नाबालिग लड़की को अपने साथ गाड़ी में ले गया। जहां गाड़ी की पिछली सीट पर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद करीब एक घंटे बाद गांव के बाहर छोड़ दिया। उसकी बेटी डरी सहमी हुई घर पहुंची। उसकी बेटी ने चार सितंबर को सुबह बताया कि उसके साथ जबरन गलत संबंध बनाए। उसके बाद उसे और परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज किया और विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। तब से मामला कोर्ट में चल रहा था। गुरूवार को अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के पश्चात उक्त आरोप में दोषी पाते हुए सजा सुनाई और जुर्माना लगाया है।

# 'नाम बदलने से नहीं बदलेगी किस्मत'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने देवबंद का नाम बदलकर देववृंद किए जाने की मांग पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि किसी शहर या कस्बे का नाम बदल देने से वहां रहने वाले लोगों की जिंदगी नहीं बदलती। असली बदलाव तब आता है जब शहर में विकास हो, युवाओं को रोजगार मिले और गरीबों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो।


मौलाना शहाबुद्दीन रजवी।

मौलाना ने कहा कि देवबंद का नाम देववृंद करने से न तो बेरोजगारी खत्म होगी और न ही गरीबों की परेशानियां कम होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार को नाम बदलने की राजनीति छोड़कर रोजगार सृजन, उद्योग लगाने और किसानों की समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। उनके मुताबिक, अगर छोटे-बड़े उद्योग स्थापित होंगे तो युवाओं को नौकरी मिलेगी और लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने शाहजहांपुर और बरेली के मीरगंज की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि आज भी लोग भूख, गरीबी और बेरोजगारी से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि मीरगंज में एक किसान ने भूख और गुरबत से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी, जो बेहद शर्मनाक और चिंताजनक घटना है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं उन लोगों के लिए सबक हैं जो सिर्फ शहरों के नाम बदलने के अभियान में लगे हुए हैं। मौलाना ने कहा कि देश में असली जरूरत शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की है। उन्होंने कहा कि गांवों और शहरों में अच्छे अस्पताल, स्कूल और रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएं ताकि आम आदमी की जिंदगी बेहतर हो सके। किसानों को उनकी फसल का उचित दाम मिले और गरीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिले, तभी देश आगे बढ़ेगा।

मौलाना बरेलवी ने कहा कि सिर्फ नाम बदलने से कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या नाम बदलने वाले लोगों ने कभी किसी भूखे को खाना खिलाया या प्यासे को पानी पिलाया है। उन्होंने कहा कि देश की वास्तविक समस्याओं का समाधान करना ज्यादा जरूरी है। उनके अनुसार, काम करने से बदलाव आता है, केवल नाम बदलने से नहीं।

## बेटी के अपहरण पर पिता ने मांगी मदद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना सहसवान क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को प्रार्थना पत्र देकर अपनी नाबालिग पुत्री को सकुशल बरामद कराने की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार, बीते 24 अप्रैल की रात उसकी 17 वर्षीय बेटी अचानक गायब हो गई थी।आरोप है कि गांव के ही कुछ युवक उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। इस संबंध में 26 अप्रैल को थाना सहसवान में मुकदमा दर्ज कराया गया था। परंतु, कई दिन बीतने के बाद भी पुलिस न तो किशोरी को बरामद कर सकी है और न ही आरोपियों को पकड़ पाई है। पिता का आरोप है कि नामजद आरोपी उनके परिवार को लगातार धमकियां दे रहे हैं।

# विधायक ने बांटे हेलमेट और मेधावी सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** हरि बोल सेवा समिति की ओर से बृहस्पतिवार को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के कैंप कार्यालय पर भव्य मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस गौरवमयी कार्यक्रम में यूपी बोर्ड, सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत उपस्थित अभिभावकों को निशुल्क हेलमेट भी वितरित किए गए।समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने कठिन परिश्रम और लगन से जनपद के टॉप-10 में स्थान बनाकर माता-पिता, गुरुजनों और पूरे जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। यदि छात्र जीवन में एक निश्चित लक्ष्य बनाकर पूरी निष्ठा से पढ़ाई करें, तो वे आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर या इंजीनियर बनने के अपने सपनों को निश्चित रूप से साकार कर सकते हैं।इस अवसर पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक एवं राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गुलनवाज आलम तथा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता ने भी सभी मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**राहत** नगर निगम और बीडीए मिलकर करेंगे निर्माण कार्य को लेकर मंथन

# डोहरा रोड से नकटिया पुल तक बनेगी हॉटमिक्स सड़क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप शहर में खराब सड़कों से जूझ रहे लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। डोहरा रोड से नकटिया नदी पुल तक करीब आधा किलोमीटर लंबी हॉटमिक्स सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसको लेकर नगर निगम और बीडीए के बीच सहमति बन गई है। अब संयुक्त रूप से कार्य आगे बढ़ाया जाएगा।

नई सड़क यूनिवर्सिटी रोड से डोहरा मार्ग होते हुए सीधे नकटिया पुल तक बनाई जाएगी, जिससे आवागमन सुगम होगा। लंबे समय से बने गहरे गड्ढों की समस्या खत्म होगी।नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, एक्सईएन राजीव राठी और सहायक अभियंता मुकेश शाक्य को निर्देश दिए, कि बीडीए अधिकारियों से तालमेल बनाकर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। इसके लिए रोड की नपाई और तकनीकी आकलन हेतु टीम गठित कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य तेजी से शुरू होगा। नई सड़क बनने के बाद इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और यातायात भी सुचारू रूप से संचालित हो सकेगा।नगर क्षेत्र की प्रमुख डोहरा रोड महज चार से पांच साल में ही जर्जर हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।नगर निगम के सहायक अभियंता मुकेश शाक्य ने बताया कि इस संबंध में बीडीए अधिकारियों से जानकारी ली गई थी। जांच में सामने आया कि डोहरा रोड का निर्माण करीब चार से पांच साल पहले ही कराया गया था, लेकिन अब इसकी हालत बेहद खराब हो चुकी है।

### सड़कों की मरम्मत को नगर निगम की नई रणनीति, नाथ कॉरिडोर पहले

शहर की जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम ने नई रणनीति तैयार की है। इसके तहत पूरे शहर को चार जोन में विभाजित किया जाएगा और मरम्मत कार्य चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा। नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सबसे पहले नाथ कॉरिडोर से जुड़े मार्गों का सर्वे किया जाए और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराया जाए। इसके लिए इंजीनियरों की टीम को जल्द सर्वे कर रिपोर्ट देने को कहा गया है, ताकि मरम्मत कार्य में तेजी लाई जा सके। नगर निगम का मानना है कि नाथ कॉरिडोर शहर के प्रमुख मार्गों में शामिल है, जहां यातायात का दबाव अधिक रहता है। ऐसे में इन सड़कों की स्थिति सुधारने से बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिलेगी।

मुख्य अभियंता को डोहरा रोड समेत अन्य मार्गों की सूची बनाकर उनका निर्माण करने के निर्देश दिए हैं, डोहरा रोड की सड़क के संबंध में बीडीए अधिकारियों से वार्ता होगी।

-संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

# चुनाव लोकतंत्र का मजाकः नसीमुद्दीन सिद्दीकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने गुरुवार को बरेली में भाजपा सरकार, चुनाव आयोग और प्रदेश की कानून व्यवस्था पर जमकर हमला बोला। सपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उनके तेवर बेहद आक्रामक नजर आए। उन्होंने शायरी के जरिए अपनी बात शुरू करते हुए कहा दुनिया में कहीं ऐसी तमसील नहीं मिलती, कातिल ही मुहाफिज है, कातिल ही सिपाही है महसूस ये होता है ये दौरे तबाही है, शीशे की अदालत है पत्थर की गवाही है। उनके इस बयान के बाद प्रेस वार्ता का माहौल पूरी तरह राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में बदल गया।

नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हाल के कई राज्यों के चुनाव परिणामों ने लोकतंत्र की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों के अधिकारियों को दूसरे राज्यों में ऑब्जर्वर बनाकर भेजा गया, जिससे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि कई बूथों पर 95 प्रतिशत तक मतदान हुआ, लेकिन उसके बावजूद पुनर्मतदान नहीं कराया गया। सिद्दीकी ने कहा कि चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था की तरह काम नहीं कर रहा, बल्कि भाजपा के दबाव में फैसले लिए जा रहे हैं।सपा नेता ने महंगाई और बेरोजगारी को लेकर भी केंद्र और प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जनता को राहत देने का दिखावा किया जाता है, लेकिन बाद में लगातार महंगाई बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोड़ी जाती है। उज्ज्वला योजना पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर और जरूरी वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। खाद की बोरियों का वजन घटाने और पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा परेशान है।

### महिला सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर हमला

नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने हाथरस, सीतापुर, मेरठ और महोबा की घटनाओं का जिक्र करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं, दलितों और पिछड़ी जातियों के लोगों पर अत्याचार बढ़े हैं। सरकार पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या यही भाजपा का रामराज्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराध और उत्पीड़न की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है।

### 2027 में सपा सरकार बनने का दावा

2027 विधानसभा चुनाव को लेकर सपा की रणनीति बताते हुए नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी प्रदेश में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि वे अब तक प्रदेश के 50 जिलों का दौरा कर चुके हैं। अखिलेश यादव को पीडीए की सोच का जनक बताते हुए उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर महिलाओं को 40 हजार रुपये आर्थिक सहायता और 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी।प्रेस वार्ता के दौरान नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने अपनी आंखों के ऑपरेशन के टांके भी दिखाए। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने आराम की सलाह दी थी, लेकिन जनता को जालिम हुकूमत से राहत दिलाने के लिए वह लगातार दौरे कर रहे हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम खान सुल्तानी, विधायक शहजिल इस्लाम, पूर्व विधायक सुल्तान बेग, पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन आदि रहे।

**आवश्यकता है**
उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

# बिना परमिट के दौड़ रहे 20 स्कूली वाहन संचालकों को विभाग का नोटिस

## संभागीय परिवहन प्रशासन 8 मई के बाद करेगा कार्रवाई, मची खलबली

जागरण मोर्चा कार्यालय



बसों के कागजों को चेक करते ट्रैफिक पुलिसकर्मी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** स्कूली बसों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर संभागीय परिवहन प्रशासन गंभीर है। अधिकारियों के निर्देश के बाद प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही संभागीय परिवहन विभाग की तरफ से बसों का डाटा ऑनलाइन किया जा रहा है। मगर फिर भी बस संचालक बच्चों की सुरक्षा के खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं।

बिना परमिट के दौड़ रहे 17 विद्यालयों के संचालकों को नोटिस जारी किए गए है। नोटिस में चेतावनी दी है कि 8 मई के बाद भी बिना परमिट वाहन संचालित पाए जाते हैं तो ऐसे वाहनों को तत्काल प्रभाव से निरुद्ध कर दिया जाएगा। विभाग ने कहा कि इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रशासन की होगी। एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूली वाहनों के मानकों को लेकर सख्ती बरती जा रही है। जारी सूची के अनुसार जिन विद्यालयों के वाहन बिना वैध परमिट पाए गए हैं।

### इन स्कूल संचालकों को दिए गए नोटिस

मैनेजर मॉर्निंग बेल्स स्कूल, स्वार, तारक एजुकेशन एकेडमी पटवाई, डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल बिलासपुर, शहीद भगत सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज शाहबाद, न्यू लाइट पब्लिक जूनियर हाई स्कूल बिलासपुर, विद्या इंटर कॉलेज मिलक, गुरु नानक प्राथमिक विद्यालय बिलासपुर, सेंट पॉल स्कूल सिविल लाइन, सिमरा पब्लिक स्कूल सिंगनखेड़ा, हाईटॉल पब्लिक स्कूल बरेली रोड, एसडीएस ज्योति मंदिर एन.एस. स्कूल बिलासपुर, ईस्ट वेस्ट पब्लिक स्कूल बरेली रोड, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल बिलासपुर, अकल एकेडमी स्कूल ग्राम तेलीपुरा चौखंडी, पीडीजीवीवी जूनियर हाई स्कूल डकिया, जागनलाल पब्लिक स्कूल कमरूद्दीन नगर मिलक तथा गायत्री गर्ल्स इंटर नेशनल स्कूल बिलासपुर शामिल हैं।

### व्हाट्सएप नंबर पर दें सूचना

एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि यदि कोई वाहन बिना परमिट संचालित होता दिखाई दे तो उसकी सूचना एवं फोटो परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर 9456948811 पर भेजकर कार्रवाई में सहयोग करें।


मृतक के परिजनों से मिलते सांसद। -जागरण मोर्चा

# सांसद ने सड़क हादसे के पीड़ित परिवार से की संवेदना मुलाकात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुरुवार को ग्राम मुड़िया में हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों हनीफ, स्वालेह, सानिया की असामयिक मृत्यु हो गई थी। जानकारी मिलते ही सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी जिला अस्पताल पहुंचे और मृतका स्वालेहा के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने के लिए अधिकारियों से बातचीत की। सांसद प्रतिनिधि अधिवक्ता महबूब अली पाशा के अनुसार सांसद ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके बाद सांसद नदवी ग्राम खिदरपुर पहुंचे। उन्होंने मास्टर अख्तर साहब की भतीजी के निकाह समारोह में शिरकत कर नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। दौरे के दौरान सांसद प्रतिनिधि अधिवक्ता महबूब अली पाशा, अय्यूब हाजी, डॉ. मकतूब अली, शुऐब किंग, जमील सैफी, नासिर शेख, जुबैर आदि रहे।

## एक नजर

### छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मसवासी।** पुलिस ने दलित किशोरी से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला चौकी क्षेत्र के एक गांव का है, जहां आरोपी नन्हें पुत्र अनवर शाह पर घर में घुसकर किशोरी से बदतमीजी और छेड़छाड़ करने का आरोप है।पीड़िता द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। शिकायत मिलने पर सक्रिय हुई पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांति व्यवस्था भंग करने की कार्रवाई करते हुए उसे एसडीएम न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। चौकी इंचार्ज सोहन पाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### 1083 ग्राम चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को 1083 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चला गया।थाना शहजादनगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान आशिफ पुत्र रफीक निवासी काशीराम कालोनी थाना सिविल लाईन को चमरौआ रोड से ग्राम जुठिया की ओर जाने वाले खडंजे से 1083 ग्राम नाजायज चरस के साथ गिरफ्तार किया। उसके बाद बरामदगी के आधार पर थाना शहजादनगर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की।इससे पहले भी पहली कई और आरोपियों को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश कर चुकी है। एसपी के निर्देश पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# मिशन शक्ति: महिला सुरक्षा अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय


जागरुक करती पुलिस कर्मी।

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुरुवार को सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन,181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि,मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओ को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की।ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें। आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें।

# मिलावटखोरों पर प्रशासन का बड़ा प्रहार, खाद्य तेल सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय


खाद्य पदार्थ का नमूना लेकर सीलबंद की कार्रवाई करते सहायक आयुक्त।

**रामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी करते हुए कई प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए तथा संदिग्ध खाद्य तेल की बड़ी खेप को सीज किया।

सहायक आयुक्त अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में 6, 7 मई को चलाए विशेष अभियान के दौरान सदर बाजार, टांडा में जांच के दौरान एडिबल वेजिटेबल ऑयल, राइस ब्रान ऑयल, रिफाइंड तेल, कच्ची घानी सरसों तेल, रस्क, डबल टोन दूध एवं घी खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। कार्रवाई के दौरान गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर लगभग 523 किलोग्राम एडिबल वेजिटेबल ऑयल एवं 58 लीटर राइस ब्रान ऑयल को मौके पर ही सीज कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इन उत्पादों की जांच रिपोर्ट आने तक इन्हें विक्रय नहीं किया जा सकेगा। अभियान के अंतर्गत कुल 9 विधिक नमूने, 1 सर्विलांस नमूना लेकर प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि खाद्य पदार्थ मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं तो संबंधित कारोबारियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, अशोक कुमार, देवकान्त, राहतुद्दीन दोस्तो सहित विभागीय टीम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मसवासी में सरसों तेल और बेसन के नमूने जांच को भेजे

मसवासी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को मसवासी और आसपास के क्षेत्रों में छापेमार कार्रवाई कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर मौके से खिसक गए। सहायक खाद्य आयुक्त सुनील कुमार शर्मा दलबल के साथ मसवासी मार्ग स्थित इदरीश अहमद के किराना स्टोर पहुंचे, जहां सरसों के तेल का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। टीम की कार्रवाई की सूचना मिलते ही बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसके बाद टीम ने विजारखाता क्षेत्र में भी कई दुकानों पर छापेमारी का प्रयास किया, लेकिन कार्रवाई की भनक लगते ही अधिकांश दुकानदार शटर गिराकर फरार हो गए। मसवासी कस्बे में भी खाद्य विभाग की टीम ने एक दुकान से बेसन का नमूना लिया। सहायक खाद्य आयुक्त ने बताया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सिंचाई विभाग ने हटवाया अवैध कब्जा

जागरण मोर्चा कार्यालय


मौके पर पहुंचकर जांच करती टीम। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी की शिकायत पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी आदेशों पर सिंचाई विभाग की टीम द्वारा पैमाइश कर चिन्हित की गई सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया।

शिकायतकर्ता फैसल मुमताज कहना है कि उन्होंने ग्राम मोमिनपुर अहमदाबाद तहसील सदर स्थित गाटा संख्या 599 सिंचाई विभाग की भूमि पर पुराना गंज सर्राफा बाजार निवासी अरुण कुमार एवं उनके पिता राजकुमार पुत्र रघुवीर सरन द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सांठगांठ से सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं जिलाधिकारी से की थी।फैसल मुमताज़ की शिकायत पर जिला प्रशासन द्वारा तहसीलदार सदर को कार्यवाही के लिए लिखा गया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए तहसीलदार द्वारा गठित राजस्व टीम ने सिंचाई विभाग की टीम द्वारा कब्जा की गई भूमि की पैमाइश की गई। जांच में शिकायत की पुष्टि हुई जिस के आधार पर कब्जा की गई सरकारी ज़मीन और अवैध निर्माण को चिन्हित कर लाल निशान लगा दिए गए। जिस पर कार्रवाई करते हुए सिंचाई विभाग द्वारा सहायक अभियंता एम पी सिंह के नेतृत्व में अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। ईंट भट्टे के स्वामी ईंटों से किया गया अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन का समय दिया गया। इस मौके पर सहायक अभियंता एम पी सिंह, जिलेदार विजय सिंह, अमीन नमन कुमार, जागन लाल, गुलरेज खान, प्रधान जाकिर आदि रहे।

# बिलासपुर में तुरैहा मछुआ समाज ने मनाई वीर एकलव्य जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** तुरैहा मछुआ समाज के तत्वावधान में गुरुवार को माठखेड़ा रोड़ निवासी व संगठन के जिला मंत्री रामकिशोर तुरैहा के आवास पर धनुष धुरंधर निषाद के पुत्र वीर एकलव्य जयंती धूमधाम से मनाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने प्रदेश सरकार से द्रोणाचार्य एवं अर्जुन पुरस्कार बंद कर उसकी जगह एकलव्य पुरस्कार प्रदान करने की मांग की गई। कहा कि एकलव्य का अंगूठा दान में नहीं दिए गया, बल्कि जबरदस्ती एकलव्य का अंगूठा काटा गया था। अब किसी एकलव्य का अंगूठा नहीं कटवाया जाएगा।हमारा समाज शिक्षा व रोजगार में काफी पीछे चल गया है। इसका कारण समाज को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाना है। जिनको समाज ने धरातल से मंत्री तक पहुंचाया, उन्होंने ही समाज की कोई सुध नहीं ली। जिसके कारण आज समाज की बुरी दशा हो रही है। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि अगर समाज का युवा वर्ग एक होकर रहे तो कभी भी कोई राजनीतिक पार्टी उनका शोषण नहीं कर सकती। उन्होंने समाज में शिक्षा व एकता की जरूर बताया समाज को संगठित करने संगठित रहने का भी आह्वान किया।इस मौके पर बाल किशोर तुरैहा , गोविंदराम, केशव शरण, पप्पू, सीताराम, रमेश चंद, रामकिशोर, कृपाल सिंह तुरैहा, हरिशंकर, प्रदीप कुमार, राधेश्याम, अरविंद कुमार, सुभाष चंद्र, दिनेश कुमार, रवि तुरैहा, राहुल आदि उपस्थित रहे।

# बाइक चोर गिरफ्तार, बाइकें बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय


शहर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** शहर कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कई थाना क्षेत्रों में बाइक चोरी की वारदातों को कबूला है।

शहर कोतवाल प्रदीप मलिक ने बताया कि गश्त और चेकिंग के दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर अनिकेत पुत्र विनय रस्तोगी उर्फ बंटी निवासी मोहल्ला कैथ वाली मस्जिद को हिरासत में लिया गया। तलाशी लेने पर कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद हुईं। बरामद वाहनों में दो हीरो स्प्लेंडर प्लस और एक हीरो होंडा सीडी डीलक्स बाइक शामिल हैं। तीनों मोटरसाइकिलों से नंबर प्लेट हटाई गई थीं ताकि उनकी पहचान न हो सके। बाद में ई-चालान एप और अन्य माध्यमों से वाहनों की जानकारी जुटाई गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से वाहन चोरी की घटनाओं में सक्रिय थे। आरोपी ने स्वीकार किया कि वे जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों सहित आसपास के इलाकों से बाइक चोरी करते थे। पुलिस को आशंका है कि गिरोह चोरी की मोटरसाइकिलों को फर्जी दस्तावेज तैयार कर दूसरे जिलों में बेचता था

### आरोपियों ने कई थाना क्षेत्रों में वारदातें कबूलीं

हॉकी टूर्नामेंट | महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित टूर्नामेंट

# सनवे बालिका ने रामपुर संघ को 4–0 से हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय


महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित टूर्नामेंट में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

**रामपुर।** राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय महात्मा गांधी स्टेडियम में इम्तियाज उर रहमान खां मेमोरियल डिस्ट्रिक लीग हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन चैम्पियन हॉकी क्लब की ओर से आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी फैयाज अली खां, विशिष्ठ अतिथि सलीम खां पूर्व सभासद रहे।

पहला मैच जोकि सनवे बालिका स्कूल और रामपुर हॉकी संघ के बीच खेला गया । मुख्य अतिथि ने सभी हॉकी खिलाड़ी से परिचय प्राप्त कर उनको अच्छे खेल के लिए बधाई दी। टूर्नामेंट में दो मैच खेले गए पहला मुकाबला सनवे बालिका स्कूल और रामपुर हॉकी संघ के बीच खेला गया। रामपुर हॉकी संघ की खिलाड़ी संजना ने मैच के 11 वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। मैच के 14 और 20 वें मिनट में निविता ने दो गोल कर अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल दिखाया।लगातार एक दूसरे के गोल पोस्ट पर गोल करने के लिए आक्रमण करते रहे। लेकिन पहले हाफ में सनवे बालिका स्कूल की टीम कोई गोल नहीं कर पाई। मैच के दूसरे हाफ में रामपुर हॉकी संघ की खिलाड़ी संधियां ने 35 वें मिनट में एक गोल और कर स्कोर 4-0 कर दिया। सनवे बालिका स्कूल की टीम लगातार प्रहार करती रही। लेकिन अंत तक कोई गोल नहीं कर पाई।

इस तरह से सनवे बालिका स्कूल को हॉकी रामपुर संघ ने 4-0 से हरा दिया। दूसरा मुकाबला सनवे बालक स्कूल ओर आइडेंटी एजुकेशन बालक स्कूल के बीच खेला गया जिसमें सनवे बालक स्कूल के मेहवर खान ने 2 अली खान 1 ओर रयान ने 1 गोले के आइडेंटी एजुकेशन बालक स्कूल को 4-0 से मैच हराकर सनवे बालक स्कूल ने अगले राउंड में प्रवेश कर लिया।

# आंगनबाड़ी मेला की ट्रेनिंग शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय


ट्रेनिंग में मौजूद आगनबाड़ी कार्यकत्री। -जागरण मोर्चा

**मिलक।** ब्लॉक सभागार मिलक में बुधवार को प्रथम संस्था के सहयोग से आंगनबाड़ी मेला की तीन दिवसीय ट्रेनिंग शुरू की गई। यह ट्रेनिंग 9 मई तक चलेगी। ब्लॉक मिलक की सीडीपीओ यासमीन बेगम की देखरेख में चल रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 6 साल तक के बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है।

सीडीपीओ यासमीन बेगम ने बताया कि ट्रेनिंग के बाद पहला आंगनबाड़ी मेला 11 से 16 मई के बीच और दूसरा मेला 22 से 27 जून के बीच आयोजित किया जाएगा। इन मेलों में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत 3 से 6 साल के सभी बच्चे भाग लेंगे। मेलों में बच्चों की प्रगति जांची जाएगी और विभिन्न गतिविधियां कराई जाएंगी। प्रथम संस्था की प्रशिक्षक समीना परवीन ने बताया कि दोनों मेलों के बीच की अवधि में बच्चों के लिए गतिविधियां एसएमएस के माध्यम से माताओं को भेजी जाएंगी। माताएं घर पर अपने बच्चों के साथ वो गतिविधियां करेंगी। इससे बच्चों का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होगा। ट्रेनिंग में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मेला आयोजन और बच्चों को सिखाने के तरीके बताए जा रहे हैं। ट्रेनिंग में सुपरवाइजर द्रौपदी गंगवार, ममता पंत, संध्या गंगवार, विनीता, सरस्वती, कार्यकत्री कमलेश गंगवार, मनीष यादव, इंदिरा कुमारी, सोमवती गंगवार, बीना गुप्ता, ललिता कुमारी, राजबाला आदि उपस्थित रहीं।

### 3 से 6 साल के बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास

# एनएचएम कर्मियों का दो माह का वेतन अटका

**रामपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएनम के कर्मचारियों को मार्च, अप्रैल का वेतन नहीं मिला है। जिससे वे काफी परेशान है। जनपद में स्वास्थ्य विभाग में 700 से अधिक कर्मचारी और अधिकारी एनएचएम के तहत कार्यरत है। बजट में कमी के चलते जनपद में वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। एनएचएम कर्मचारियों का कहना है अप्रैल में बच्चों का एडमिशन, किताबों और यूनिफार्म का खर्च होता है। इसके अलावा घरेलू कार्यों को पूरा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि मार्च का वेतन भी नहीं मिला है। स्कूल से फीस जमा करने के लिए फोन आ रहे हैं। सीएमओ डॉ.दीपा सिंह ने बताया कि बजट के लिए शासन से पत्राचार किया गया है जल्द ही बजट मिलने की उम्मीद है।

# घेर आजम खां में गिरा बिजली का पोल, बड़ा हादसा टला

## पोल गिरने से मोहल्ले की आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप, उपभोक्ता दिनभर रहे परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बिजली निगम के अधिकारियों की अनदेखी के चलते शहर के अधिकतर क्षेत्रों में जर्जर बिजली पोल लगे हुए हैं। जोकि लोगों के खतरनाक साबित हो रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार इनको हटाने के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर रहे हैं। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

गुरुवार की रात तेज आंधी के कारण शहर के मोहल्ला घेर आजम खां में बिजली का पोल गिर गया। पोल की मौजूदा समय में स्थिति यह है कि नीचे से पूरा गला और जंग खाया हुआ है। इसके गिरने से पूरे मोहल्लों की आपूर्ति ठप हो गई। बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं का बुरा हाल है। पूर्व सभासद जावेद अली खां ने बताया कि इस पोल की गिरने की सूचना पहाड़ी गेट बिजलीघर के जेई, एसडीओ को दी गई। लेकिन अभी तक जर्जर पोल सही नहीं किया गया है। ऐसे में विभागीय जिम्मेदार सही कराए जाने का सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस पोल को सही कराए जाने के लिए पूर्व में भी कई बार अवगत कराया जा चुका है। लेकिन इसको सही नहीं कराया गया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि आंधी आने के कारण पोल गिर गया। यहां पर लोगों की आवाजाही भी रहती है। एक बड़ा हादसा होने से टल गया।


मोहल्ला घेर आजम खां में गिरा हुआ बिजली का पोल।

### पुराना गंज में गिर चुके हैं कई पोल

सप्ताह भर पहले तेज आंधी आने के कारण शहर के मोहल्ला पुराना गंज में बिजली का पोल गिर गया था। इसके गिरने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। पोल गिरने का वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो कुंभकरण की नींद सो रहे जिम्मेदार जागे। तो आनन फानन में कर्मचारियों को भेजकर जर्जर पोल को हटवाकर नया लगवाया।

घेर आजम खां में जर्जर पोल की सूचना मिली है मौके पर कर्मचारियों को भेजकर सही कराया जा रहा है।
**-एमवी सिंह, एसडीओ, तकनीकी।**

## शाहबाद में खाद्य विभाग ने भरे 10 नमूने

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने सील किए। इस कार्रवाई से मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया।अभियान के तहत मोहल्ला फर्राशान स्थित सलीम बेकरी से रस्क का विधिक नमूना लिया गया। इसके बाद टीम ने ग्राम नरेन्द्रपुर (धारमपुर) में हरिओम गुप्ता किराना स्टोर पर छापा मारा। वहाँ से वचन ब्रांड डबल टोन मिल्क और श्री हरि गुलाब जामुन मिक्स के विधिक नमूने भरे गए। साथ ही नमस्ते इंडिया घी का एक सर्विलांस नमूना भी लिया गया। टीम ने कुल 9 विधिक और 1 सर्विलांस नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। अधिकारियों के अनुसार रिपोर्ट आने पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचंद्र यादव, मनोज, अशोक, देवकांत, शहाबुद्दीन और अजरा मौजूद रहे।

# मसवासी नगर पंचायत की बैठक बेनतीजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** नगर पंचायत मसवासी में विकास कार्यों को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को आयोजित नगर पंचायत बोर्ड बैठक एक बार फिर कोरम के अभाव में स्थगित करनी पड़ी। बैठक का बहिष्कार करते हुए सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर मनमानी, हठधर्मी और विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाया है। नाराज सभासदों ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।

सभासदों का आरोप है कि पिछले करीब तीन वर्षों से नगर पंचायत में विकास कार्य प्रभावित हैं और अधिकांश वार्डों में मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उनका कहना है कि नगर पंचायत अध्यक्ष सभासदों की बातों को नजरअंदाज कर अपनी मनमर्जी से कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते बोर्ड की बैठकों में लगातार गतिरोध बना हुआ है। सभासदों ने बताया कि इससे पहले भी 6 मई 2025 और 17 मई 2025 को आयोजित बैठकों का बहिष्कार किया गया था। उन बैठकों में भी कोरम पूरा नहीं हो सका था। इसके बावजूद समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। गुरुवार को आयोजित बैठक में भी अधिकांश सभासद शामिल नहीं हुए। जिसके कारण बैठक निरस्त करनी पड़ी। सभासदों का कहना है कि नगर पंचायत अध्यक्ष किसी भी वार्ड में विकास कार्य कराने को गंभीर नहीं हैं, जिससे नगर का विकास पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा कराए गए कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि मंडलायुक्त मुरादाबाद और जिलाधिकारी को भी भेजी गई है। शिकायती पत्र पर सभासद अनिल कुमार, जितेंद्र चंद्रा, साहिबे नूर, इरशाद अंसारी, भगवती प्रसाद, कुलदीप सिंह और उवेश सहित कई सभासदों के हस्ताक्षर है।


नगर पंचायत मसवासी में बोर्ड की बैठक का बहिष्कार करते सभासद।

# ऑनलाइन योग से जुड़ने का किया आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** आयुष मंत्रालय द्वारा योग 365 दिन थीम के अंतर्गत फ्री आनलाइन योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार एवं अर्चना गुप्ता द्वारा राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को योग के प्रति जागरूक किया गया।

योग प्रशिक्षक राजीव कुमार ने कहा कि सभी छात्राएं अपने अभिभावकों को लिंक के माध्यम से योग अभ्यास कराएं। जिससे उनका स्वास्थ्य रोग ग्रस्त न रहे, आयुष मंत्रालय 12वां अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहा है। जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. मनोज आर्य के निर्देशन में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही विभाग द्वारा जारी लिंक और टोल फ्री नंबर 18003157008 से ज्यादा से ज्यादा जुड़ने का आह्वान किया गया। इस दौरान कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में खड़े प्रशिक्षक, छात्राएं।

### टोल फ्री नंबर व लिंक से जुड़ने को किया जागरूक

## खराब प्याऊ को सही करने को बजट का टोटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल प्रशासन के पास खराब प्याऊ ठीक कराने के लिए बजट नहीं है। अस्पताल के जिम्मेदार खुद मान रहे हैं कि परिसर के अन्य प्याऊ भी इस्तेमाल में नहीं हैं।ऑक्सीजन प्लांट के सामने स्थित इस प्याऊ का निर्माण वर्ष 2007 में बसपा सरकार के दौरान आठ लाख रुपये की लागत से हुआ था। यहां 5000 लीटर का वाटर टैंक और मोटर लगी है, जो मौसम के अनुसार ठंडा-गर्म पानी देती थी। वर्तमान में इसकी टोटियां गायब हैं और यह पूरी तरह बंद है। नतीजतन, अस्पताल आने वाले मरीजों को मोल का पानी पीना पड़ रहा है। सीएमएस डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि बजट न होने के कारण प्याऊ की मरम्मत नहीं हो पा रही है।

# वीर एकलव्य जैसा शिष्य दूसरा नहीं: कमल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** तुरैहा मछुआ समाज की बैठक सराय गेट स्थित माता संतोषी मन्दिर बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि पर वीर एकलव्य जयंती मनाई। इस अवसर पर तुरैहा मछुआ समाज के जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहां कि वीर एकलव्य का अंगूठा दान में नहीं बल्कि जबरदस्ती गुरू द्रोणाचार्य ने काटा था, अब किसी भी एकलव्य जैसे शिष्य का अंगूठा नही कटवाया जायेगा।

बल्कि उसको इस लायक बनाया जाएगा।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार से वीर एकलव्य पुरस्कार जारी करने की मांग की जायेगी। उन्होंने कहा की आज हमारा समाज शिक्षा व रोजगार में काफी पीछे चल रहा है इसका मुख्य कारण समाज को आज की राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया। जिसको समाज ने धरातल से मंत्री पद तक पहुंचाया उन्होने ही आज समाज की कोई सुध नही ली केवल अपना हितार्थ व स्वार्थ देखा। जिसके कारण आज समाज की दुर्दशा बहुत खराब है। समाज में शिक्षा का अभाव है। इस कारण समाज एकता के सूत्र में नही बंध पाया। उन्होने कहां की आज से 21 मई तक स्व-जनगणना होगी इसलिए समाज का प्रत्येक परिवार राष्ट्रीय स्व-जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जनगणना करते हुए जाति वाले कालम में तुरैहा अनुसूचित जाति ही अंकित करें। समाज के युवा व संगठन के जिलामंत्री रामसिंह एडवोकेट ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां की अगर समाज का युवा वर्ग एक होकर रहे तो कभी भी कोई राजनीतिक पार्टी उनका शोषण नहीं कर सकती इसलिए। जब तक एक रहेगे तब तक समाज मजबूत रहेगा। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट सभासद ने समाज में शिक्षा और एकता की आवश्यकता पर जोर दिया।संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। समाज को संगठित रहने का आह्वान भी किया। उन्होंने समाज के लोगों से बच्चों को शिक्षित करने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताया। आज के कार्यक्रम में संगठन के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा व संगठन के पदाधिकारियों ने वीर एकलव्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई। इस मौके पर राम सिंह तुरैहा , विनोद कुमार सभासद, अजय कुमार प्रधान, राजकुमार, अर्जुन कुमार, रमेश तुरैहा, मोहनलाल, डॉक्टर भूदेव सिंह, राधेश्याम, अरविन्द कुमार, कमल कुमार मुन्ना आदि मौजूद रहे।


बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## सब्जी लेकर लौट रही महिला पर सांड का हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** मोहल्ला मंगोली निवासी अरविंद की पत्नी कमलेश बुधवार देर शाम बाजार से सब्जी खरीदकर घर लौट रही थीं। पेट्रोल पंप के सामने अचानक एक आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।सूचना पर पहुंचे परिजन घायल महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन बेहतर इलाज के लिए उन्हें मुरादाबाद ले गए। महिला की टांग में फ्रैक्चर है। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

# महिला चिकित्सालय में मॉक ड्रिल


जिला महिला चिकित्सालय में स्टॉफ को प्रशिक्षण देते दमकल कर्मी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला महिला चिकित्सालय में फायर सेफ्टी सप्ताह के अंतर्गत फायर सेफ्टी माक ड्रिल का आयोजन फायर सेफ्टी विभाग की टीम द्वारा किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज चौधरी ने बताया कि गर्मी के कारण इलेक्ट्रिक लोड बढ़ जाने के कारण आग लगने के चांस बढ़ जाते है। इसी क्रम में चिकित्सा कर्मियों को प्रशिक्षण दिलाया गया। ताकि आग लगने पर उससे तुरंत निपटा जा सके।

चिकित्सालय के फायर सेफ्टी नोडल ऑफिसर डॉ. पराग अग्रवाल ने बताया कि केन्द्र एवं राज्य स्तर से फायर सेफ्टी सप्ताह मानाने के आदेश समस्त जनपद को प्राप्त हुए है। इसी क्रम में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। चिकित्सालय प्रबंधक मौहम्मद याकूब ने बताया कि इस प्रकार के मॉक ड्रिल प्रत्येक वर्ष कर्मचारियों को फायर फाइटिंग उपकारणों के प्रयोग के लिए कराये जाते है। इस अवसर पर चिकित्सालय के सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शाहबाद में सड़क हादसे में दो घायल, रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शाहबाद-बिलारी स्टेट हाईवे पर बुधवार देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सैफनी थाना क्षेत्र के ग्राम चौकोनी निवासी मोहित और राजू पाल किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर वे दुर्घटना का शिकार हो गए।राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शाहबाद पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने दोनों को प्राथमिक उपचार दिया। घायल मोहित की हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# दिनभर बूंदा-बांदी से गर्मी से मिली राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुरूवार की रात करीब 12:30 बजे तेज आंधी और बादलों की गड़गडाहट के बीच बारिश शुरू हो गई। बारिश होने से गर्मी लोगों को राहत मिली। सुबह से ही रूक- रूक कर हल्की बूंदाबांदी पूरे शहर में जारी रही।

आसमान में घने काले बादल छाए रहे ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। रात आई आंधी से कई जगह बिजली के खंभे, तारा टूटने से बिजली दोपहर, तो कहीं शाम तक बाधित रही। बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पिछले एक सप्ताह से मौसम करवट बदल रहा। जिसके चलते किसानों की चिंता बढ़ गई। दो दिन पहले रात में आई आंधी बारिश के कारण बिलासपुर के चिड़ियाखेड़ा के राकेश कुमार की छत में दरारें पड़ गई थी। जिसको जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा के तौर पर दैवीय आपदा में उसको मुहैया करा दिए है। रात में आई आंधी के साथ बारिश से सबसे ज्यादा तहसील शाहबाद और तहसील सदर में बारिश दर्ज की गई।


बारिश होने के कारण जलभराव से होकर गुजरते लोग। -जागरण मोर्चा

### सबसे ज्यादा शाहबाद में, कम हुई सदर में बारिश

**सफाई** 60 लाख रुपये से कराई जा रही शहर के नालों की सफाई

# पालिका प्रशासन ने कराई हाथीखाना नालों की सफाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद ने शहर के नालों की सफाई कार्य शुरू करा दिया है। गुरुवार को हाथीखाना स्थित नालों की सफाई कराई जा रही है। इस कार्य को कराए जाने के लिए पालिका प्रशासन 60 लाख रुपये खर्च कर रहा है।

बरसात से पहले शहर में बने नालों की सफाई कराए जाने के लिए पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिससे कि जलभराव और गदंगी की समस्या को खत्म किया जा सके। साथ ही मच्छरों के प्रजन्न को रोकने के लिए दवाइयों का छिड़काव भी कराया जाएगा। जिन क्षेत्रों में जल निकासी की समस्या से अधिक है वहां विशेष ध्यान दिया जाएगा। शहर के शाहबाद गेट, माला सिनेमा रोड, बाबा दीप सिंह नगर, बरेली गेट, चीनी मिल गोविंद कॉलोनी, माल गोदाम, स्वार-रामपुर रोड, ज्वालानगर, शाहबाद रोड, जेल रोड, मछली बाजार समेत अन्य स्थानों पर नाले है। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शहर के छोटे-बड़े नालों की सफाई कराई जा रही है। सफाई में 200 कर्मचारी कार्य कर रहे है जोकि 25-20 की संख्या में बंटकर टीम के रूप में सफाई के कार्य को अंजाम दे रहे हैं।



नाले की सफाई करती जेसीबी। -जागरण मोर्चा

# एचपीपी टीकाकरण की अफवाहों पर न दें ध्यान

### ग्रीनवुड स्कूल, खुर्शीद इंटर कालेज में हुई कार्यशाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** महिलाओं, किशोरियों में होने वाले सवाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री और कन्या इंटर कालेज में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. केके चहल ने कहा कि टीकाकाण के दुष्प्रचार के लिए सोशल मीडिया पर गलत वीडियो डालकर भ्रम पैदा किया जा रहा है इसलिए अपील है कि उन पर ध्यान न दें।

इस वैक्सीन को भारत में वर्ष 2009 से निजी चिकित्सालय द्वारा प्रयोग में लाया जा रहा है। कहा कि एचपीवी एक महंगी वैक्सीन है बाजार में इसकी कीमत चार हजार रुपये है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूलों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। तकनीकी प्रबंधक फैजान अली ने कहा कि अब तक 160 देशों में 50 करोड़ लोगों को वैक्सीन लग चुकी है प्रदेश के सभी जनपदों में मार्च से ही यह अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। कहा कि अभिभावक खुद अपनी किशोरी का रजिस्ट्रेशन युविन पोर्टल पर कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ.ताहिर हाशमी, डॉ. नितेश कुमार, आईसीडीएस, सीडीपीओ के कर्मचारी मौजूद रहे।


खुर्शीद कन्या इंटर कालेज में आयोजित कार्यशाला में मौजूद जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व अन्य। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### आजम खां की जमानत पर सरकारी अधिवक्ता की बहस पूरी

**रामपुर।** स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए सेशन में गुरुवार को सपा नेता आजम खां से जुड़े दो मामलों में सुनवाई हुई। शत्रु संपत्ति मामले में पुलिस द्वारा बढ़ाई गई नई धाराओं को लेकर सरकारी अधिवक्ता की जमानत पर बहस पूरी हो गई है। मजिस्ट्रेट कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद आजम खां के वकील ने सेशन कोर्ट में अर्जी लगाई थी। अब इस मामले में बचाव पक्ष की बहस के लिए 11 मई की तिथि तय की गई है।दूसरी ओर, गवाह को धमकाने के मामले में आरोपी राजा खां, आमिर खां, उजैर खां, शानी खां और कामरान खां कोर्ट में उपस्थित रहे। हालांकि, मुख्य गवाह के अदालत में न पहुंचने के कारण कोर्ट ने सुनवाई को 14 मई तक के लिए टाल दिया। यह मुकदमा कोतवाली क्षेत्र के बेरियान निवासी नन्हें ने आजम खां और अन्य के खिलाफ दर्ज कराया था।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिला जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

## विकास भवन में आयोजित महिला जनसुनवाई में 8 शिकायतें हुईं प्राप्त, अधिकारी रहे मौजूद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** महिलाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता सैनी ने महिलाओं से संबंधित शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए।




विकास भवन के सभागार में शिकायतें सुनतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य। -जागरण मोर्चा

महिला जनसुनवाई के दौरान कुल 8 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें घरेलू विवाद, पारिवारिक उत्पीड़न तथा अन्य महिला संबंधित समस्याओं से जुड़े प्रकरण शामिल रहे। राज्य महिला आयोग की सदस्या ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं की शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और तत्परता बरती जाए, ताकि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके और उन्हें अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि राज्य महिला आयोग का उद्देश्य महिलाओं को न्याय दिलाना, उनके अधिकारों की रक्षा करना तथा महिला उत्पीड़न की घटनाओं को रोकना है। इस प्रकार की जनसुनवाई के माध्यम से महिलाओं को अपनी समस्याएं सीधे आयोग के समक्ष रखने का अवसर मिलता है, जिससे उनके प्रकरणों का शीघ्र समाधान संभव हो पाता है। सदस्य ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। जिन मामलों में विभागीय स्तर पर कार्रवाई अपेक्षित है, उनमें नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए पीड़ित महिलाओं को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला हेल्पलाइन, मिशन शक्ति अभियान एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाए। जनसुनवाई के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं महिला थाना प्रभारी उपस्थित रहीं।

# आईजीआरएस पर शिकायत अल्ट्रासाउंड सेंटर किया सील

## डॉक्टर गैरहाजिर मिले, थमाया नोटिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले के मसवासी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया। विभाग को आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिनमें सेंटर पर अनियमित संचालन और नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई थी।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नोडल अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि जिस डॉक्टर के नाम पर अल्ट्रासाउंड सेंटर पंजीकृत था, वह मौके पर मौजूद नहीं थे। इसके अलावा सेंटर पर आवश्यक दस्तावेजों और मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा था। टीम ने निरीक्षण के दौरान कई खामियां उजागर कीं, जिनमें उपकरणों के संचालन से जुड़े नियमों की अनदेखी और रिकॉर्ड में गड़बड़ियां शामिल रहीं। स्वास्थ्य विभाग ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए तत्काल प्रभाव से सेंटर को सील कर दिया। नोएडा अधिकारी ने बताया कि शिकायतों के बाद जांच में अनियमित पाए जाने पर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया गया है इसके अलावा अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक और डॉक्टर के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। तीन दिन के भीतर नोटिस के जवाब न देने पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नोडल अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया कि आईजीआरएस पर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जांच में डॉक्टर मौके पर नहीं मिले और कई अनियमितताएं सामने आईं। नियमों का उल्लंघन होने पर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया गया है।

# किसानों की समस्याएं उठाएंगे: नसीम जहां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा में बड़ा संगठनात्मक बदलाव करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने नसीम जहां को जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नियुक्त किया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मो. आलिम और युवा जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद सैफी ओर प्रदेश सचिव डॉ. निजात सहित सभी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया।



नसीम जहां, जिलाध्यक्ष।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने कहा कि रामपुर के किसानों के हक और उनकी समस्याओं को लेकर संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों की हर समस्या को जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री स्तर तक मजबूती से उठाया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश सचिव डॉ. निजात ने विशेष रूप से स्वाती मेंथॉल फैक्ट्री का मुद्दा उठाते हुए कहा कि फैक्ट्री से निकलने वाले केमिकलयुक्त पानी के कारण शहजादनगर, रोशन बाग, अहमदनगर जागीर और पाबंदियां क्षेत्रों के लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा पूर्व में की गई शिकायत पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुरादाबाद ने फैक्ट्री को दोषी भी पाया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि तत्काल कार्यवाही करें। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा की एक महा पंचायत होगी। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रदेश, जिले के बड़े अधिकारी भाग लेंगे। प्रोग्राम का नाम एक शाम किसानों के नाम प्रायोजित होगा। जिसमें जिले के साथ साथ प्रदेश के भी किसान शामिल होंगे जिला अध्यक्ष मोहम्मद आलिम ने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधक इस ओर ध्यान दे बर्ना बड़ा आंदोलन होगा। जिला अध्यक्ष ने प्रदूषण बोर्ड मुरादाबाद से अनुरोध किया कि कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन को तेयार रहे। चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा, जिसकी रणनीति 21 तारीख के बाद तय की जाएगी। इस अवसर पर मो. निजात, मो. आलिम, मुबीन, जावेद मियां, शहीद बाबर, अहमद, नासिर, प्यारे खान, शराफत अली आदि मौजूद रहे।

# 9 को मुख्तार अब्बास नकवी आएंगे रामपुर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी दो दिवसीय प्रवास पर शनिवार, 9 मई को रामपुर पहुंचेंगे। वे दोपहर तीन बजे उत्सव पैलेस में चल रहे भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के समापन सत्र में भाग लेंगे। इस सत्र में जिले के सभी जनप्रतिनिधि, हारे व जीते सांसद-विधायक, निकाय अध्यक्ष और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। अगले दिन, 10 मई की सुबह नकवी शंकरपुर स्थित अपने आवास पर कार्यकर्ताओं और आम जनता से मुलाकात करेंगे।

# देसी पेय और फलों से करें गर्मी से अपना बचाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के ग्रुप सेंटर में स्थित परिवार कल्याण केन्द्र परिसर में सीआरपीएफ पत्नी कल्याण संघ के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन पोषण और कौशल-अप कार्यशाला का आयोजन किया गया।



सीआरपीएफ में ग्रीष्मकालीन पोषण और कौशल-अप कार्यशाला के दौरन ग्रीष्मकालीन भोजन का प्रदर्शन करती महिलाए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कावा की अध्यक्ष रेखा सिंह ने कौशल विकास पर जोर देते हुए कहा कि छुट्टियों का समय केवल आराम के लिए नहीं, बल्कि नई ऊर्जा के साथ कौशल निखारने का अवसर है। उन्होंने बल के परिवारों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं को अपनी रचनात्मकता को पहचानने और उसे मंच प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। गर्मी में सेहत की सुरक्षा,कार्यशाला के मुख्य वक्ता और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने ग्रीष्मकालीन आहार का महत्व बताते हुए कहा कि कि इस मौसम में हमारा खान-पान शरीर को ठंडा रखने के लिए होना चाहिए। तरल पदार्थों जैसे छाछ, नींबू पानी, बेल का शरबत और मौसमी फलों (तरबूज, खीरा) का अधिक से अधिक सेवन करें। गरिष्ठ और तैलीय भोजन के सेवन से बचाव रखें। चाय कॉफी का सेवन बन्द कर दें। उन्होंने जीवनशैली में बदलाव की सलाह देते हुए कहा कि सुबह-शाम योग और हल्के व्यायाम को प्राथमिकता दें और दोपहर की कड़ी धूप से बचें। सूती कपडें पहनें। इस कार्यशाला में ग्रीष्म पोषण और आहार का लाईव डेमो भी किया गया। जिसका उद्देश्य उनके कौशल को बढ़ाना और उन्हें तकनीकी व कलात्मक रूप से समृद्ध बनाना था। कार्यक्रम में प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखा गया।इस दौरान एकता राजपूत, स्मृति सिंह, पुलकित यादव,नीतू कुशवाहा, पूनम यादव एवं कावा सचिव सहायाक कमांडेंट रणधीर सिंह मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का हुआ शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** भारत विकास परिषद (भाविप) द्वारा महिला एवं बाल विकास प्रकल्प के अंतर्गत नगर के मोहल्ला साहूकारा स्थित डीएवी कन्या इंटर कालेज में पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के पहले दिन छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और वैदिक परंपराओं के महत्व से रूबरू कराया गया।

शिविर का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि महिला सहभागिता कविता खुराना, प्रान्तीय सहभागिता निवेदिता मित्तल एवं डा. रेनम लूथरा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर के प्रथम दिन जागरूकता कैंप में महिला चिकित्सक ने छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता की बारीकियों से अवगत कराया। किशोरावस्था में होने वाली समस्याओं के कारणों और बचाव के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम संयोजिका आशना अग्रवाल ने छात्राओं को होममेड प्रोडक्ट्स बनाने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने केमिकल युक्त ब्यूटी प्रोडक्ट्स के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करते हुए घर पर उपलब्ध प्राकृतिक चीजों से त्वचा को चमकदार बनाने के नुस्खे साझा किए। करुणा अग्रवाल ने दैनिक जीवन में वैदिक मंत्रों की उपयोगिता समझाई। उन्होंने बताया कि इन मंत्रों के नित्य उच्चारण से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और बुद्धि का विकास होता है। छात्राओं को अभ्यास हेतु मंत्रों के प्रिंटेड पेपर भी वितरित किए गए।इस मौकें पर कंचन अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, इति अग्रवाल, लवी अग्रवाल, भारती अग्रवाल, प्रेक्षा अग्रवाल, सपन अग्रवाल, सुनील कुमार जैन, नितिन गर्ग, अमित अग्रवाल, दीपक गुप्ता सहित विद्यालय का स्टाफ और छात्राएं आदि मौजूद रहे।

# गुदड़ी मेले के ठेके में लाखों की बकाया राशि का मामला गर्माया

## सभासदों ने मुख्यमंत्री से लगाई कार्रवाई की गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** नगर पंचायत मसवासी में आयोजित वर्ष 2025-26 के आदर्श गुदड़ी मेले के ठेके को लेकर अब बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। नगर पंचायत के सभासदों ने मेले के ठेकेदार पर लाखों रुपये की बकाया धनराशि जमा न करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से जांच और कार्रवाई की मांग की है।

सभासदों द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि आदर्श गुदड़ी मेले का ठेका 8 लाख 15 हजार रुपये में काशीपुर निवासी सरिता गुप्ता पत्नी रामप्रकाश को दिया गया था। आरोप है कि ठेके की कुल धनराशि में से केवल 4 लाख 50 हजार रुपये ही नगर पंचायत में जमा कराए गए, जबकि 3 लाख 65 हजार रुपये की शेष रकम सात माह बीत जाने के बावजूद अब तक जमा नहीं की गई है। सभासदों का कहना है कि इस मामले की जानकारी अधिशासी अधिकारी को भी कई बार पत्रों के माध्यम से दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामले को लेकर नगर पंचायत में चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोगों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। इतना ही नहीं, शिकायत में नगर पंचायत में संविदा कर्मचारियों के नाम पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सभासदों ने दावा किया है कि रियाज अहमद और अंकुरा गुप्ता नाम के कर्मचारी मौके पर कार्यरत नहीं हैं, बावजूद इसके उनका वेतन लगातार निकाला जा रहा है। आरोपों ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सभासदों ने मुख्यमंत्री, मंडलायुक्त मुरादाबाद और जिलाधिकारी रामपुर को पत्र भेजकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने, बकाया धनराशि तत्काल जमा कराने और कथित फर्जी वेतन आहरण प्रकरण में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले ने अब राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में भी हलचल तेज कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हुई तो कई बड़े खुलासे सामने आ सकते हैं।

# बीएसए कर्मी से 13.91 लाख की रिकवरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग में वर्षों तक चली कथित नियमविरुद्ध पदोन्नति और वेतन भुगतान की परतें अब खुलने लगी हैं। विभाग ने एक कर्मचारी को 13.91 लाख रुपये की रिकवरी का नोटिस जारी कर दिया है। मामला सामने आने के बाद विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं कि आखिर सात साल तक अधिक वेतन भुगतान कैसे होता रहा और जिम्मेदार अधिकारियों ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की।

वित्त एवं लेखाधिकारी, विकास खंडेलवाल द्वारा जारी नोटिस के अनुसार चपरासी पद पर कार्यरत नेगपाल सिंह को पूर्व में नियमविरुद्ध तरीके से पदोन्नति का लाभ मिला था। बाद में विभागीय जांच और अभिलेखों के परीक्षण के बाद उनकी पदोन्नति निरस्त करते हुए उन्हें पुनः चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया गया।नोटिस में कहा कि 10 अक्टूबर 2018 से अगस्त 2025 तक कर्मचारी ने अधिक वेतन का लाभ लिया। इस दौरान वेतन अंतर के रूप में कुल 13,91,182 रुपये का भुगतान हुआ, जिसे अब विभाग ने अनियमित भुगतान मानते हुए वापस जमा कराने के आदेश दिए हैं। विभाग ने कर्मचारी को 15 दिन के भीतर पूरी धनराशि सरकारी राजकोष में जमा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि समय सीमा में रकम जमा न होने पर वसूली भू-राजस्व की भांति की जाएगी।मामले ने विभागीय निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चर्चा है कि यदि समय रहते वेतन निर्धारण और पदोन्नति की जांच होती तो लाखों रुपये के सरकारी धन के भुगतान का मामला सामने ही नहीं आता।




प्रतियोगिता

## मुकाबला-ए-क़िराअत में मोहम्मद आदिल को मिल प्रथम स्थान

# मदरसा जामे उल उलूम फुरकानिया का नाम रोशन किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** इतकानुल कुरआन अकेडमी की ओर से एक भव्य मुकाबला-ए-किराअत का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पिछले वर्ष मई 2025 में आयोजित हुई थी, जबकि इसका पुरस्कार वितरण समारोह 3 मई को सम्पन्न हुआ। इस अकेडमी के संस्थापक एवं सरपरस्त मशहूर कारी, कारी मोहम्मद जीशान हैं। यह रूहानी और इल्मी मुकाबला खास तौर पर रामपुर शहर के स्कूलों और मदरसों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। किराअत की तीन प्रसिद्ध शाखाओं तरतील, तदवीर और तहदीर में से यह प्रतियोगिता केवल तदवीर शाखा में आयोजित हुई। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी बेहतरीन किराअत पेश की।



मदरसा जामे उल उलूम फुरकानिया में छात्र को इनाम देते।

प्रतियोगिता में विभिन्न मदरसों और शिक्षण संस्थानों के छात्रों के बीच अत्यंत खुशनुमा, धार्मिक और शैक्षिक वातावरण देखने को मिला। मदरसा वर्ग कैटेगरी में मदरसा जामे उल उलूम फुरकानिया मिस्टन गंज के होनहार छात्र मोहम्मद आदिल, जो हिफ्ज वर्ग के छात्र हैं। शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट सफलता पर उन्हें फर्स्ट प्राइज, मेडल तथा नकद पांच हजार रुपये से सम्मानित किया गया। मोहम्मद आदिल की मधुर आवाज़, उत्कृष्ट तजवीद और प्रभावशाली अंदाज़-ए-किराअत को उपस्थित लोगों एवं निर्णायक मंडल ने खूब सराहा। उनकी इस उपलब्धि पर मदरसा जामे उल उलूम फुरकानिया के शिक्षकों, छात्रों और जिम्मेदारों ने भी खुशी का इजहार किया। बृहस्पतिवार को छात्रों की साप्ताहिक अंजुमन-ए-कलामिया के अवसर पर मोहम्मद आदिल का विशेष उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर मदरसे के जिम्मेदारों ने अपने संबोधन में कहा कि कुरआन-ए-करीम की शिक्षा और छात्रों की दीन व नैतिक प्रशिक्षण संस्था का मूल उद्देश्य है, और मोहम्मद आदिल की यह सफलता उसी मेहनत, लगन और बेहतर प्रशिक्षण का परिणाम है। उन्होंने दुआ की अल्लाह तआला मोहम्मद आदिल को आगे भी तरक्की, सफलता और खिदमत-ए-कुरआन की तौफीक अता फरमाए।

# हादसे में घायल स्वालेहा उपचार के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भोट।** रामपुर-काठगोदाम नेशनल हाईवे पर बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मृतकों की संख्या तीन हो गई है। पिता और एक पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरी पुत्री स्वालेहा (22) ने भी गुरुवार दोपहर मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।मुंडिया निकट मनकरा निवासी हनीफ (55) अपनी बेटियों स्वालेहा और सानिया (17) के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। तभी नोएडा डिपो की बस ने उन्हें टक्कर मार दी। अस्पताल में हनीफ और सानिया को पहले ही मृत घोषित कर दिया गया था। गुरुवार को जब दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे, तभी स्वालेहा की मौत की खबर भी आ गई। एक ही परिवार में तीन मौतों से गांव में कोहराम मच गया। दोपहर बाद गमगीन माहौल में तीनों शवों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

## एक नजर

### संघ को जानो प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर विद्यार्थी विभाग द्वारा संघ को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को दो वर्षों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। जो नगर के दो केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज हनुमानगढ़ी व चन्दौसी पब्लिक स्कूल बहजोई रोड में संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह से प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता द्वारा समाज में राष्ट्रभावना की विचारधारा को जागृत करके ज्ञान प्रतिभाओं में राष्ट्रसेवा के कार्य को गति देना है। प्रतियोगिता वैकल्पिक उत्तर प्रणाली पर आधारित है तथा विद्यार्थियों की तार्किक शक्ति तथा प्रत्युत्पन्नमति के विकास को वृद्धि प्रदान करेगी। उक्त जानकारी धर्म जागरण के नगर संयोजक हरीश कठेरिया ने दी।

### जनगणना के प्रथम चरण की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**चन्दौसी।** विकासखंड बहजोई सभागार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों की समीक्षा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाख भट्ट ने स्व-गणना में अधिकतम जनभागेदारी सुनिश्चित करने को अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। कहा कि आजमन को स्व-गणना के प्रति जागरुक करने के लिए विशेष अभियान, जागरुकता शिविर एवं जनसंपर्क कार्यक्रम संचालित किए जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकें। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान, रोजगार सेवकों, ग्राम पंचयत अधिकारियों, समूह सखी, शिक्षा मित्र, पंचायत सहायक तथा अन्य फील्ड स्तर के कार्मिकों को सक्रिय रूप से अभियान में जोड़ा जाए। उनके माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्व-गणना प्रक्रिया से आंकड़ों की शुद्धता बढ़ेगी और कार्य में पारदर्शिता एवं गति आएगी।

# वैश्य समाज को अधिक संगठित और सशक्त बनाने की आवश्यकता

## महासभा का 10 मई को एटा में संपन्न होगा वैवाहिक परिचय सम्मेलन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय वैश्य महासभा की बैठक का आयोजन झुन्नीलाल धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि सचिव डा. संजीव कुमार वार्ष्णेय मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वैश्य समाज देश की आर्थिक एवं सामाजिक रीढ़ है, इसे और अधिक संगठित एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता है। संगठन की मजबूती ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। कहा कि समाज के युवाओं को आगे आकर जिम्मेदारी निभानी होगी। नई ऊर्जा और अनुभव के समन्वय से ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि आगामी 10 मई को उत्तर प्रदेश के एटा में वैवाहिक परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आगरा, अलीगढ़, बरेली व मुरादाबाद मंडल के वैश्य वर्ग के सभी 356 उपवर्गों के विशिष्ट जनों का आह्वान किया गया है। जिसमें अभी तक वैवाहिक योग 576 युवक व युवतियों का पंजीकरण हो चुका है। जिसका उद्देश्य वैश्य समाज को संगठित और एकजुट रहने का है। अंत में संगगठन के मौजूद सदस्यों ने समाज के विकास को एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हरिगोपाल वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, सतेंद्र मामा, प्रजीत लालू, मुकेश वार्ष्णेय, सचिन वार्ष्णेय, सागर गुप्ता, अनुज वार्ष्णेय, चमन वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


महासभा के कार्यक्रम में वैवाहिक परिचय सम्मेलन का कार्ड दिखाते पदाधिकारी।

# आपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली

## रैली में एसएम इंटर कालेज व एसएम कालेज के कैडेट्स ने किया प्रतिभाग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** आपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के अवसर पर 24 यूपी बटालियन एनसीसी मुरादाबाद की ओर से एसएम इंटर कालेज व एसएम कालेज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा फ्लैग होस्टिंग रैली का आयोजन किया गया। रैली का आरंभ एसएम इंटर कालेज से हुआ। बताया कि आपरेशन सिंदूर 6-7 मई 2005 की रात भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों के खिलाफ चलाया गया एक सफल, सटीक और तेज सर्जिकल स्ट्राइक था। आपरेशन सिंदूर का उद्देश्य पहलगाम हमले में 26 भारतीय पर्यटकों की मौत का बदला लेना और सीमा पार आतंकी बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था। आपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर एसएम इंटर कालेज में नायब सूबेदार थान सिंह थाना फ्लैग होस्टिंग किया गया। उसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकाल भारत माता की जय, हर हाथ हथियार है, हर भारतीय फौजी है आदि नारे लगाकर भारतीय सेना का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नायक सूबेदार थान सिंह, हवलदार अजीत सिंह, एसएम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, योगेश शर्मा, मनोज कुमार, आकाश शर्मा, कैप्टन चंद्रवीर, लेफ्टिनेंट अमरजीत मौर्य आदि मौजूद रहे।


ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर रैली निकालतें एनसीसी कैडेट्स।

## एंटी रोमियों की टीम जनपद में महिलाओं व बालिकाओं को कर रही सुरक्षा को लेकर जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा व स्वालंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी व सहायक नोडल मिशन शक्ति अभियान दीपक कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रांतार्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। साथ ही मिशन शक्ति 5.0" (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियों टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों कालेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वुमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेंसी काल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।


महिला को जागरूक करतीं एण्टी रोमियो की टीम। -जागरण मोर्चा

# रविन्द्र नाथ टैगोर एवं भारत रत्न पांडुरंग बामन काणे की जयंती धूमधाम से मनाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र गान जन गण मन के रचयिता गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर एवं भारत रत्न पांडुरंग बामन काणे की जयंती नगर के कृष्णानगर स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम सभी ने दोनों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर दार्शनिक, विश्व प्रसिद्ध कवि, महान शिक्षाविद, उपन्यासकार, नाटक लेखक, चित्रकार, समाज सुधारक, थे। उनकी दो रचनाएं दो देशों का राष्ट्र गान बनी। जिसमें भारत का राष्ट्र गान जन गण मन। तथा बांग्लादेश का राष्ट्र गान आमार सोनार बांग्ला हैं। उन्होंने बचपन से ही कविताएं लिखने लगे मात्र आठ साल की आयु में पहली कविता लिखी। सोलह साल में लघुकथा लिखी। उन्होंने कई उपन्यास, यात्रावृत्तांत, नाटक और 2230 गीत भी लिखे। उन्होंने पेड़ो के नीचे शान्ति निकेतन विद्यालय खोला। उनको काव्य रचना गीतांजलि के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया जो एशिया एवं भारत को मिला पहला नोबेल पुरस्कार था। 7 अगस्त 1941 को कोलकाता में स्वर्गवास हो गया। कवि माधव मिश्र ने भारत रत्न पांडुरंग बामन काणे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने 1930 से 1962 तक भारत की प्राचीन और मध्य कालीन संस्कृति एवं समाज में प्रचलित मान्यताओं तथा नियमों पर 6500 पृष्ठों की पुस्तक धर्मशास्त्र का इतिहास लिखी जो विश्वकोश में उपलब्ध है। 1963 उनको भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जीवन दास शर्मा ने तथा संचालन राजवीर सिंह ने किया। इस दौरान राहुल गौड़, गेंदनलाल, अरविंद कुमार, सुरेश चंद्र शर्मा, पूरन लाल शर्मा, ऋचा प्रकाश सैनी, श्यामा शर्मा, काजल, लक्ष्मी, नीतू, रुचि, खुशी, अन्नू आदि शिक्षिकाओं ने विचार व्यक्त किए।


रविन्द्र नाथ टैगोर की जयंती मनाते समिति पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड करने पर व्यापारियों में हर्ष

## मिठाई बांटकर कर सरकार के निर्णय पर मनाई खुशी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई ने उत्तर प्रदेश सरकार के स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड व्यवस्था में बदलने के आदेश का जोरदार स्वागत किया है। व्यापारियों ने इसे आम उपभोक्ता और व्यापारी वर्ग की बड़ी जीत बताते हुए एक एक दूसरे को मिठाई खिला का खुशी जाहिर किया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड में बदलने के निर्णय पर कहा कि प्रीपेड व्यवस्था से व्यापारियों को हमेशा व्यापार बाधित होने का डर रहता था, क्योंकि बैलेंस खत्म होते ही बिना सूचना बिजली कट जाती थी। अब पोस्टपेड होने से काम-काज सुचारू रूप से चल सकेगा।

प्रीपेड मीटरों के कारण उपभोक्ताओं को बहुत अधिक बिल और तकनीकी खामियों का सामना करना पड़ रहा था, जिससे अब उन्हें छुटकारा मिलेगा। अब बिल चुकाने के लिए 15 दिनों का समय मिलेगा और बकाया राशि को 10 किस्तों में जमा करने की सुविधा दी गई है। इस दौरान दीपक वार्ष्णेय, निशांत शर्मा, रितिक वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, गुल हसन, अंशुल गौतम, धर्मेश राणा, तुषार क्रिस्टल आदि मौजूद रहे।


स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड करने पर मिठाई खिलाकर खुशी मनातें व्यापारी।

## न्यायालय में पाक्सो एक्ट में दोषी को सुनाया 10 वर्ष का कारावास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोषी को 10 वर्ष का कारावास व 18 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह थाना हयातनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी। जिसमें कहा कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री 22 जून 2020 की शाम 6 बजे घर से शौच करने के लिए जंगल में गई थी। उसकी पुत्री को गांव का युवक व दूसरे गांव उसका साथी बहला-फुसला व शादी करने का झांसा देकर भगा ले गए। उसने अपनी पुत्री की काफी तलाश की मगर कोई सुराग नहीं लगा। उसकी पुत्री को ले जाते समय उसके ही गांव के एक व्यक्ति ने देखा है। घटना की तहरीर पर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया। इसके बाद पुलिस ने मुकदमें की विवेचना शुरू कर दी। लकड़ी के विद्यालय से जानकारी की गई तो लड़की की आयु 16 वर्ष निकलकर आई। इसके बाद आरोपी के विरुद्ध पाक्सो एक्ट बढ़ाई गई। कुछ दिन बाद पुलिस ने लकड़ी बरामद कर ली, उस समय लकड़ी 3 माह का गर्भवती थी। इसके बाद लड़की के बयान हुए। पुलिस ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। उक्त मुकदमें की सुनवाई न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना। जिसमें युवक राजू दोषी पाया गया। न्यायालय ने दोषी राजू को 10 वर्ष का काराावस व 18 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# कानपुर में चमके सम्भल के ताइक्वांडो खिलाड़ी, प्रतियोगिता में जीते चार पदक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** 1 से 3 मई तक कानपुर के द स्पोर्ट्स हब स्टेडियम में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो कमेटी के तत्वावधान में आयोजित राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सम्भल जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 2000 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सम्भल जिले से नगर की तांइक्वांडो एकेडमी एवं सेंट थॉमस ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों और श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी की खिलाड़ी अनन्या तिवारी ने कैडेट ओवर 59 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जबकि पूर्वी राघव ने कैडेट अंडर 41 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं सेंट थॉमस ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ी मनन ने सीनियर अंडर 68 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया तथा आराध्या विश्वकर्मा ने कैडेट प्यूमसे कैटेगरी में कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता से लौटने पर एकेडमी में सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीडब्ल्यूसी सम्भल की सदस्य नूतन चौधरी ने खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने राज्य स्तर पर सम्भल जिले का गौरव बढ़ाया है। जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जिले के खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जो आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे।कार्यक्रम में महिला कोच रेखा एवं सीनियर खिलाड़ी पूरब प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

## नगर पालिका में किया गया स्व-गणना कार्यक्रम का आयोजन



स्व-गणना कार्यक्रम में मौजूद नगर पालिका की टीम। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद में स्व-गणना गुरुवार से आरंभ हो चुकी है। गुरुवार को जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के नृत्व में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम द्वारा समस्त स्टाफ की स्व-गणना कराई गई।

नगर पालिका की टीम द्वारा क्षेत्र में जाकर जन जागरुकता की जा रही है। ताकि लोग जागरुक हो सके। इसके उपरांत ईओ धर्मराज राम ने स्वयं सभासदो को स्व-गणना करने को प्रेरित किया और वार्डों में अधिक से अधिक जन जागरुकता के माध्यम से स्व-गणना करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर ऋषभ कुमार, प्रियंका सिंह, हिना गोयल, अभिषेक गुप्ता, आशीष कुमार, अंशुल गुप्ता, राजू कुमार, अर्पित कुमार, संजय यादव आदि मौजूद रहे।

वारदात | पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, फारेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

# मंदिर परिसर में मिला पुजारी का शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गुलडेहरा रोड पर शिव मंदिर परिसर में बुधवार की रात 10 बजे पुजारी का शव मिला। जिससे आसपास हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच गई और आसपास के लोगों से जानकारी की। मृतक के भाई ने पुजारी की हत्या करने का आरोप लगाया है।

मृतक पुजारी सूरजपाल 55 वर्ष पुत्र गंगाचरण निवासी थान बाबा की ज्यारत भगवती पुरम नई बस्ती मूल से रूप से जनपद बदायूं के थाना फैगजंग बेहटा के गांव खेड़ादास का निवासी था। मृतक के बड़े भाई सुभाष शर्मा अपने परिवार के साथ अलग रहते हैं। उनका आरोप है कि उनके छोटे भाई को किसी ने जहरीला पदार्थ देकर हत्या की है। मृतक पिछले दो वर्ष से चन्दौसी में रह रहा था। जिसने कुछ दिन सीता रोड स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर में रहकर पूजा-अर्चना की थी। सके बाद पिछले 7 से 8 माह से गुलडेहरा रोड पर स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने लगा था। वह सुबह को मंदिर जाता और शाम को वापस आ जाता था। वह पिछले 5 दिन से रात को मंदिर परिसर में बने कमरे में रुक रहा था।

आसपास के लोगों ने बताया कि कुछ दिन से मंदिर पर लोगों की आवाजाही बढ़ गई थी और रात को एक महिला भी आ रही थी। लेकिन बुधवार की रात 10 बजे पुजारी का शव मंदिर परिसर में मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। फारेंसिक टीम ने पहुंच घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना है।



## शार्ट सर्किट से लगी जनरेटर में आग

**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के सुभाष रोड पर बुधवार की रात शार्ट सर्किट होने से घर के बाहर रखे जनरेटर में आग लग गई। आग की लपटें निकलती देख आसपास के मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार मारकर आग पर काबू पा लिया। सुभाष रोड पर सार्थक मालिक पुत्र अतुल कुमार अग्रवाल अपने परिवार के साथ मकान में रहते हैं। बुधवार की रात 9 बजे घर के बाहर रखे जनरेटर में शार्ट सर्किट से आग लग गई और कुछ ही देर में ऊंची-ऊंची आग की लपटें निकलनी लगी। जानकारी होने पर सार्थक बाहर आए और अन्य लोगों की मदद से जनरेटर में लगी आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। मगर आग बुझने का नहीं ले रही थी। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर पानी की बौछार माकर आग पर काबू पा लिया।

## सुरक्षा के लिए महिलाओं को हेल्पलाइन नबंरों की दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति के तत्वावधान में मिलन बिहार कालोनी में बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्टार अध्यक्ष बबिता बिंदल द्वारा दीप प्रज्वलित ओर कल्याण मंत्र उच्चारण करके किया गया। बैठक में आगामी माह में होने वाले सेवा कार्यों की चर्चा की गई।

प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने बताया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं ओर बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वालंब के लिए जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे। उन्हीं योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना, पेड़ लगाओ, जल बचाओ, प्लास्टिक हटाओ, एक युद्ध नशे के विरुद्ध, पीएम सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना, श्री अन्न योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि योजनाओं के साथ साथ मिशन शक्ति के अंतर्गत आपातकालीन सेवा 112, विमेन पावर लाइन 1090 ओर एंबुलेंस सेवा नंबर 108 के विषय में मिलन बिहार कालोनी की महिलाओं ओर युवतियों को समिति के सदस्यों ने उक्त योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए उनसे प्रश्न उत्तर करके उनको जागरूक किया गया। इस दौरान सुधा शर्मा, बबिता बिंदल, दमयंती सिंह, जय श्री, विजयलक्ष्मी यादव, प्रीति, श्रेया, रिया वर्मा, प्रतिभा मौर्य, नंदिनी श्रीवास्तव, उपयोगिता, पाखी चौधरी, योगिता यादव, दक्ष आदि मौजूद रही।


महिलाओं व बच्चों को जागरूक करतीं साक्षी सेवा समिति के पदाधिकारी।

**एक नजर**

### एंबुलेंस की टक्कर से बाइक सवार छात्र घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर घर से बाइक लेकर स्कूल जा रहे दो छात्रों को एंबुलेंस ने मारी टक्कर दोनों छात्र बुरी तरह घायल एक की हालत गंभीर सीएचसी से हायर सेंटर रेफर। कोतवाली क्षेत्र के गांव हथिया खेड़ा निवासी सचिन पुत्र नन्हे जाटव वह देवेंद्र पुत्र टेकचंद सिंह एडवोकेट नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र हैं। गुरुवार की सुबह बाइक पर सवार होकर नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक तीसरे मील के निकट पहुंची तो पीछे से आ रही एक सरकारी एंबुलेंस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों छात्र बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां सचिन की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# टीएमयू में एक्सपर्ट्स बोले, हेल्थ एजुकेशन में वीआर तकनीक से क्रांतिकारी परिवर्तन

**टीएमयू के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मेंटल हेल्थ नर्सिंग, चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग और ओबीजी नर्सिंग की ओर से एडवांसिंग हेल्थकेयर ट्रेनिंग थ्रू वर्चुअल रियलटी पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** मेडीसिम वीआर, चेन्नई के हेड ऑफ अकेडमिक इंगेजमेंट डॉ. आदित्य जोसेफ परंपिल और क्लिनिकल एजुकेटर श्री रोबिन मेंजमिन ने कहा, वर्चुअल रियलटी- वीआर तकनीक स्वास्थ्य शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। यह न केवल स्टुडेंट्स की लर्निंग प्रोसेस को प्रभावी बनाती है, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार भी करती है।

वीआर एक जोखिम मुक्त अभ्यास विधि है। छात्र बिना किसी मरीज को नुकसान पहुँचाए आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, आपातकालीन स्थितियों सरीखी जटिल परिस्थितियों का अभ्यास सुगम तरीके से कर सकते हैं। यह बेहतर समझ, रिटेंशन, मेंटल हेल्थ नर्सिंग में बेहद कारगार है। वीआर से धन और समय की बचत के संग-संग स्टुडेंट्स की स्किल्स का विकास भी होता है। भविष्य में वीआर के जरिए टेली नर्सिंग, मेंटल नर्सिंग ट्रेनिंग के संग-संग आईसीयू, ओटी, एनआईसीयू, साइकेट्रिक नर्सिंग सरीखी स्पेशियलिटी की ट्रेनिंग भी सस्ती और सुरक्षित हो जाएगी। हैंड्स ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप की थीम एडवांसिंग हेल्थकेयर ट्रेनिंग थ्रू वर्चुअल रियलटी रही।

डॉ. आदित्य और श्री रोबिन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मेंटल हेल्थ नर्सिंग, चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग और ओबीजी नर्सिंग की ओर से आयोजित दो दिनी हैंड्स ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप में बतौर एक्सपर्ट बोल रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के संग वर्कशॉप का शंखनाद हुआ। वर्कशॉप में वक्ताओं ने स्टुडेंट्स और फैकल्टीज़ को वीआर के जरिए सीबीजी, इंजेक्शन, डाक्यूमेंटेशन कराया। साथ ही वीआर के जरिए स्टुडेंट्स ने मरीजों की देखभाल, आपातकालीन परिस्थितियों, सर्जिकल प्रक्रियाओं का प्रबंधन आदि में अनुभव भी प्राप्त किए। वर्कशॉप के प्रशिक्षण सत्रों में इंटरेक्टिव डेमो, लाइव सिम्युलेशन, केस आधारित लर्निंग एक्टिविटीज के जरिए स्टुडेंट्स को प्रशिक्षित किया गया।

हैंड्स ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप में नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, टीएमकॉन की प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम., टीपीकॉन की प्राचार्या प्रो. श्योली सेन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास, मेंटल हेल्थ नर्सिंग की एचओडी प्रो. सुमन वशिष्ठ, ओबीजी नर्सिंग की एचओडी प्रो. विजीमोल, चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग की एचओडी प्रो. सपना सिंह के संग-संग नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## गैस किल्लत से एजेंसियों पर उमड़ी उपभोक्ताओं की भीड़



जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में रसोई गैस की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि दिन निकलते ही गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। गुरुवार की सुबह भी नगर की गैस एजेंसियों पर भारी भीड़ देखने को मिली, जहाँ लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।एजेंसियों पर पहुंचे उपभोक्ताओं का कहना है कि वर्तमान में ई-केवाईसी और गैस बुकिंग की अनिवार्य प्रक्रिया के कारण समस्या और गंभीर हो गई है। उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें सुबह तड़के ही लाइन में लगना पड़ता है, इसके बावजूद शाम तक नंबर नहीं आता। बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।भीड़ के कारण कई केंद्रों पर धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी रही। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी संचालकों द्वारा पुख्ता इंतजाम न होने के कारण उन्हें बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि अतिरिक्त काउंटर खोलकर और प्रक्रिया को सरल बनाकर इस किल्लत से निजात दिलाई जाए।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**हसनपुर।** भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन ग्राम विकास अधिकारी को सौंपा। खंड विकास अधिकारी की अनुपस्थिति में दिए गए इस ज्ञापन में किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सहकारी समितियों द्वारा ऋण पर ब्याज दर 3% से बढ़ाकर 7% कर दी गई है, जबकि पड़ोसी जिलों में पुरानी दर ही लागू है। उन्होंने अतिरिक्त 4% ब्याज वापिस करने और भविष्य में 3% ब्याज ही वसूलने की मांग की। इसके अलावा, गंगेश्वरी ब्लॉक में 'हर घर जल योजना' के तहत बनी टंकियों को सफेद हाथी बताते हुए उन्हें तत्काल शुरू करने, लेखपालों द्वारा गलत अंश निर्धारण को कैंप लगाकर सुधारने और आवारा पशुओं को गौशाला भिजवाने की मांग की गई।

क्षेत्र में नियमित सफाई और कीटनाशक छिड़काव की भी अपील की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष डा शिवचरण सिंह सैनी, जिला प्रचार प्रमुख अखिलेश शर्मा ,जिला जैविक प्रमुख हरि प्रकाश राणा एडवोकेट, ब्लाक अध्यक्ष दिव्यांशु यादव, ब्लाक उपाध्यक्ष कुंवर पाल सिंह राणा, मुकेश कुमार शर्मा, नन्हे सिंह सैनी ,अमित कुमार, शिवकुमार, संजय सिंह, राधेश्याम राणा प्रधान आदि कार्य मौजूद रहे।

## रेलवे लाइन किनारे मिला युवती का शव

**जागरण मोर्चा कार्यालय, गजरौला :** रेलवे लाइन किनारे एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की कोशिश की लेकिन अभी तक पहचान नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार नगर के भानपुर रेलवे क्रॉसिंग से सटे कब्रिस्तान के पीछे की तरफ सुबह के समय कुछ लोग निकल कर जा रहे थे तो उन्हें झाड़ियां में एक युवती पड़ी हुई दिखाई दी। पास जाकर देखा तो वह मृतावस्था में थी। युवती का शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। वहीं पुलिस ने युवती के शव कसे कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए मोर्चरी भेजा गया है। शिनाख्त के प्रयास किया जा रहे हैं।

## किशोर के अपहरण का आरोप, कार्यवाही की मांग को लेकर कोतवाली गेट पर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला काला शहीद से 16 वर्षीय किशोर को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुरुवार को कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन वह मोहल्ले की महिलाओं ने कोतवाली गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया।

पीड़ित नितेश ने तहरीर देकर बताया कि उसका भाई चरन 16 अप्रैल से लापता है। आरोप है कि जनपद बुलंदशहर के सिकंदराबाद निवासी सतवीर जो नगर के पीड़ित के यहां किराए के मकान में रहता है।उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ जयपुर राजस्थान ले गया था। आरोप है कि 17 अप्रैल को स्वयं आरोपी ने फोन कर बताया कि उनका बेटा कहीं नहीं मिल रहा है और वह गायब है। सूचना पर दो दिन बाद पर परिजन भी जयपुर पहुंच गए काफी खोजबीन की लेकिन किशोर का कहीं पता नहीं लगा तो संबंधित थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी।

अब परिजन आरोपी सतवीर के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर नाम दर्ज मुकदमा कराना चाहते रहे हैं। जबकि कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी ने कहा है कि यहां से किशोर गायब हुआ है वहां संबंधित थाने में गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया जा रहा है। उसे बुलाकर पूछताछ की जाएगी। गुसाए परिजनों ने कोतवाली गेट का घेराव कर हंगामा किया।

प्रदर्शन करने वालों में सोनिया प्रजापति, रामवती, कमलेश, अनीता,पूनम , बीरो, रजनी, आशा, रेखा, रचना, अनीता, विद्या, वीरवती, शर्मा ,सुमन, आशा सहित दर्जनों महिलाएं शामिल रहीं।

## ताहरपुर उपकेंद्र की आज 5 घंटे गुल रहेगी बिजली

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक सूचना है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र ताहरपुर पर मरम्मत कार्य के चलते 8 मई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

विद्युत वितरण उपखंड प्रथम के उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार यादव ने बताया कि ताहरपुर उपकेंद्र की 33 केवी लाइन की वैक्यूम सर्किट ब्रेकर बदलने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाना है। इस तकनीकी सुधार के कारण सुबह 11 से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि कटौती के समय को देखते हुए पेयजल का भंडारण एवं अन्य आवश्यक कार्य समय से पूर्व ही निपटा लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्य पूर्ण होते ही आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

## मंदिर के पुजारी पर जानलेवा हमला, ग्रामीणों का कोतवाली पर जोरदार प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में स्थित शिव मंदिर के पुजारी पर गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पीड़ित पुजारी के साथ कोतवाली गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर में स्थित शिव मंदिर पर पुजारी गंगा गिरी काफी समय से मंदिर पर पूजा अर्चना करते हैं वह मंदिर की देखभाल भी वही करते हैं 20 अप्रैल की रात करीब 1:00 बजे जब वह मंदिर में सो रहे थे, आप है कि तभी गांव के चार लोग दीवार फांदकर मंदिर में घुस आए। आरोप है कि उक्त लोगों ने पुजारी के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों से मारपीट की और जान से मारने की नियत से उनका गला दबाया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे गांव निवासी नन्दराम और दीपक ने पुजारी को बचाया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।पीड़ित ने बताया कि आरोपी अब भी उसे खुलेआम धमकी दे रहे हैं। घटना की शिकायत के बावजूद उचित कार्यवाही न होने से नाराज ग्रामीण गुरुवार को कोतवाली पहुंचे और प्रदर्शन कर रोष जताया। थाना प्रभारी ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## दाउदपुर जागीर में बैंक जन-जागरण कार्यक्रम, किसानों ने सौंपा मांग पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा एक विशाल जन-जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रामेंद्र कुमार, चीफ ब्रांच मैनेजर सत्यपाल दिवाकर और क्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार ने गुरुवार को गांव दाउदपुर जागीर में ग्रामीणों के बीच पहुँचकर उनकी समस्याएं सुनीं।

कार्यक्रम का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय सेवक संघ के जिलाध्यक्ष दीपक गुर्जर के नेतृत्व में हुआ, जबकि संचालन प्रदेश प्रवक्ता निजाम प्रधान और अध्यक्षता 'गुरुजी' ने की।बैठक में किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र बैंक अधिकारियों को सौंपा। जिसमें क्रेडिट कार्ड की सीमा एक बीघा जमीन पर 50, हजार रुपये की जाए। क्रेडिट कार्ड की कुल सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये अनिवार्य की जाए। एक लाख के क्रेडिट कार्ड की अवधि 12 साल नहीं होनी चाहिए। पासबुक एंट्री तत्काल प्रभाव से बैंक में उपलब्ध कराई जाए। कार्ड की अवधि समाप्त होने से 15 दिन पूर्व किसानों को मैसेज या नोटिस के जरिए सूचित किया जाए। इस अवसर पर नितिन, चंद्रपाल सिंह, राजे सिंह, विजय, अमर, कैलाश सिंह, जीतराम और डूंगर सिंह सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण व किसान उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों ने किसानों की वाजिब मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## एसडीएम ने कर्मचारियों को मोबाइल से स्वजनगणना करने के दिए आवश्यक टिप्स

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** एसडीएम एवं तहसीलदार ने तहसील कर्मियों की बैठक कर मोबाइल से पारदर्शिता के साथ स्वयं जनगणना करने के आवश्यक टिप्स दिए।

तहसील सभागार में स्वगणना कार्य का शुभारंभ एसडीएम तहसीलदार ने तहसील के सभी कर्मियों के साथ किया। इस अवसर पर एसडीएम कांठ संत दास पवार ने कहा कि 7 मई से 21 मई तक स्वगणना अपने मोबाइल फोन से सभी कर्मचारी अधिकारी और जो भी जनता के लोग हैं वह स्वयं कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पोर्टल में जो भी जानकारियां मांगी जा रही हैं,सभी अपने मोबाइल ऐप से इसे भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबकी है जिम्मेदारी है। इसलिए


कर्मचारियों को निर्देश देते एसडीएम। -जागरण मोर्चा

अधिक से अधिक लोग अपनी स्वजनगणना करने के कार्य 21 मई से पहले कर लें। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य लगातार चलाया जाएगा जिसमें जो कर्मचारी जनगणना कार्य में लगाए गए हैं और सुपरवीजन के भी जो अधिकारी लगाए गए हैं। सभी पारदर्शिता के साथ अपना कार्य करें। उन्होंने कहा कि 21 मई तक सभी अधिकारी कर्मचारी और जो भी जागरूक जनता के लोग हैं। वह सुबह गणना का कार्य कर लें।

इस अवसर पर तहसीलदार राजकुमार सिंह ने भी सभी कर्मचारियों को अपने मोबाइल से अपने परिवार की पूरी जानकारी दर्ज कर स्व गणना करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक लेखपाल एवं तहसील के सभी कर्मचारी क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## पेड़ पर फांसी के फंदे पर मिला युवक का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला :** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सुल्तानठेर गांव निवासी 22 वर्षीय युवक बंटी 03 मई की रात को करीब 12 बजे गांव निवासी हरपाल सिंह की बेटी को प्रेमप्रसंग के चलते घर से लेकर चला गया था। जब युवती के परिजनों ने बंटी के परिजनों को यह बात बताई तो प्रेमी युगल की तलाश शुरू कर गई। परिजनों ने जंगल में युवक युवती को बरामद कर लिया और 04 मई की सुबह गांव के लोगों के सामने युवती को उसके परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद युवक अपनी रिश्तेदारी में ही था। बंटी के तहेरे भाई दानवीर ने बताया कि बीते दिन युवती के परिजनों ने युवक को बुलाने को दबाब बनाया, जिस पर उसने बीते दिन बंटी को घर बुला लिया। जिसके बाद गुरूवार की सुबह दस बजे युवक का शव गांव के बाहरी छोर पर स्थित एक खेत में शहतूत के पेड़ पर लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलने पर युवक के परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंचे और युवती पक्ष के लोगों पर युवक की हत्या का आरोप लगाया। बंटी के पिता प्रीतम सिंह और तहेरे भाई दानवीर ने युवती के पिता पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**बैठक** — ग्राम पंचायत विकास अधिकारी और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी करें अंतोदय राशन कार्ड का सत्यापन

## एसडीएम ने अंत्योदय राशन कार्डों का सत्यापन करने के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** एसडीएम ने ब्लॉक और नगर पंचायत स्तर के कर्मचारियों की बैठक कर अंत्योदय राशन कार्डों का सत्यापन 15 दिन के भीतर करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर के निर्देश पर एसडीएम ने टीम गठित कर कमिश्नर मुरादाबाद मंडल आंज्नेय कुमार सिंह ने 30 मार्च को मंडल के सभी अंत्योदय राशन कार्ड धारकों का सत्यापन करने के निर्देश जारी किए थे, जिसको गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया था। बृहस्पतिवार को एसडीएम कांठ संत दास पवार ने तहसील सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और नगर पंचायत के अधिकारियों की बैठक ली और अंतोदय राशन कार्ड धारकों का सत्यापन करने के निर्देश कर्मियों को दिए। सत्यापन टीम में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ग्राम पंचायत में अंतोदय राशन कार्ड का सत्यापन करें और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कर्मियों के साथ शहर के अंतोदय राशन कार्ड धारकों का सत्यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्य 15 दिन में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अंत्योदय राशन कार्डों का लाभ अपात्र लोगों द्वारा लिया जा रहा है तो उनके नाम काटे जाएं। एकमात्र सदस्य के नाम पर अंत्योदय कार्ड जारी हो। जो अंतोदय राशन कार्ड धारक मृतक हो चुके हैं सत्यापन में उनके राशन कार्ड निरस्त कर पात्र लोगों का चयन अंत्योदय राशन कार्ड के लिए किया जाए जिससे जरूरतमंद लोगों को अंत्योदय राशन कार्ड योजना का लाभ मिल सके। इस अवसर पर पूर्ति निरीक्षक कांठ हिरदेश कुमार, वरिष्ठ लिपिक अनुज कुमार, नगर पंचायत ऊमरी कलां के अधिशासी अधिकारी उनके प्रतिनिधि एवं ब्लॉक के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मौजूद रहे।


कर्मचारियों की बैठक लेते एसडीएम। -जागरण मोर्चा

## श्री झारखंड महादेव मंदिर में कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर आयोजित सातदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवे दिन भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित हुई।कथा वाचिका पूनम ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह एवं द्वारिका पुरी के वैभवशाली निर्माण का सजीव चित्रण किया। कथा वाचिका ने व्याख्या करते हुए कहा कि रुक्मणी विवाह मात्र एक लौकिक गठबंधन नहीं, अपितु अनन्य भक्ति एवं पूर्ण समर्पण का पावन संगम है।

उन्होंने बताया कि माता रुक्मणी की अटूट श्रद्धा और योगेश्वर कृष्ण की करुणा ही इस दिव्य प्रसंग का मूल आधार है। कथा के मध्य जब द्वारिकाधीश और माता रुक्मणी के विवाह का उत्सव प्रारंभ हुआ, तो संपूर्ण पाण्डाल मंगल गीतों और श्रीकृष्ण के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर नृत्य करने लगे।

इसके पश्चा त कथा में महारास, महादेव का गोपी रूप धारण करना, श्रीकृष्ण-बलराम का मथुरा आगमन, कुवलयापीड हाथी का उद्धार एवं कंस वध जैसे प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया गया। उद्धव-गोपी संवाद के माध्यम से ज्ञान और भक्ति के भेद को स्पष्ट किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।इस मौके पर संदीप अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, अंचल अग्रवाल, सुनीता आर्य ,कविता शर्मा, उमा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल ,पृथी सिंह, पंडित महेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## ममता का 'चुनावी लूट' नारा

चुनाव में करारी पराजय के बावजूद ममता बनर्जी ने नया प्रलाप शुरू किया है कि वह 'लोकभवन' जाकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगी। वह चुनाव में हारी नहीं हैं, तो इस्तीफा क्यों दें? वह चुनाव नहीं हारी हैं, बल्कि उनकी 100 सीटें जबरन लूट ली गई हैं। चुनाव आयोग 'मुख्य खलनायक' है और देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की निगरानी में यह 'चुनावी लूट' की गई है। ममता का बेहद गंभीर आरोप है कि मतगणना केंद्र में उनके पेट और उनकी पीठ पर लातें मारी गईं। उन्हें धकिया कर मतगणना केंद्र से बाहर निकाल दिया गया। ये आरोप हिंसात्मक भी हैं। जब ममता बनर्जी मतगणना केंद्र में गई थीं, तो वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री थीं और भवानीपुर सीट पर उम्मीदवार भी थीं। सवाल और आश्चर्य है कि एक सार्वजनिक स्थल पर कोई भी एक मुख्यमंत्री, महिला मुख्यमंत्री, पर हिंसात्मक हमला कैसे कर सकता है? सुरक्षाकर्मी कहां थे? ऐसे हमले की प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं कराई गई? क्या कोई साक्षी है उस हमले का? बहरहाल ममता बनर्जी ने 'चुनावी लूट' का नया नारा दिया है। इस मुद्दे पर अब वह सडक़ों पर संघर्ष करेंगी और फिर सत्ता में लौटेंगी। बेशक ममता योद्धा किस्म की नेता रही हैं। हार के बाद ममता बनर्जी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें अथवा न दें, लेकिन 7 मई के बाद वह खुद ही 'पूर्व मुख्यमंत्री' हो जाएंगी। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 7 मई तक ही है। चुनाव आयोग ने असम और बंगाल के नवनिर्वाचित विधायकों की अधिसूचनाएं संबद्ध राज्यपालों को भेज दी हैं। राज्यपाल 'प्रोटेम स्पीकर' की नियुक्ति करेंगे और वह सभी विधायकों को शपथ दिलाएंगे। जब नई विधानसभा गठित होगी और ममता विधायक भी नहीं होंगी, तो मुख्यमंत्री कैसे बनी रह सकती हैं? नए मुख्यमंत्री और कैबिनेट 9 मई को शपथ ग्रहण कर सकते हैं। दरअसल संविधान के अनुच्छेद 154 में स्पष्ट उल्लेख है कि राज्य की कार्यपालिका की तमाम शक्तियां राज्यपाल में निहित होती हैं। राज्यपाल खुद या अधीनस्थ अधिकारियों (मुख्यमंत्री, मंत्रीगण) के जरिए उन शक्तियों का इस्तेमाल करते हैं। राज्यपाल चाहें, तो वह मुख्यमंत्री को हटा भी सकते हैं, क्योंकि ऐसी नियुक्ति राज्यपाल के 'प्लेजर' (प्रसन्नता, संतोष) तक ही सीमित होती हैं। यह अलग मुद्दा है कि मुख्यमंत्री को सदन में 'सामान्य बहुमत' प्राप्त होना चाहिए। यदि बहुमत या विश्वास का परीक्षण किया जाना है, तो उसका अंतिम निर्णय 'सदन' में ही होगा, लेकिन कोई भी निवर्तमान मुख्यमंत्री, चुनाव के बाद, सत्ता-हस्तांतरण से एकदम पहले इस्तीफा देने से इंकार नहीं कर सकता। नैतिक-वैतिक जीत-हार कुछ नहीं होता। जिसके पक्ष में जनादेश के निर्णायक आंकड़े हैं, वही सत्तारूढ़ होगा। ममता को जनादेश 'लूट' लगता है, तो डाटा और दलीलों के साथ सर्वोच्च अदालत में जाएं। ममता ने 'चुनावी लूट' का जो प्रलाप शुरू कर राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने से इंकार का जो बयान दिया है, वह लोकतंत्र और संविधान के साथ भद्दा मजाक है। हमें याद नहीं कि देश में किसी भी मुख्यमंत्री ने, चुनाव हारने के बाद, इस्तीफा देने से इंकार किया हो! लोकतंत्र ने ममता बनर्जी के खिलाफ निर्णायक जनादेश दिया है, उसे विनम्रता से स्वीकार करना चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन और केरलम के मुख्यमंत्री विजयन ने चुनावी पराजय के बाद इस्तीफे दे दिए हैं। उन राज्यों में सत्ता-हस्तांतरण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। देश के किसी भी प्रधानमंत्री ने जनादेश के बाद पद छोडऩे में विलंब नहीं किया। यही भारत के लोकतंत्र की खूबसूरती और ताकत भी है। बहरहाल अब ममता बनर्जी के 'लूट' वाले नारे को राहुल गांधी, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, केजरीवाल, हेमंत सोरेन, तेजस्वी यादव सरीखे विपक्षी नेताओं ने समर्थन के ऐलान किए हैं, लेकिन खासकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव के दौरान ममता बनर्जी का खुल कर विरोध किया था और बंगाल में भाजपा की सेंधमारी के लिए ममता की ध्रुवीकरण वाली राजनीति को ही 'जिम्मेदार' करार दिया था। अब 'वोट चोरी' के बजाय 'चुनावी लूट' पर दोनों नेता साथ-साथ आने की घोषणा कर चुके हैं। बंगाल के पूरे चुनाव के संदर्भ में उन 27 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम गौरतलब हैं, जो आज भी विचाराधीन हैं। उनके मताधिकार अटके, लटके, भटके हुए हैं। ममता इस मुद्दे पर जरूर लड़ें। इस बीच जहां-जहां चुनाव हुए हैं, वहां-वहां नई सरकारों के गठन की तैयारियां चल रही हैं। तीन राज्यों में भाजपा जीती है, तमिलनाडू में द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बजाय एक अभिनेता की नई पार्टी जीती है, जबकि केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन जीता है।

# मुफ्त बांट से पिसती है अर्थव्यवस्था




ये ठीक नहीं कि आप जवान आबादी को, चाहे वह लडक़ा हो या लडक़ी, घर पर बैठा दो और सिर्फ इसलिए फ्रीबीज दे दो, ताकि वे आपके लिए वोट करें। ऐसा करके आप न सिर्फ बेकार लेबर बना रहे हैं, बल्कि सिस्टम में एक तरह का नुकसानदेह लेबर बना रहे हैं, जो आलसी हो जाता है। ऐसे लोग फिर दूसरी तरह की गलत हरकतों में पड़ जाते हैं, क्योंकि उनके पास करने को कुछ नहीं होता। 2019 में एक राजनीतिक दल ने अपने इलेक्शन मेनिफेस्टो में कहा था कि वह गरीबी रेखा से नीचे वालों को हर साल निश्चित रुपए देगा। ध्यान रहे कि यह टारगेटेड या यूनिवर्सल बेसिक इनकम भी फ्रीबीज का ही एक रूप है

देश में मुफ्त बांट यानी फ्रीबीज की घोषणाएं इन दिनों सामाजिक गलियारों में एक प्रमुख चर्चा और चिंता का विषय बनी हुई हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी सत्ताधीशों द्वारा मुफ्त की चीजें इत्यादि बांटने पर गहरी नाराजगी जताई है। माननीय कोर्ट का सही मानना है कि इससे लोग काम करने की बजाय मुफ्त सुविधाओं पर निर्भर हो रहे हैं। इस तरह की योजनाएं राज्यों की अर्थव्यवस्था पर बोझ बन रही हैं। असल मे मुफ्तबांट के चक्कर में राज्यों का पूंजीगत खर्च कम हो रहा है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मुफ्त बांटने के कारण कई राज्यों पर भारी कर्ज (जीडीपी का 40 फीसदी से अधिक) होने की बात सामने आई है, जहां आय का बड़ा हिस्सा सिर्फ सबसिडी में जा रहा है। एक सर्वेक्षण के अनुसार 55 फीसदी लोग मुफ्त की योजनाओं को बंद करने के पक्ष में हैं, जबकि 77 फीसदी का मानना है कि ये योजनाएं लोगों को कामचोर बना रही हैं। मुफ्त बांट के चलते देश के लगभग हर राज्य की वित्तीय हालत खराब हो रही है। केंद्र सरकार की रिपोर्ट में भी इस पर चिंता जताई गई है। अनेक राज्यों की अर्थव्यवस्था के लिए मुफ्तबांट अब बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट बताती है कि पिछले साल एक राज्य के विधानसभा चुनाव से पहले 38000 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इसके बाद सरकार के पास जरूरी खर्चों के लिए पैसे ही नहीं बचे।

नतीजतन, बिजली दरें बढ़ीं, बुनियादी ढांचा से जुड़े कामकाज ठप पड़ गए। पिछले कुछ बरसों में देश में मुफ्त कल्याणकारी योजनाएं तेजी से बढ़ी हैं। इससे राजस्व खर्च बढ़ रहा है। बढ़ा हुआ राजस्व खर्च विकास कार्यों पर असर डालता है। सडक़, पुल, बांध जैसे इंफ्रा प्रोजेक्ट पर यही पैसा लगाया जा सकता था। ऐसा नहीं होने पर रोजगार सृजन प्रभावित होता है। स्कूल-कॉलेज और कौशल विकास में सुस्ती से भविष्य में तरक्की धीमी हो सकती है। व्यवस्था ऐसी योजनाओं के आर्थिक दबाव में आएगी, फिर आर्थिक तरक्की कैसे होगी? अगले दो वर्षों में हमारे सामने आर्थिक मोर्चे पर सबसे बड़ी चुनौती हो सकती है। साथ ही, अगले साल की शुरुआत में आठवें वेतन आयोग के तहत नया वेतनमान लागू करना होगा, जिससे राज्यों को भी वेतन बढ़ाना पड़ेगा। यह वर्ग बड़ा वोटर भी है। सीमित खजाने और सिकुड़ते संसाधनों के बीच मुफ्त योजनाओं और विकास कार्यों का संतुलन बनाए रखना सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। आर्थिक दबाव, महंगाई और चुनावी योजनाओं का तालमेल अब कठिन होता दिख रहा है। पिछले दिनों कई राज्यों में लोकलुभावन वादे पूरे करने में बजट की समस्या देखने को मिली। वोटरों को लुभाने के लिए फ्रीबीज अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। फ्रीबीज यानी रेवड़ी में अक्सर वे चीजें होती हैं, जो लोगों को सक्षम बनाने का काम नहीं करतीं। हमें फ्रीबीज को तरक्की के वादों से अलग करना होगा। अगर हम अपने संविधान की बात करें, तो उसके एक अनुच्छेद में साफ लिखा है कि राज्य को लोगों की आमदनी में असमानता कम करने की कोशिश करनी चाहिए। उसे स्टेटस, सुविधाओं और मौकों में जो नाइंसाफी है, उसे खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। इस नजरिए से देखें, तो बहुत जरूरी हो जाता है कि कुछ ऐसी चीजें हों जो लोगों की जिंदगी का स्तर ऊपर उठाएं और उनके लिए मौके बनाएं। नौकरी पैदा करना, रोजगार देना, या स्किल डिवेलप करना- ये राज्य की कुछ अहम जिम्मेदारियां हैं। लेकिन फ्रीबीज कल्चर के साथ दिक्कत यह है कि इसमें आप तरक्की के लिए सही माहौल नहीं बना रहे होते।

आप एक आलसी और बेकार वर्कफोर्स बनाते हैं, जो बस घर पर बैठकर सबसिडी का मजा लेगी। न तो आप वर्कफोर्स को ट्रेनिंग दे रहे हैं, न ही उनके लिए ऐसे मौके बना रहे हैं, जिनमें वे किसी तरह से राष्ट्रीय आय और ग्रोथ में योगदान दे सकें। यही वह बिंदु है, जहां रोजगार के हालात बनाने या स्किल्ड लेबर तैयार करने और उस लेबर को बेकार बैठा देने के बीच फर्क साफ दिखता है। इकॉनमी के लिए यह स्थिति उलटी पड़ती है कि लोगों को घर बैठाकर उन्हें कुछ रुपए तक दे दिया जाए। असली वेलफेयर ऑफर हैं, जो सच में भलाई करते हैं। भलाई आप तब कर सकते हैं, जब आप लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार पैदा करें, बेहतर सामाजिक सुरक्षा यानी सोशल सिक्योरिटी दे और सोशल सिक्योरिटी तब देनी चाहिए, जब कोई मुसीबत में हो, या फिर बुजुर्गों के लिए बेहतर सोशल सिक्योरिटी बनानी चाहिए। ये ठीक नहीं कि आप जवान आबादी को, चाहे वह लडक़ा हो या लडक़ी, घर पर बैठा दो और सिर्फ इसलिए फ्रीबीज दे दो, ताकि वे आपके लिए वोट करें। ऐसा करके आप न सिर्फ बेकार लेबर बना रहे हैं, बल्कि सिस्टम में एक तरह का नुकसानदेह लेबर बना रहे हैं, जो आलसी हो जाता है। ऐसे लोग फिर दूसरी तरह की गलत हरकतों में पड़ जाते हैं, क्योंकि उनके पास करने को कुछ नहीं होता। 2019 में एक राजनीतिक दल ने अपने इलेक्शन मेनिफेस्टो में कहा था कि वह गरीबी रेखा से नीचे वालों को हर साल निश्चित रुपए देगा। ध्यान रहे कि यह टारगेटेड या यूनिवर्सल बेसिक इनकम भी फ्रीबीज का ही एक रूप है। इतना पैसा देना भी इकनॉमिक्स में एक फिनॉमिना को जन्म देता है, जो खासकर विकासशील और अविकसित देशों में देखा जाता है। इसे कहते हैं 'बैकवर्ड बेंडिंग लेबर सप्लाई कर्व', इसका मतलब ये कि लोग खुद मेहनत करने की कोशिश ही नहीं करेंगे।

अगर उन्हें बिना कुछ किए इतना पैसा मिल रहा है, तो वे प्रोडक्टिव कामों में हिस्सा क्यों लेंगे? यूनिवर्सल बेसिक इनकम विकसित देशों में काफी जगहों पर चलता है, लेकिन वहां का सिस्टम अलग है। वहां सोशल सिक्योरिटी का लेवल बहुत ऊंचा है, और वह ज्यादा बराबरी वाला है। साथ ही, उन देशों की प्रति व्यक्ति आय भी एक खास लेवल तक पहुंच चुकी है। हालांकि यूनिवर्सल बेसिक इनकम विकसित देशों में काफी जगहों पर चलता है, लेकिन वहां का सिस्टम अलग है। वहां सोशल सिक्योरिटी का लेवल बहुत ऊंचा है, और वह ज्यादा बराबरी वाला है। साथ ही, उन देशों की प्रति व्यक्ति आय भी एक खास लेवल तक पहुंच चुकी है। लेकिन यहां अगर हम फ्रीबीज के चक्कर में पड़ गए तो हम अपनी डेमोग्राफिक डिविडेंड, यानी अपनी जवान आबादी का फायदा नहीं उठा पाएंगे। हमारी 65 फीसदी आबादी 30 साल से कम उम्र की है, और 55 फीसदी से ज्यादा आबादी 25 साल से कम की। हमारा डेमोग्राफिक डिविडेंड वर्ष 2045-2047 तक रहेगा, फिर खत्म हो जाएगा। हमें एक दिन इस मुफ्तबांट के कल्चर से बाहर निकलना ही होगा। क्यों न ऐसे हालात बनाए जाएं, जिसमें हमारी वर्कफोर्स सिर्फ देश की राष्ट्रीय आय में योगदान ही न दे, बल्कि सही मायने में रोजगार भी पाए। हमें तो यह भी विचारना होगा कि मुफ्त बांट से क्या हमारी कार्य संस्कृति पर नकारात्मक प्रभाव तो नहीं पड़ेगा।

# हेट स्पीच के मौजूदा कानूनों पर अमल हो



चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के चुनावों में बंपर मतदान से लोकतंत्र में मतदाता, यानी गणदेवता फिर सर्वोपरि साबित हुए हैं। लेकिन वोट हासिल करने और ध्रुवीकरण के लिए जातिवाद, क्षेत्रवाद या सांप्रदायिक आधार पर सोशल मीडिया में भड़काऊ और नफरती भाषणों का प्रसार संवैधानिक विधि के खिलाफ है। इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय का नया फैसला बहुत ही दिलचस्प है, जिसके अनुसार हेट स्पीच को आपराधिक कानून में परिभाषित ही नहीं किया गया है। वर्ष 2018 में तहसील पूनावाला मामले में नफरती भाषणों से भीड़ की हिंसा को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों को दिशानिर्देश दिये थे।

उसके बाद 2023 में आजम खान मामले में संविधान पीठ ने मंत्रियों के नफरती भाषण की जवाबदेही तय करने की बात कही थी। सर्वोच्च न्यायालय के नये फैसले में अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग वाली याचिकाओं को निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ के अनुसार, उन नेताओं के बयानों से सांप्रदायिक हिंसा या अशांति फैलने के सबूत नहीं मिले हैं। उसके साथ हेट स्पीच के खिलाफ दिशानिर्देशों की मांग वाली याचिका को भी निरस्त करते हुए जजों ने कहा कि नये कानून की बजाय मौजूदा कानूनों को सही तरीके से लागू करने की जरूरत है।

इस फैसले की तीन बड़ी बातें हैं। पहला, विधि आयोग ने आपराधिक कानून संशोधन बिल, 2017 के माध्यम से हेट स्पीच को परिभाषित करने और सख्त दंड के लिए 153-सी और 505-ए की दो नयी धाराएं जोड़ने की अनुशंसा की थी। जजों के अनुसार, आइपीसी या बीएनएस और सीआरपीसी या बीएनएसएस में बदलाव के लिए संसद को ही अधिकार हासिल है। अदालत कानून की व्याख्या कर सकती है, पर वह सरकार को नया कानून बनाने के लिए मजबूर नहीं कर सकती। दूसरा, यदि पुलिस मुकदमा दर्ज न करे, तो ललिता कुमारी फैसले और सीआरपीसी कानून के अनुसार मजिस्ट्रेट के पास अर्जी लगायी जा सकती है। तीसरा, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय जैसी संवैधानिक अदालतें अनुच्छेद 32 या 226 के तहत कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों का माइक्रो मैनेजमेंट नहीं कर सकती हैं।

यूरोपियन यूनियन ऑफ ह्यूमन राइट्स के आर्टिकल 10 और हैंडीसाइड बनाम यूनाइटेड किंगडम मामले में हेट स्पीच के निर्धारण के लिए तीन टेस्ट दिये गये हैं। उसके अनुसार, भारत में हेट स्पीच से जुड़ी संवैधानिक दुविधाओं के छह पहलुओं को समझा जा सकता है। पहला, संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) में अभिव्यक्ति की आजादी का मौलिक अधिकार है, लेकिन अनुच्छेद 19 (2) के तहत सार्वजनिक व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा, नैतिकता आदि की सीमाएं और अपवाद हैं। धर्म, जाति, वर्ण, जन्म स्थान आदि के आधार पर कट्टरता या सांप्रदायिकता फैलाने वाले नफरती भाषणों को अभिव्यक्ति की आजादी के तहत संवैधानिक संरक्षण नहीं मिल सकता।

वर्ष 1950 में सर्वोच्च न्यायालय ने ब्रज भूषण मामले के फैसले में पब्लिक ऑर्डर को सार्वजनिक और देश की सुरक्षा से जोड़ा था। पर 1966 में राम मनोहर लोहिया मामले में नेताओं की अभिव्यक्ति की आजादी को उदार तरीके से संरक्षित करने का फैसला आया। दूसरा, पुलिस, अधिकारी, विधायक, सांसद, मंत्री और जज कानून के शासन से बंधे हैं। पुलिस और कानून व्यवस्था राज्यों का विषय है। पंजाब में आप के सांसदों के दल बदलने के साथ ही उनके खिलाफ पुलिस ने मामले और छापेमारी शुरू कर दी। ऐसा हाल पक्ष-विपक्ष शासित सभी राज्यों में है। वोटों के ध्रुवीकरण और चुनावी लाभ के लिए नेता उन्मादी और नफरती भाषण देते हैं। सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों के खिलाफ पुलिस समुचित कार्रवाई नहीं करती। जबकि राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ राजद्रोह जैसी संगीन धाराओं में एफआइआर दर्ज होने के साथ गिरफ्तारी होने से सरकारी खर्चों पर अदालतों में बेवजह की मुकदमेबाजी बढ़ती है। तीसरा, नफरती भाषणों का प्रसार व्हाट्सएप और सोशल मीडिया से होता है। पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में आइटी एक्ट का विश्लेषण ही नहीं हुआ है।

वर्ष 2015 में श्रेया सिंघल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आइटी एक्ट की धारा 66 ए को रद्द कर दिया था। उसके बाद संसद से नया कानून न बनने से अराजकता बढ़ रही है। सोशल मीडिया से नफरत फैलाने के मामलों में खुली छूट या सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का फैसला थानों की बजाय सियासी आधार पर होने के बढ़ते ट्रेंड से हेट स्पीच का मर्ज तेजी से बढ़ रहा है। चौथा, चुनावों को सही तरीके से संचालित करने के लिए अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को अनेक अधिकार हैं। पर नफरती भाषण देने वाले नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पार्टियों की मान्यता रद्द करने के लिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत चुनाव आयोग को समुचित अधिकार नहीं हैं। इन विसंगतियों का फायदा उठाकर नेता लोग नफरती भाषण को सोशल मीडिया व आइटी सेल से फैलाकर चुनावी फसल काटने में पारंगत हो गये हैं।

# बंगाल में बीजेपी की जीत के सूत्रधार अमित शाह



बंगाल में बीजेपी की जीत ना तो किसी जादू का परिणाम है और ना ही अप्रत्याशित ही है। इस परिणाम की अपेक्षा मीडिया, विपक्ष और यहां तक कि 15 साल शासन करने वाली टीएमसी को भी थी, क्योंकि सबको मालूम था कि बंगाल में परिवर्तन हो रहा है, और इस परिवर्तन के सूत्रधार कोई और नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह बन रहे हैं। कारण साफ था कि ममता बनर्जी की सरकार से लोग ऊब चुके थे और उससे मुक्ति का विकल्प केवल उन्हें बीजेपी ही नजर आ रही थी। तृणमूल ने अपने 15 साल के शासन में बंगाल को एक अराजक राज्य में बदल दिया था। जहां कानून की रोज धज्जियां उड़ाई जा रही थी।

बलात्कार और हत्या जैसी घटनाओं पर भी शासन संवेदनशील नजर नहीं आ रहा था। पुलिस प्रशासन का पूरी तरह राजनीतिकरण हो चुका था, और अधिकारी सत्ता से जुड़े अपराधियों को बचाने में लगे थे। राज्य सरकार केंद्र से बेवजह लड़ाई ठान कर बैठी थी, और यहां तक कि लोक कल्याण से जुड़ी योजनाओं को भी जनता तक नहीं पहुंचने देती थी। भ्रष्टाचार का बोलबाला ऊपर से नीचे तक था और मंत्री एवं अधिकारी सीधे घोटाले से जुड़े हुए थे। उसके बावजूद टीएमसी हर चुनाव जीत रही थी, क्योंकि चुनाव प्रक्रियां को उसने बंधक बना लिया था।

स्थानीय प्रशासन पूरी तरह तृणमूल के साथ था। विरोध में जो भी खड़ा होता था, उसे तृणमूल के गुंडे धमकाते-मारते थे और फिर भी किसी ने खिलाफ वोट देने की हिम्मत की तो जान से मार देने में भी नहीं हिचकते थे। तृणमूल के एजेंट गांव गांव, मुहल्ले-मुहल्ले सक्रिय थे और किसी भी अन्य पार्टी को घुसने की जगह नहीं देते थे। ऐसे में बीजेपी के संगठन को तैयार करना और तृणमूल के मुकाबले खड़े करना एक असंभव सा कार्य बन गया था। लेकिन ऐसे ही असंभव कार्यों को संभव करने की महारत गृह मंत्री अमित शाह की है।

# भारत के दृढ़ संकल्प का प्रतीक था 'ऑपरेशन सिंदूर'




सभी जानते हैं कि पाकिस्तान के फौजी आका आसिम मुनीर ने 22 अप्रैल, 2025 को आतंकवाद की अग्नि में पहलगाम के निर्दोष सैलानियों को झोंकने का जघन्य कृत्य लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों से करवाया था। इसके बाद भारत ने सात-आठ मई, 2025 की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम से सैन्य कार्रवाई की थी। इसी 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली बरसी पर भारत की आतंकवाद विरोधी नीति की विवेचना की जानी चाहिए। 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत के इस संकल्प का प्रतीक था कि वह किसी भी कीमत पर पाकिस्तान की गैर-जिम्मेदाराना हरकतों का जवाब सुदृढ़ आक्रामकता के साथ देगा।

विश्व के बड़े भूभाग पर लगातार बड़ी-बड़ी सैन्य और आर्थिक शक्तियां अंतहीन युद्ध में उलझी हुई हैं। ईरान की धरती पर अमेरिकी और इस्राइली विध्वंसक विमानों तथा मिसाइलों के हमले हजारों नागरिकों को मौत के घाट उतारने के बाद भी युद्ध को किसी अंजाम तक नहीं पहुंचा पाये हैं। इस्राइल अभी भी हिज्बुल्ला और हमास को मिटा नहीं पाया है। जवाबी कार्रवाई के रूप में पश्चिम एशिया और खाड़ी में अमेरिका के सहयोगी मुस्लिम देशों पर ईरान के मिसाइलों और ड्रोनों के हमले स्थिति को केवल और उलझा देने में सफल हुए हैं। रूस और यूक्रेन के बीच अनवरत युद्ध बेलगाम चलता जा रहा है। इन सारी विध्वंसक गतिविधियों की तुलना में वर्षभर पहले भारत की ओर से किया गया 'ऑपरेशन सिंदूर', एक संक्षिप्त और सफल सैन्य कार्रवाई थी।

भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध की घोषणा किये बिना ही लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए- मोहम्मद के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर साबित कर दिया कि वह दुश्मन को उसके गढ़ में घुसकर मारने में भी संकोच नहीं करेगा। इस अभियान में थलसेना, वायुसेना और नौसेना के बीच बेजोड़ तालमेल ने भारत की एकीकृत सैन्यशक्ति का प्रशंसनीय परिचय दिया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता ने सिद्ध कर दिया कि भारत का लक्ष्य उन्मादित भीड़ की तरह बिना सोचे-समझे विध्वंस करना नहीं था। इसका लक्ष्य आतंकी ठिकानों पर कारगर हमले से पाकिस्तान के युद्धोन्मादी सेना प्रमुख की निर्लज्ज हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देना भर था। भारत के इस अभियान में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों और आतंकियों के गढ़ों को पहुंचायी गयी क्षति की तुलना में, भारतीय सैन्य शक्ति को नाममात्र की क्षति ही झेलनी पड़ी। भारतीय सेना द्वारा की गयी मुंहतोड़ कार्रवाई पाकिस्तान का मनोबल तोड़ने में इतनी सफल रही कि पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन को अपने भारतीय समकक्ष को फोन कर सैन्य कार्रवाई रोकने का अनुरोध करना पड़ा।

# मानवीय संवेदना से सशक्त होता समाज



वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में दान की संस्कृति केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह अब वस्तुओं, सेवाओं और सामुदायिक सहयोग के रूप में एक व्यापक सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुकी है। विशेषकर 2025-2026 के दौर में 'इन-काइंड डोनेशन' यानी वस्तुओं के रूप में सहायता देने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। कपड़े, भोजन, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामग्री अब बड़े पैमाने पर जरूरतमंदों तक पहुंचाई जा रही है। यह न केवल मानवीय संवेदना का परिचायक है, बल्कि एक संतुलित और सह-अस्तित्व वाले समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी है। दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश इस मानवीय प्रयास में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। संयुक्त राज्य अमरीका लंबे समय से खाद्य, चिकित्सा और आपदा राहत सामग्री का सबसे बड़ा दाता रहा है। भारत, जर्मनी और यूरोपीय संघ भी संकटग्रस्त क्षेत्रों में चिकित्सा सहायता, आश्रय और भोजन उपलब्ध कराने में सक्रिय हैं।

मध्य-पूर्व के कतर और सऊदी अरब, अफ्रीका और एशिया के जरूरतमंद देशों में खाद्य सहायता और राहत सामग्री पहुंचाने के लिए जाने जाते हैं। जापान, स्वीडन और तुर्की जैसे देश भी अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा मानवीय सहायता में लगाते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वैश्विक स्तर पर दान एक साझा जिम्मेदारी बन चुका है। भारत में भी यह प्रवृत्ति तेजी से विकसित हो रही है। यहां कई संस्थाएं और सामाजिक पहलें जरूरतमंदों तक सीधे सहायता पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। 'नेकी की दीवार' जैसी पहलें समाज में सहयोग और साझा करने की भावना को सशक्त बनाती हैं। इसका सरल संदेश, 'आपके पास अतिरिक्त है तो छोड़ जाएं, जरूरत है तो ले जाएं', समाज के हर वर्ग को जोडऩे का कार्य करता है। इसी प्रकार, भारत विकास परिषद जैसी संस्था कई प्रकार के समाजोपयोगी कार्यक्रमों द्वारा सीधे जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचा रही है, तो गूंज जैसी संस्थाएं पुराने कपड़ों को उपयोगी बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित करती हैं। उदय फाउंडेशन, क्लोथ्स बॉक्स फाउंडेशन और अन्य संगठन भोजन, कपड़े और दवाइयों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई संस्थाएं इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। साल्वेशन आर्मी, गुडविल और हैबिटेट फॉर ह्यूमैनिटी जैसी संस्थाएं न केवल वस्तुएं एकत्र करती हैं, बल्कि उन्हें जरूरतमंदों तक व्यवस्थित तरीके से पहुंचाती भी हैं। वहीं, 'थ्रेड टुगेदर' और यूनिक्लो जैसी पहलें नए लेकिन अनसोल्ड कपड़ों को बेकार होने से बचाकर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराती हैं।

# सीएम योगी बोले : उत्तर प्रदेश की नौकरियों में अब न तो सिफारिश, न ही भ्रष्टाचार; सिर्फ योग्यता का होता है सम्मान

एजेंसी समाचार



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में नौकरी पाने के लिए अब सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ती है। भर्ती में आवेदन, परीक्षा से लेकर परिणाम तक किसी सिफारिश या अनैतिक दबाव की आपको जरूरत नहीं पड़ी होगी। हमने सिर्फ योग्यता का सम्मान किया है। प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीक आधारित बनाया है।

सीएम बृहस्पतिवार को लोकभवन में आयुष, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के 481 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले नौ साल में सरकार ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अब तक 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। कोई सोचता भी नहीं था कि यूपी में नियुक्ति निष्पक्ष तरीके से होगी। हमने अलग-अलग आयोग को जवाबदेही के साथ काम दिया है। इस अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु आदि उपस्थित थे।

### हर दिव्यांगजन में प्रतिभा, सही प्लेटफॉर्म चाहिए

सीएम ने कानपुर की एक बच्ची का उदाहरण देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी कारण से दिव्यांगता का शिकार हो सकता है। हमारे मन में उनके प्रति संवेदना होनी चाहिए। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। पेंशन सुविधा दी, दो दिव्यांगजन विश्वविद्यालय स्थापित किए, हर कमिश्नरी मुख्यालय पर दिव्यांगजनों के लिए विशेष केंद्र खोले गए और बंद पड़े जिला पुनर्वास केंद्र को पुनः चालू किया।

### आयुष से लाए जा सकते हैं चमत्कार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष हेल्थ टूरिज्म को आकर्षित करने की सबसे बड़ी क्षमता रखता है। इसके माध्यम से चमत्कार लाए जा सकते हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को गांव-गांव में और बेहतर बनाना है। आज नियुक्ति पत्र प्राप्त कर रहे 202 शिक्षक, चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ नर्स विभाग को और गति देंगे। सीएम ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास विभाग बड़ा और महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। यूपी में लगातार हो रहे निवेश से उद्योगों की मांग के अनुरूप स्किल्ड मैनपॉवर उपलब्ध कराना विभाग व इसके अनुदेशकों की जिम्मेदारी है।

## एक नजर



### सिपाही बोला-लखनऊ पुलिस लाइन में भ्रष्टाचार चरम पर है

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट की रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल सुनील कुमार शुक्ला ने विभाग के अधिकारियों, विशेषकर आईपीएस अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसका वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया है। उसमें कहा है कि पुलिस विभाग को काले अंग्रेज चला रहे हैं। उसने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है।

### यूपी दरोगा भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी, 12,333 अभ्यर्थी सफल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने गुरुवार को यूपी दरोगा भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। साथ ही बोर्ड ने परीक्षा की फाइनल आंसर की (उत्तर कुंजी) भी जारी कर दी गई है। बोर्ड के मुताबिक, लिखित परीक्षा में कुल 12,333 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। अब ये सभी उम्मीदवार भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण यानी दस्तावेज सत्यापन, शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए तैयार हो सकते हैं। बता दें कि सफल अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट आसानी से देख सकते हैं। अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्म तिथि दर्ज कर अपना परिणाम देख सकेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि रिजल्ट देखने के लिए कोई अलग पासवर्ड या अन्य दस्तावेज की जरूरत नहीं है। वहीं रिजल्ट जारी होते ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी वेबसाइट पर विजिट कर रहे हैं। ऐसे में सर्वर पर अत्यधिक लोड बढ़ने की वजह से वेबसाइट धीमी हो सकती है। जिसके चलते उम्मीदवारों को थोड़ी देर बाद या शाम के समय चेक करने की सलाह दी गई है।

## प्रीपेड मीटर के पोस्टपेड होने में लगेंगे अभी 24 दिन, एक जून से ही मिल सकेगी बाद में बिल चुकाने की सुविधा

एजेंसी समाचार



लखनऊ। बिजली महकमे ने प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड करने की घोषणा कर दी है। मगर, उपभोक्ताओं को इसका फायदा मिलने में 24 दिन लगेंगे। इस बदलाव के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) तय की जा रही हैं। हालांकि, इस बीच में किसी भी उपभोक्ता का बैलेंस निगेटिव होने पर भी बिजली नहीं कटेगी।

अफसरों ने बताया कि पोस्टपेड में बिलिंग का सिस्टम 27 से 30 दिन का है। यानी उपभोक्ता 27 से 30 दिन में जितनी बिजली का उपभोग करता, उसका बिल बन जाता है। यहीं सिस्टम प्रीपेड मीटर वाले कनेक्शन पर लागू होगा। एक जून से प्रीपेड मीटर पोस्टपेड के रूप में काम करने लगेंगे। और, उपभोक्ताओं ने जो बिजली जलाई होगी उसका बिल उनके पॉजिटिव बैलेंस से घटाकर नए बिल का मैसेज पहुंचने लगेगा। जिनका बैलेंस निगेटिव होगा उसे मई के बिल में जोड़ कर जून में भेजेंगे। 10 जून तक प्रीपेड मीटर धारकों का नए बिल का मैसेज मिल जाएगा। सबसे पहले ऑटो कमांड के सिस्टम को हटा दिया गया है। इससे एक बार में जितने बकायेदारों का चयन करके बिजली काटने का कमांड देते थे उनकी मीटर से परिसर की होने वाली आपूर्ति बंद हो जाती थी। हालांकि, बकायेदारों की बिजली को ऑटोमेटिक काटने व जोड़ने का अधिकार इंटेली स्मार्ट कंपनी को दिया गया है। कंपनी के लोग ऑटो कमांड का इस्तेमाल करते थे।

## राहुल गांधी पर आय से अधिक संपत्ति का मामला, हाईकोर्ट ने दिए पत्रावली सील करने के आदेश; अब 12 को सुनवाई

एजेंसी समाचार



लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति मामले में दायर याचिका की पत्रावली (फाइल) को सील करने और उसे सुरक्षित अभिरक्षा में रखने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता की दलीलों को विस्तार से सुनने के बाद, हमें यह उचित लगता है कि इस पेपर-बुक को इस न्यायालय के वरिष्ठ रजिस्ट्रार की सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाए और इसे विधिवत सील कर दिया जाए। कहा कि अगली सुनवाई की तारीख को इस न्यायालय के बेंच सचिव द्वारा सील खोली जाएगी। इस फाइल को चैंबर में ही सील कर दिया जाएगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 मई को दोपहर 2.15 बजे चैंबर में करने का आदेश दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति जफीर अहमद की खंडपीठ ने 6 मई को पारित किया, जिसे बृहस्पतिवार को अपलोड किया गया। कोर्ट ने यह आदेश एक आपराधिक याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया, जिसमें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988/2018 के तहत लोकसभा सांसद, रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों से कथित रूप से अधिक संपत्ति के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विस्तृत जांच और नियमित मामला (आरसी) दर्ज करने की मांग की गई है।

कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने यह याचिका दायर की है। याची ने कहा कि इसमें सीबीआई निदेशक, नई दिल्ली, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग, गृह मंत्रालय और गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय को प्रतिवादी बनाया गया है। 6 मई को याचिकाकर्ता ने वर्तमान रिट याचिका के अभिलेखों को सुरक्षित अभिरक्षा में रखने के लिए निर्देश जारी करने हेतु एक अर्जी दाखिल की, जिसे न्यायालय ने रिकॉर्ड पर ले लिया। याचिकाकर्ता ने सुनवाई के दौरान विस्तृत तर्क प्रस्तुत किए, लेकिन प्रतिवादियों के वकीलों ने कहा कि उन्हें इस मामले में पूर्ण निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। इसलिए, उन्हें निर्देश प्राप्त करने के लिए कुछ समय दिया जाए। यदि संभव हो, तो वे लिखित निर्देश प्राप्त कर सकते हैं ताकि याचिकाकर्ता की दलीलों से न्यायालय को उचित रूप से अवगत कराया जा सके।

## अखिलेश बोले: भाजपा ने जो ममता बनर्जी के साथ किया उसका ट्रायल पहले यूपी में हुआ, पूड़ी खाने पर पिता का उत्पीड़न

एजेंसी समाचार



लखनऊ। पश्चिम बंगाल के एक दिवसीय दौरे पर गए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने बंगाल में लोकतंत्र को तहस-नहस कर दिया है। ममता बनर्जी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं इसीलिए भाजपा की आंखों में खटकती है। तंज कसा कि भाजपा के संघी-साथी पुरुषवादी लोग हैं। ये कभी नारी को बढ़ते हुए नहीं देख सकते। ममता बनर्जी से उनके कालीघाट आवास पर मुलाकात के बाद अखिलेश ने आरोप लगाए कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जो-जो किया है, उसका ट्रायल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और उपचुनाव में किया था।

भाजपा पर महिला विरोधी आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री को महिला होने के कारण मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया। दिल्ली में आधी-अधूरी मुख्यमंत्री बनाया है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है और बंगाल में भाजपा ने वोटरों पर दबाव बनाया।

इस लड़ाई में ममता के साथ आने का एलान करते हुए अखिलेश ने उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में पुलिस द्वारा रिवाल्वर से महिला मतदाताओं को धमकाने वाली तस्वीर को दिखाते हुए कहा कि उपचुनाव में भाजपा ने पुलिस के जरिए चिह्नित कर सपा समर्थकों को वोट डालने से रोका था।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के भाषण और बयान नफरत से भरे हुए हैं। चुनाव में मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया की तरह काम हुआ है। पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा को लेकर कहा कि भाजपा ऐसा ही काम करती है, जिससे अराजकता फैले। सवाल किया कि आखिर कम्पनियां कहां हैं। क्या उन्हें 15 दिन की छुट्टी दे दी गयी है।

### पूड़ी खाने पर महिला के पिता को उत्पीड़न : अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा है कि पीडीए समाज की एक महिला के पिता को भाजपा सरकार सिर्फ इसलिए प्रताड़ित कर रही है क्योंकि हमने 'बाबा साहेब जी की जयंती' पर अपनी उस छोटी बहन के यहां पूड़ी खा ली थी। उन्होंने कहा कि इतनी निकृष्ट राजनीति तो उन अंग्रेजों ने भी नहीं की थी, जिनके लिए भाजपा के वजीफाजीवी वैचारिक पूर्वज संघी-साथी मुखबिरी करते थे।

## चुनाव से पहले सपा में टूट, राष्ट्रीय सचिव सहित 30 पदाधिकारी ओपी राजभर की पार्टी में शामिल

एजेंसी समाचार





लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने विधानसभा चुनाव से पहले संगठन विस्तार अभियान तेज कर दिया है। बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी और बुनकर मजदूर विकास समिति से जुड़े 30 पदाधिकारियों, ग्राम प्रधानों और कार्यकर्ताओं ने सुभासपा की सदस्यता ली। पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर की मौजूदगी में सभी नेताओं को सदस्यता दिलाई गई। उन्होंने कहा कि पार्टी का कुनबा बढ़ रहा है।

पार्टी में शामिल होने वालों में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव जावेद आलम प्रमुख रहे। इसके अलावा बुनकर मजदूर विकास समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद नाजिम अंसारी, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताजुद्दीन अंसारी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष खालिद सैफी, राष्ट्रीय सचिव अयूब अंसारी, प्रदेश प्रभारी कारी लाइक अंसारी, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुफ्ती मेहर आलम कासमी अंसारी, सलीम अंसारी, मोहम्मद अय्यूब अंसारी, मोहम्मद रिजवान, मो. नईम, कल्लन सैफी, शकील अहमद, उमर, जहीर अहमद, मोहम्मद इब्राहिम, मुन्तयाज, पदम प्रकाश, अंकित कुमार, मोहम्मद फुरकान, इन्जयामुल हक, बदर जमील, सद्दन खान, नवेद आलम, अनीस अहमद, वकील अहमद (बिजनौर), वकील अहमद (लखनऊ) कारी सलमान और पूर्व प्रभारी बलराज प्रजापति शामिल रहे। इनमें कई लोग दिल्ली, गाजियाबाद, बिजनौर, शाहदरा, प्रतापगढ़, अमरोहा और लखनऊ से जुड़े हुए हैं।

कार्यक्रम के दौरान अरुण राजभर ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा का पीडीए नारा राजनीतिक जरूरत के हिसाब से बदलता रहता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पीडीए का मतलब पार्टी ऑफ डिंपल एंड अखिलेश है।

## नौचंदी एक्सप्रेस में एसी फेल, गोमती में पानी का संकट

एजेंसी समाचार



लखनऊ। प्रयागराज से सहारनपुर जा रही नौचंदी एक्सप्रेस की कई बोगियों में एसी काम नहीं करने से यात्रियों का सफ़र मुहाल हो गया। यात्रियों ने रेल मदद एप पर शिकायत दर्ज करायी। ट्रेन के लखनऊ पहुंचने तक समस्या बनी रही।

बुधवार शाम जब नौचंदी एक्सप्रेस प्रयागराज से लखनऊ की ओर रवाना हुई तो इसकी एसी सेकेंड बोगी में कूलिंग ठप हो गई। यात्री गोपाल शर्मा ने कहा कि ट्रेन में किसी भी बोगी का एसी काम नहीं कर रहा था। एसएयई 00501 भारत गौरव स्पेशल ट्रेन की थर्ड एसी बोगी बी-2 में कूलिंग ठप रही। नई दिल्ली से लखनऊ आ रही गोमती एक्सप्रेस की एसी चेयरकार बोगी सी-2 में पानी खत्म होने से यात्री परेशान हुए। यात्री सचिन कुमार राव ने रेलवे से शिकायत दर्ज करते हुए पानी भरने की अपील की। इसी क्रम में पुष्पक एक्सप्रेस के बाद अब लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस में भी एक बोगी में सीट नहीं होने का मामला सामने आया है। जितेंद्र कुमार जनरल बोगी में सफर कर रहे थे। वह जिस सीट पर बैठे, उसके ऊपर व सामने सीटें ही नहीं थीं। कुशीनगर एक्सप्रेस से सफर कर रही एक वृद्ध महिला के साथ मारपीट का आरोप उनके पोते अनंत त्रिवेदी ने टीटीई आदिल पर लगाया है। रेलवे ने उनकी शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

## बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा बोले-मुंबई की तरह यूपी में भी अपराधियों का खूब सफाया हुआ

एजेंसी समाचार




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के डिप्टी एसपी पद से रिटायर हुए इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा रियल लाइफ के बाद रील लाइफ में धमाका मचाए हैं। उनकी जिंदगी पर बनी 'इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा' वेब सीरीज का सीजन-टू 15 मई को रिलीज होने जा रहा है। गुरुवार को वेब सीरीज के ट्रेलर लॉचिंग प्रोग्राम में पहुंचे बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा ने कहा कि, "मुंबई कि तरह यूपी में भी अपराधियों का सफाया हुआ है"।

इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा, एक्शन, क्राइम-थ्रिलर से भरपूर एक बायोपिक है। यूपी के इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा की जिंदगी पर आधारित है। अविनाश मिश्रा, जोकि मूलरूप से हमीरपुर जनपद के रहने वाले हैं। साल 1982 में यूपी पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती हुए थे और वर्ष 2019 में डिप्टी एसपी के रैंक से रिटायर हुए।

अविनाश मिश्रा, यूपी में 1990 के दशक में क्राइम और संगठित अपराध की घटनाओं को याद करते हुए कहते हैं कि आज यूपी में कानून व्यवस्था बहुत अच्छी है। वो दौर काफी खौफनाक था। लखनऊ एक होटल में वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा की पूरी कास्ट पहुंची। एक्टर रणदीप हुड्डा, अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, डायरेक्टर और अन्य कलाकार शामिल रहे। एक्टर रणदीप हुड्डा ने लखनऊ को लेकर कहा कि ये काफी अच्छा शहर है। यहां की तहजीब से लेकर अदब तक, बेमिसाल है। हमने यहां शूटिंग की है और आगे भी शूटिंग करना चाहेंगे।

वेब सीरीज में इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा का किरदार रणदीप हुड्डा निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, अविनाश मिश्रा से काफी कुछ सीखा है। शुरुआत में थोड़ी मुश्किल जरूर आई, क्योंकि लखनऊ का लहजा अलग है। हरियाणी अंदाज होने के कारण चुनौती जरूर आई, लेकिन इसे सीखकर काफी एन्जॉय किया।

## यूपी में आबकारी विभाग के राजस्व वसूली में हुई ऐतिहासिक वृद्धि

एजेंसी समाचार

लखनऊ। उप्र. के आबकारी विभाग ने राजस्व वसूली और प्रवर्तन कार्यों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने जानकारी दी कि विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 और चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रारंभिक माह में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है।

आबकारी मंत्री के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्च 2026 तक कुल 57,722.26 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की समान अवधि के 52,573.07 करोड़ रुपये की तुलना में 9.79 प्रतिशत (5,149.19 करोड़ रुपये) अधिक है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2026-27 के अप्रैल 2026 में 5,248.06 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो अप्रैल 2025 के 4,319.46 करोड़ रुपये के मुकाबले 21.50 प्रतिशत (928.60 करोड़ रुपये) अधिक है। यह निर्धारित लक्ष्य 5,200 करोड़ रुपये से भी 0.92 प्रतिशत अधिक है।

आबकारी विभाग ने अवैध शराब के विरुद्ध भी व्यापक अभियान चलाया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्च 2026 तक कुल 1,18,978 अभियोग दर्ज किए गए, जिनमें 30.94 लाख लीटर अवैध मदिरा/मादक द्रव्य बरामद किया गया। इस दौरान 21,446 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 3,967 लोगों को जेल भेजा गया। साथ ही अवैध तस्करी में प्रयुक्त 152 वाहनों को जब्त किया गया।

माह अप्रैल 2026 में भी विभाग की कार्रवाई जारी रही। इस दौरान 9,535 अभियोग दर्ज किए गए और 2.55 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई।

**आंकड़े** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष 2024 की रिपोर्ट में खुलासा, नहीं हुआ कोई दंगा

## यूपी में अपराध राष्ट्रीय औसत से कम, महिलाओं के साथ कम हुए हिंसा के मामले

एजेंसी समाचार



लखनऊ। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की वर्ष 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक यूपी में अपराध लगातार घट रहे हैं। महिलाओं के साथ हिंसा कम हुई है।

यूपी अपराध मुक्त प्रदेश की दिशा में आगे बढ़ा है। वर्ष 2024 में प्रदेश में राष्ट्रीय औसत की तुलना में कम अपराध हुए। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की वर्ष 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक देश भर के औसत 252.3 फीसदी के मुकाबले यूपी में 180.2 फीसदी अपराध हुए। यह राष्ट्रीय औसत से 28.5 फीसदी कम है। इसके अलावा जनसंख्या के आधार पर देश भर के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की तुलना में यूपी अपराधों के मामले में 2023 के 24वें स्थान के घटकर 18वें स्थान पर आ गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में आईपीएस और बीएनएस के तहत यूपी में कुल 4,30,552 अपराध दर्ज किए गए, जबकि वर्ष 2023 में इसकी संख्या 4,28,794 और वर्ष 2022 में 4,01,787 थी। वर्ष 2024 में दर्ज मामलों में से 76.7 फीसदी में अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया, जो राष्ट्रीय औसत 75.6 फीसदी से ज्यादा है। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश पुलिस ने तीन-चौथाई से अधिक मामलों में आरोप पत्र दाखिल करने में तत्परता दिखाई। खास बात यह है कि चुनावी वर्ष के दौरान 2024 में प्रदेश में बवाल के 2610 मामले तो दर्ज किए गए, लेकिन कोई सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। इस तरह औद्योगिक राजनीतिक और जातियों के बीच संघर्ष की घटना भी नहीं हुई।

### महिलाओं के साथ जघन्य अपराध घटे, लेकिन चुनौतियां बाकी

महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के मामलों में भी वर्ष 2023 के मुकाबले कोई खास बढ़ोतरी दर्ज नहीं की गई है और महिलाओं के साथ जघन्य अपराध घटे हैं। इसी तरह हत्या के मामलों में बीते वर्ष के मुकाबले आंशिक बढ़ोतरी हुई है तो अपहरण के मामले कम हुए हैं। हालांकि बच्चों के साथ अपराध के बढ़ते मामले अभी चुनौतियां बने हुए हैं। वर्ष 2024 में प्रदेश में संगठित अपराध का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। आंकड़े सुधार के संकेत तो देते हैं, लेकिन अपराध के खिलाफ और सख्त कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

## हुसैनाबाद में रूमी गेट के पास बनेगी पार्किंग, खड़े किए जा सकेंगे बसों समेत 450 छोटे-बड़े वाहन

एजेंसी समाचार

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण हुसैनाबाद में रूमी गेट के पास जाम से निजात दिलाने के लिए बड़ी पार्किंग बनाएगा। इसमें बसों के साथ लगभग 450 बड़े-छोटे वाहन खड़े हो सकेंगे। बुधवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने हेरिटेज जोन का निरीक्षण करके अधिकारियों को यह निर्देश दिए। रेजिडेंसी के पास प्लेसमेकिंग कार्य की धीमी प्रगति पर कार्यदायी संस्था मेसर्स एफएन एंड कंपनी पर डेढ़ लाख का जुर्माना लगाया है।

उपाध्यक्ष ने बताया कि हुसैनाबाद में रूमी गेट के पास वाहनों की अवैध पार्किंग से लोगों को जाम से परेशानी होती है। इससे इमामबाड़ा, घंटाघर, रूमी दरवाजा समेत हेरिटेज जोन में घूमने के लिए आने वाले पर्यटकों को भी दिक्कत होती है। इसे ध्यान में रखते हुए क्षेत्र का सर्वे कराया था।

इसमें रूमी गेट के बगल में पार्किंग के लिए लगभग 9 हजार वर्गमीटर भूमि चिन्हित की है। यहां 15 बसें, 150 चार पहिया वाहन व लगभग 300 दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग बनेगी। इसमें तीन करोड़ रुपये खर्च होंगे। पार्किंग में वाहनों के प्रवेश व निकासी के लिए रूमी गेट के बगल से 14 मीटर चौड़ा कॉरिडोर बनेगा। इसके अलावा पार्किंग से पैदल यात्रियों की निकासी के लिए मुसाफिर खाना गेट से वैकल्पिक मार्ग दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त हुसैनाबाद स्थित फूड कोर्ट के पीछे निर्माणाधीन लाइब्रेरी के पास लगभग 700 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पार्किंग विकसित की जाएगी। हुसैनाबाद क्षेत्र में इन दो स्थानों पर पार्किंग बनने से न सिर्फ क्षेत्र वासियों को जाम से छुटकारा मिलेगा, बल्कि पर्यटकों को भी सुविधा होगी। उपाध्यक्ष ने सूरज कुंड पार्क के पास झुग्गी-टीनशेड हटाने के निर्देश दिये।

# गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने पर व्यापारियों का हल्लाबोल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी और किल्लत के खिलाफ आज 'उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश' ने हुंकार भरी। प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के आह्वान पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू व जिला अध्यक्ष एम.ए. जीलानी के नेतृत्व में पीलीभीत में व्यापारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

**व्यापारियों ने सरकार के सामने 9 सूत्रीय मांगें रखी हैं, जिनमें मुख्य रूप से शामिल माँग**

- 1 मई 2026 से बढ़े हुए दामों को तुरंत वापस लिया जाए और GST की दर 18% से घटाकर 5% की जाए।
- कमर्शियल सिलेंडर की बुकिंग भी घरेलू गैस की तरह ऑनलाइन की जाए।
- गैस की कमी को देखते हुए उद्योगों को वैकल्पिक ईंधन इस्तेमाल करने के लिए प्रदूषण विभाग और एनजीटी के नियमों में 5 साल की राहत दी जाए।
- अस्पताल, स्कूल और वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए मांग के अनुसार सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित हो।


जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह को ज्ञापन देते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

पीलीभीत में पीएनजी गैस की पाइप लाइन पड़े हुए 2 वर्ष हो चुके है कई बार ज़िला अधिकारी के समक्ष इस बात को रखा गया जिस पर ज़िला अधिकारी द्वारा तुरंत संज्ञान लेकर पीएनजी गैस अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया लेकिन पीएनजी अधिकारियों द्वारा सिर्फ़ झूटे वायदे करने के सिवा आज तक कुछ नहीं किया गया नगर में डाली गई पीएनजी पाइप लाइन को तुरंत चालू कराया जाए , प्रधानमंत्री मोदी की हर घर स्वच्छ पानी योजना के तहत पीलीभीत नगर और ग्रामीण इलाकों में पाइप लाइन डाली गई है उसके लिए पूरे शहर व देहात की सड़को को खोद कर ऐसे हो छोड़ दिया गया है जिसकी मरम्मत की जिमेदारी संबंधित कार्यदाती संस्था की बनती है ऐसी सड़कों को ठीक कराया जाए।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू ने विशेष रूप से शिरकत की। जिला अध्यक्ष एम.ए. जीलानी ने कहा, "अचानक बढ़ी कीमतों से छोटे उद्योग, होटल और रेहड़ी-पटरी वाले व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, संगठन अपनी आवाज बुलंद रखेगा।"


सिलेंडर के बढ़ते दामों और कालाबाजारी के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन देते व्यापारी।

प्रदर्शन में व्यापार मंडल की नगर, युवा और महिला इकाइयों ने हिस्सा लिया। जिस्मे मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेदु , जिला अध्यक्ष अफ़रोज़ जिलानी, युवा विंग जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, नाहिद ख़ान, जिला अध्यक्ष महिला विंग कंचन सक्सेना, रशीद अंसारी, मोहम्मद ममनून, संदीप सक्सेना, हरपाल सिंह, ऋषि कनौजिया, साहिल अगनानी, रिजवान, शोभनीय सिंह, बिंदु शर्मा, संजू शुक्ला, युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी, गौरव राणा, हरिश सिंह, राज, उज्जवल वर्मा, सहवाज़ अहमद, रिज़वान, अभिलाष गुप्ता, रजी अंसारी, ताबिश शम्सी, बिंदु शर्मा, राजविंदर कौर, प्रियंक जैसवार सहित बड़ी तादाद में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और बढ़े दामों के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडरों के बढ़ते दाम और कथित कालाबाजारी को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी पूरनपुर को सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता न होने से छोटे उद्योग, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, डेयरी और फास्ट फूड कारोबार प्रभावित हो रहे हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि 1 मई 2026 से कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में भारी वृद्धि की गई है, जिससे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। व्यापार मंडल ने मांग की कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए और गैस एजेंसियों द्वारा ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था को सरल बनाया जाए। व्यापारियों ने सरकार से यह भी मांग की कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा छोटे व्यापारियों और उद्योगों को राहत देने के लिए विशेष नीति बनाई जाए। ज्ञापन में होटल, रेस्टोरेंट, डेयरी, स्कूलों और अस्पतालों जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई।

नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन पर कई व्यापारियों के हस्ताक्षर भी मौजूद रहे। इनमें अमित, कुलदीप सनवाल, शैलेन्द्र गुप्ता, रवि जायसवाल, गोल्डी तिवारी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## व्यापारी पर चाकू से हमला: केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ब्लॉक रोड पर पुरानी रंजिश के चलते एक किराना व्यापारी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। बचाने आए उनके पुत्र को भी आरोपियों ने जमीन पर पटककर बेरहमी से पीटा। शोर सुनकर भीड़ जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

नूरीनगर निवासी पीड़ित व्यापारी अशरफ के अनुसार, कुछ दिन पहले उनके बेटे रेहान का सिमरिया निवासी इमरान और अरहान से जिम में विवाद हुआ था। बुधवार को दोनों सगे भाइयों ने दुकान पर आकर गाली-गलौज की और अशरफ पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण सीएचसी में कराया है। कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# सपा जिलाध्यक्ष का भाजपा मंत्री पर तीखा हमला

## बोले- जनता अब इवेंट नहीं काम का हिसाब मांग रही

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने भाजपा नेता एवं गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर राजनीतिक नौटंकी और सामाजिक माहौल खराब करने का आरोप लगाया है।

जग्गा ने बयान जारी कर कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा की आंशिक सफलता का श्रेय लेकर मंत्री खुद को बड़ा रणनीतिकार साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि जिन सीटों की जिम्मेदारी का दावा किया जा रहा है, उनमें से अधिकांश पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि


जगदेव सिंह जग्गा।

पीलीभीत में सरकारी रुतबे और सोशल मीडिया के जरिए कृत्रिम लोकप्रियता दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा अब विकास, रोजगार और किसानों के मुद्दों से ध्यान हटाकर समाज को बांटने की राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनपद की गंगा-जमुनी तहजीब को कमजोर करने के लिए भड़काऊ बयान दिए जा रहे हैं, ताकि जनता बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से भटक जाए। उन्होंने कहा कि किसान भुगतान के लिए परेशान हैं, नौजवान रोजगार के लिए भटक रहे हैं और व्यापारी मंदी से जूझ रहा है। गन्ना विभाग संभालने वाले मंत्री के रहते किसानों का करोड़ों रुपये का भुगतान लंबित है। जग्गा ने सवाल उठाया कि किसानों के बकाये, युवाओं को रोजगार और मझोला को जिला बनाए जाने के चुनावी वादों का क्या हुआ। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि "सबसे बड़ा सवाल आज भी वही है— कोतवाल का क्या हुआ?" साथ ही कहा कि अब जनता प्रचार और इवेंट मैनेजमेंट नहीं बल्कि काम का हिसाब मांग रही है।

# बूंदीभूड़ में शराब की दुकान को लेकर बवाल, पथराव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर/कलीनगर।** कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव बूंदीभूड़ में शराब की दुकान को लेकर गुरुवार को जमकर बवाल हो गया। दुकान हटाने की मांग को लेकर विरोध कर रहे ग्रामीणों और महिलाओं की पुलिस व प्रशासनिक टीम से तीखी झड़प हो गई। देखते ही देखते स्थिति हिंसक हो गई और पथराव शुरू हो गया। घटना में एक दरोगा का पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि तहसीलदार समेत आधा दर्जन महिलाएं घायल हो गईं।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव बूंदीभूड में आबादी और स्कूल के पास शराब की दुकान खोले जाने का ग्रामीण और महिलाएं बीते 22 दिनों से शराब की भट्टी हटाए जाने को लेकर धरना प्रदर्शन कर रही हैं। उसके बावजूद शराब की भट्टी नहीं हटाई जा रही है। इसको लेकर


हंगामा करती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

बुधवार को महिलाओं ने पीलीभीत पहुंच कर जिला अधिकारी को पत्र देकर शराब की भट्टी हटाने की मांग की थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को कलीनगर तहसीलदार वीरेंद्र सिंह,आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम निरीक्षण करने गांव पहुंची थी। इसी दौरान ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच कहासुनी हो गई, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगे,हंगामे के दौरान ग्रामीणों ने पथराव कर दिया,जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। झड़प के दौरान कलीनगर तहसीलदार का हाथ टूट गया। कलीनगर चौकी इंचार्ज सैफ अली के पैर में फैक्चर हो गया। इस दौरान धरना प्रदर्शन कर रहीं आधा दर्जन से अधिक महिलाएं घायल हो गईं। बवाल के दौरान आबकारी विभाग की दो गाड़ियों भी छति ग्रस्त

**पथराव में दरोगा का पैर फ्रैक्चर, तहसीलदार समेत कई महिलाएं घायल**

हो गईं। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने कडी मशक्कत के बाद वमुश्किल अधिकारियों को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला।

दौरान शराब भट्टी के अंदर रखी शराब को भी बाहर निकाल कर फेंक दिया। काफी देर तक विवाद होता रहा। बावल में घायल दरोगा और अन्य लोगों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जबकि महिलाओं का कहना है कि जब तक शराब की भट्टी नहीं हटेगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीण व महिलाएं शराब की दुकान हटाने की मांग पर अड़े हुए हैं। सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया मौके पर पहुंचे और स्थिति को देखा। इससे पहले भी कई अधिकारी महिलाओं के पास पहुंचकर धरना प्रदर्शन खत्म करने की बात कर चुके हैं। लेकिन महिलाएं अपनी जिद पर अडी हुई हैं। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने,अधिकारियों पर हमला करने की कार्रवाई की जाएगी। माधोटांडा थाना प्रभारी अशोक पाल ने बताया सूचना पर गांव गया था। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है। विवाद करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। देर शाम गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया ।जिससे कोई घटना घटित ना हो सके, इसको लेकर ग्रामीणों व महिलाओं में भी प्रशासन के प्रति रोष देखा जा रहा है।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने मांगे राज्य स्तरीय पुरस्कारों के आवेदन

**पीलीभीत।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए दक्ष दिव्यांग कर्मचारी, स्वनियोजित दिव्यांगजन, सर्वश्रेष्ठ संस्था, प्रेरणास्त्रोत, दिव्यांग खिलाड़ी, बालक–बालिका समेत विभिन्न श्रेणियों में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं 15 जुलाई 2026 तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## पीलीभीत में धारा 163 लागू, बिना अनुमति जुलूस-सभा और ड्रोन उड़ाने पर रोक

**पीलीभीत।** आगामी शाहजी मियां उर्स, बकरीद, मोहर्रम और प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र सिंह ने जनपद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी है। आदेश 6 मई से 2 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगा। आदेश के तहत बिना अनुमति जुलूस, जनसभा, लाउडस्पीकर और ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने, हथियार लेकर चलने, उत्तेजक नारेबाजी, अफवाह फैलाने और हुड़दंग करने पर भी रोक लगाई गई है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## फेक फोटो बनाकर पत्नी को बदनाम करने की कोशिश

**पूरनपुर।** महिला को घेर कर पति ने लोगों की मदद से विवाद कर दिया। आरोप है कि पति कुछ लडको से मिलकर फेक फोटो बनाकर छवि को धूमिल कर रहा है ।पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने वताया कि उसका घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव निवासी पति से विवाद चल रहा है। जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। उसने वताया कि एक दिन वह पूरनपुर किसी काम से गई थी। आरोप है कि पति ने कुछ लोगों के साथ मिलकर उसको घेर लिया। इसके बाद गाली गलौज कर विवाद करना शुरु कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने उसको घर भेजा था। आरोप है कि उसका पति अन्य लडकोऔ के साथ मिलकर फेक फोटो वनाकर इंस्टाग्राम पर डाल कर उसको बदनाम कर रहा है। पति ओर अधिक बदनाम करने व जान से मारने की धमकी दे रहा है। परेशान युवती ने इसकी जानकारी परिवार को दी। परिवार के साथ कोतवाली पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पति सरबन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।


तहसील सभागार में बोलते विधायक बाबूराम पासवान।

## जनगणना अभियान का विधायक बाबूराम ने किया शुभारंभ

जागरण माचा कायालय

**पूरनपुर।** तहसील सभागार में गुरुवार को 'जनगणना 2027' महाभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने फीता काटकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने सबसे पहले स्वयं अपने परिवार की जनगणना कराकर जनता को जागरूकता का संदेश दिया। संबोधन के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र के समावेशी विकास की आधारशिला है। इसके सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक आंकड़े आगामी वर्षों में जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक न्याय की नीतियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। डिजिटल माध्यमों से प्रत्येक परिवार की सटीक स्थिति का आकलन कर संसाधनों का उचित वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। विधायक ने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए नागरिकों से सही जानकारी देने की अपील की ताकि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे।




## क्लासिफाइड

### नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम वीरेश कुमार सिंह राठौर पुत्र श्री प्रताप सिंह राठौर से बदलकर वीरेश कुमार सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह कर दिया है। भविष्य में मुझे वीरेश कुमार सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह के नाम से जाना जाए।

**-वीरेश कुमार सिंह, दिनेशपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड**

### सूचना

मैं रामकली और राजकुमारी उसके पुत्र प्रशांत, विकास, चंदन, सागर एवं पुत्री डोली को गलत चाल-चलन एवं गलत संगत के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके किसी भी कृत की मेरी कोई जिम्मेदार नहीं होगी।

**-मोहिनी देवी पत्नी स्वर्गीय द्वारिका प्रसाद निवासी मोहल्ला हबीबगंज गोटिया, पूरनपुर देहात, तहसील पूरनपुर, जिला (पीलीभीत)।**

# मौसम का बदला मिजाज: आंधी के बीच कहीं बूंदाबांदी तो कहीं झमाझम बारिश, भीषण गर्मी से मिली राहत

## बुधवार रात से ही आसमान में छा गए थे बादल, गुरूवार की सुबह शुरू हुई बारिश देर शाम तक नहीं मिली राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले के विभिन्न इलाकों में बुधवार रात मौसम ने अचानक करवट ली। तेज आंधी चलने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खराब मौसम के चलते कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। आंधी चलने के दौरान कहीं बूंदाबांदी तो कहीं बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। गुरूवार की सुबह गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हुई जो देर शाम तक रूक-रूककर होती रही।इस दौरान लोग घरों में कैद नजर आए।


बारिश के चलते तिरपाल के नीचे खड़े लोग। -जागरण मोर्चा

बुधवार को दिन भर आकाश में बादल छाए रहे। धूप-छांव होती रही। दोपहर बाद मौसम में एकाएक बदलाव देखने को मिला। देर रात आंधी से अफरा-तफरी मची रही। आसमान में घने बादलों और तेज हवाओं के कारण धूल का गुबार चारों ओर फैल गया। सड़कों पर वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भी आवाजाही में खासी परेशानी हुई। वाहन चालकों को वाहन रोकरकर खड़ा होने को मजबूर कर दिया। जैसे-तैसे लोग अपने घरों तक पहुंच सके।

खराब मौसम को देखते हुए नगर सहित जिले के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इसी बीच कहीं बूंदाबांदी तो कहीं बारिश होने के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली। आद्रता बढ़ने से मौसम ठंडा रहा। तापमान पर नजर डाला जाए तो बुधवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता 78 प्रतिशत रही। 19 किमी की रफ्तार से हवा चल रही थी। गुरूवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आद्रता 55 प्रतिशत रही। जबकि 16 किमी की रफ्तार से हवा चलती रही।

**आसफपुर।** विकास खंड आसफपुर क्षेत्र में बुधवार देर शाम मौसम ने अचानक करवट ली। दिनभर चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को देर शाम तेज आंधी और हल्की बारिश ने बड़ी राहत दी। अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। इसके कुछ ही देर बाद क्षेत्र के कई गांवों में बूंदाबांदी शुरू हो गई। मौसम बदलते ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने राहत की सांस ली।

क्षेत्र के गांव आसफपुर, भूड़ बिसौली, बसौमी, फैजगंज बेहटा औऱछी, सहित आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के कारण कई जगह पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं। कुछ स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश अधिक देर तक नहीं हुई, लेकिन तेज हवाओं और ठंडी बयार ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया।गु बारिश की वजह से लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया।

**ओरछी।** गुरूवार सुबह से आसमान में बादल छा गए और गर्जना के साथ बारिश शुरू हुई जो देर शाम तक जारी रही। दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर सन्नटा पसरा रहा। मौसम विभाग ने पहले ही जिले में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी कर दिया था। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और नमी भरी हवाओं के कारण प्रदेश के मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है।

**फैजगंज।** बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। किसानों का कहना है कि लंबे समय से पड़ रही तेज गर्मी के कारण खेतों की नमी खत्म होती जा रही थी, लेकिन इस बारिश से फसलों और पशुओं को राहत मिलेगी। हालांकि तेज आंधी के चलते कुछ गांवों में आम की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका भी जताई जा रही है। कई जगह कच्चे मकानों के टीनशेड और छप्पर भी तेज हवाओं में हिलते नजर आए। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया था। अचानक बदले मौसम ने लोगों को गर्मी से राहत देने के साथ-साथ वातावरण को भी खुशनुमा बना दिया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले 24 घंटों में भी मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। कहीं-कहीं हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है।

## आंधी बारिश से फैजगंज बेहटा में चरमराई बिजली व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फैजगंज बेहटा।** नगर में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हल्की हवा या बारिश होते ही घंटों तक बिजली गुल हो जाती है। कई बार 24 घंटे तक आपूर्ति ठप रहने से आम जनता में विद्युत विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश है।

नगरवासियों का आरोप है कि लापरवाह कर्मचारियों के चलते विभाग कुंभकरण की नींद सो रहा है। बिजली न आने से पेयजल संकट खड़ा हो गया है। व्यापारिक प्रतिष्ठान और छोटे उद्योग बंद होने की कगार पर हैं। शिकायत के लिए फोन करने पर कर्मचारी कॉल नहीं उठाते या बिसौली से सप्लाई बंद होने का बहाना बनाते हैं। जनता ने व्यवस्था न सुधरने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। दूसरी ओर, जेई बजरंगी ने बताया कि आंधी से लाइनें टूटी हैं। कर्मचारी मरम्मत में जुटे हैं, जल्द ही आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# सरगना सहित चार पर गैंगस्टर की कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जिले में सक्रिय था दीपक गैंग, कार्रवाई से हड़कंप**

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने एक शातिर अंतर्राज्यीय गिरोह के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की है। पुलिस ने गैंग लीडर दीपक गौतम उर्फ मोनू और उसके तीन सक्रिय सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव सकरी जंगल निवासी दीपक गौतम उर्फ मोनू गिरोह का संचालन कर रहा है। गैंग के अन्य सदस्यों में जसविंदर उर्फ काके, संतोष यादव और डेविड उर्फ शोएब शामिल हैं। यह गिरोह जिले और आसपास के क्षेत्रों में घूम-घूमकर रेकी करता था और फिर लूटपाट व चोरी जैसी संगीन घटनाओं को अंजाम देता था। गिरोह के सदस्यों पर पहले से ही चोरी और लूट की धारा में कई मामले दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि यह गिरोह अपने भौतिक और आर्थिक लाभ के लिए समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। इस गैंग के सक्रिय रहने से आम जनता में भय और आतंक का माहौल बना हुआ था। जनहित और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी अवनीश राय के अनुमोदित 'गैंग चार्ट' के आधार पर इन अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना का जिम्मा निरीक्षक सुपेंद्र मलिक को सौंपा गया है।

## हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, तमंचा बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार ने बताया कि मंगलवार को गश्त के दौरान मुखबिर से संदिग्ध की सूचना मिली थी।पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जाकिर टेंट हाउस के पास चकरोड पर घेराबंदी की। वहां ट्यूबवेल के पास खड़े आरोपी को दबोच लिया गया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान कस्बा फैजगंज बेहटा निवासी इमरान उर्फ फुरकान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी क्षेत्र का चिन्हित हिस्ट्रीशीटर है। उस पर चोरी, गैंगस्टर, एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

# एडी हेल्थ ने जिला व महिला अस्पताल का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** एडी हेल्थ डॉ. तेजपाल ने गुरूवार को जिला पुरुष एवं महि ला अस्पताल काऔचक नि रीक्षण किया। निरीक्षण के दौरा न दोनों अस्पतालों में कई प्र कार की अव्यवस्थाएं सामने आईं, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए। गर्भवतियों को आल्ट्रासाउंड की सेवा न मिलने पर नाराजगी जताई। वहीं आंख के ऑपरेशन में रुपये लेने की भी जांच की।


निरिक्षण करते एडी हेल्थ डॉ तेजपाल व अस्पताल के सीएमएस समेत स्टाफ मौजूद।


मरीजों से जानकारी लेते एडी हेल्थ डॉ तेजपाल। -जागरण मोर्चा

एडी हेल्थ डॉ. तेजपाल ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल के विभिन्न विभागों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने सीटी स्कैन विभाग, आई विभाग, इमरजेंसी वार्ड, हड्डी रोग वार्ड, डायलिसिस यूनिट, ब्लड बैंक समेत अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता और स्टाफ की उपस्थिति की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। कुछ वार्डों में अव्यवस्था और लापरवाही भी देखने को मिली, जिस पर एडी हेल्थ ने नाराजगी जताई। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि व्यवस्थाओं को तत्काल प्रभाव से दुरुस्त किया जाए और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। जिला पुरुष अस्पताल में निरीक्षण के दौरान डॉ. रियाज अहमद मौजूद रहे। उन्होंने एडी हेल्थ को अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। एडी हेल्थ ने उन्हें भी व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए और कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं जिला महिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाएं अधिक देखने को मिलीं, जिस पर एडी हेल्थ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अस्पताल स्टाफ को चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो कार्रवाई की जाएगी। एडी हेल्थ डॉ. तेजपाल ने कहा कि मरीजों को बेहतर उपचार और सुविधाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने और व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए।

# क्षतिग्रस्त नाले से मंडी गेट पर हो सकता है बड़ा हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** नगर की मंडी समिति गेट पर स्थित क्षतिग्रस्त नाला इन दिनों राहगीरों और व्यापारियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। लगभग दो वर्षों से टूटा पड़ा यह नाला लगातार हादसों को दावत दे रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नाले की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे आए दिन लोग इसमें गिरकर घायल हो रहे हैं।


सहसवान में क्षतिग्रस्त नाले से बना हुआ है खतरा। -जागरण मोर्चा

बताया जाता है कि मंडी समिति गेट से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, व्यापारी, किसान और उपभोक्ता आवागमन करते हैं। सब्जी और फल लेकर आने वाले छोटे व्यापारी भी इसी रास्ते से गुजरते हैं। नाले के क्षतिग्रस्त होने के कारण कई लोग संतुलन बिगड़ने से उसमें गिर चुके हैं। कुछ लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मंडी सचिव, उप जिलाधिकारी सहसवान और अन्य संबंधित अधिकारियों को कई बार मौखिक व लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं। इसके बावजूद अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों और व्यापारियों ने जिलाधिकारी बदायूं से मांग की है कि क्षतिग्रस्त नाले का शीघ्र निर्माण कराया जाए तथा अस्थायी रूप से सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नाले की मरम्मत नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजने वालों में रामकुमार, अब्दुल रज्जाक, हनीफ, महेश पाल, उमेश कुमार, धनपाल सिंह, उमर मियां, रफीक अहमद और लक्ष्मण सिंह सहित अन्य स्थानीय नागरिक शामिल हैं। नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# जनगणना के लिए प्रक्रिया प्रारंभ, 21 मई तक स्व-गणना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तहत स्व-गणना अवधि के गुरुवार को प्रथम दिवस पर जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने अपने आवास से स्व-गणना की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर जनपदवासियों को जनगणना अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। हम सभी भारत की जनगणना में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा राष्ट्र निर्माण एवं समग्र विकास में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करें। जनगणना का प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून तक होगी। जनगणना के शुरू होने से 15 दिन पूर्व यानि सात मई से 21 मई तक स्व गणना करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। लोग स्वयं अपने मोबाईल, कंप्यूटर अथवा लैपटॉप से घर बैठे जनगणना की पूरी जानकारी भर सकेंगे। स्व गणना देश में पहली बार हो रहा है जिससे प्रक्रिया अधिक आसान, तेज एवं पारदर्शी रहेगी। स्व गणना करने वाले लोग ऑनलाइन पोर्टल http://se.census.gov.in पर जाकर अपने परिवार से जुडी समस्त जानकारी खुद भर सकेंगे। सुरक्षित करने पर 11 अंकों की एक स्व गणना पहचान संख्या एसईआईडी जारी होगी जिसे सुरक्षित नोट कर रख लेंगे। स्व गणना के बाद 22 मई से 20 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे। जिन्होंने पहले ही स्व गणना कर ली है उन्हें अपनों 11 अंकों की एसईआईडी बतानी होगी। प्रगणक एसईआईडी दर्ज कर जानकारी का सत्यापन कर लेंगे। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी जनगणना चंदन प्रजापति सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

पत्रांक :- 314 / न0पा0मि0/2026 दिनांक :- 07.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मिलक के वृहद गौसंरक्षण केन्द्र नसीराबाद में संरक्षित गौवंश के भरण पोषण मद/निकाय निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार/ अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर 03 अदद कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है जो ई-टेण्डर की साईट https://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है ।

ई - निविदा समय सारणी (https://etender.up.nic.in पर)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईड पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | दिनांक 08.05.2026 को प्रात: 11:00 बजे से |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड / अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | दिनांक 08.05.2026 को प्रात: 11:00 बजे से |
| 3. | ई-निविदा डाउनलोड / अपलोड की अन्तिम तिथि / समय | दिनांक 15.05.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक |
| 4. | कार्यो के निविदा स्केन धरोहर, निविदा शुल्क एवं अन्य प्रपत्र की मूल प्रति कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक में जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | दिनांक 15.05.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक |
| 5. | ई-निविदा को खोलने की तिथि / समय | दिनांक 16.05.2026 को प्रात: 11:00 बजे से |

(राजेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मिलक (रामपुर)

(दीक्षा गंगवार )
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मिलक (रामपुर)


# चौधरी अजित सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** युवा राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष/ संस्थापक व पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि बुधवार को मनाई। कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण नमन किया तथा सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



श्रद्धांजलि अर्पित करते पार्टी के नेता व कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**पार्टी कार्यालय पर जमा हुए नेता व कार्यकर्ता,दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

राष्ट्रीय लोकदल के बरिष्ठ नेता जितेन्द्र सिंह ने कहा कि चौधरी अजित सिंह की आज के ही दिन कोरोना महामारी के चलते छह मई 2021 को निधन हो गया था आज हम चौधरी साहब को उनकी पांचवीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण नमन करते हैं।उन्होंने कहा अजित सिंह किसानों के मसीहा थे। वह पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पुत्र थे। अपने पिता की विरासत को संभालते हुए उन्होंने सदैव ही किसान हित में काम किए। भारत की राजनीतिक इतिहास में चौधरी अजित सिंह हमेशा किसान, गरीब, मजदूरों के नेता के तौर पर पहचाने जाते रहेंगे। युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव योगेश यादव ने कहा कि चौधरी अजित सिंह जी ने अपना राजनीतिक जीवन राज्यसभा के सदस्य के रूप में शुरू किया और वह सात बार बागपत लोकसभा सीट से चुनाव जीते और उन्होंने कई बार कैबिनेट में मंत्री रहकर किसान गरीब मजदूरों की लड़ाई लडी,चौधरी साहब के नेतृत्व में समय समय पर कई विशाल आंदोलन और किसानों के हित में मांगें प्रमुख रहीं हैं। राष्ट्रीय लोकदल अधिवक्ता सभा के जिलाअध्यक्ष के फुरकान खान ने कहा कि चौधरी अजित सिंह हमेशा देश में एक किसान नेता के रूप में जाने गये चौधरी साहब ने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव किसानों को प्रमुख स्थान दिया था। युवा राष्ट्रीय लोकदल के कौशिक प्रताप सिंह व बरिष्ठ नेता पूर्व महासचिव हरिनन्दन सिंह पटेल ने कहा चौधरी साहब की राजनीति की धुरी हमेशा किसान और गांव रहे हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव योगेश यादव, कौशिक प्रताप सिंह, विनोद शाक्य, विपिन यादव, चिराग चौधरी आतिफ आरफी आदि मौजूद रहे।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया

### संजू-कार्तिक की शतकीय साझेदारी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 48वें मैच में मंगलवार (5 मई) को चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन बनाए। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले समीर रिजवी ने स्कोर को 150 के पार पहुंचाया।



कार्तिक शर्मा और संजू सैमसन के बीच 66 गेंद पर 114 रन की साझेदारी की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने 17.3 ओवर में 2 विकेट पर 159 रन बनाए। इस जीत के साथ चेन्नई सुपर किंग्स के 10 मैच में 10 अंक हो गए हैं। वह छठे नंबर पर रहे। दिल्ली कैपिटल्स के 10 मैच में 8 अंक हैं। वह सातवें नंबर पर है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए समीर रिजवी ने 24 गेंद पर 40 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 31 गेंद र 38 रन बनाए। पथुम निसांका ने 19, नितीश राणा ने 15, आशुतोष शर्मा ने 14, करुण नायर ने 13, केएल राहुल ने 12 और अक्षर पटेल ने 2 रन बनाए। मिचेल स्टार्क बगैर खाता खोले नाबाद रहे। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नूर अहमद ने 2 विकेट लिए। अकील होसैन, मुकेश चौधरी, गुरजपनीत सिंह और जेमी ओवरटन ने 1-1 विकेट लिए। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए संजू सैमसन 52 गेंद पर 87 और कार्तिक शर्मा 31 गेंद पर 41 रन बनाकर नाबाद रहे। ऋतुराज गायकवाड़ 6 और उर्विल पटेल 17 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अक्षर पटेल और लुंगी एनगिडी ने 1-1 विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स की प्लेइंग 11 में एक बदलाव हुआ। काइल जैमीसन की जगह लुंगी एनगिडी को मौका मिला। चेन्नई सुपर किंग्स की प्लेइंग 11 में अकील होसैन और गुरजपनीत सिंह की वापसी हुई।

### 202 रन और 187 का स्ट्राइक रेट

# सैमसन ने चेपक के बाद कोटला में भी उधेड़ी दिल्ली कैपिटल्स की बखिया

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में 48वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हरा दिया। चेन्नई सुपर किंग्स की जीत के नायक संजू सैमसन रहे। चेपक में दोनों टीमों के बीच सीजन के पहले भिड़ंत में नाबाद 101 रनों की पारी खेलने वाले संजू ने कोटला में भी दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दो मैचों को मिलाकर संजू ने 187 के स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए। अपनी नई फ्रेंचाइजी चेन्नई



सुपर किंग्स के लिए संजू सैमसन की शुरुआत काफी खराब रही थी। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 6, पंजाब किंग्स के खिलाफ 7 और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ वह 9 रन बनाकर आउट हो गए थे। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मैच दिल्ली कैपिटल्स से था। उन्होंने इस मैच में 56 गेंद पर नाबाद 115 रन ठोक दिए।
**संजू सैमसन का दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन**– संजू सैमसन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 48 रन बनाए। फिर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 7 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने नाबाद 101 रनों की पारी खेली।

### गोंडा रैंकिंग टूर्नामेंट से पहले

# विनेश को झटका

### डोप टेस्ट न कराने पर नोटिस जारी



**नई दिल्ली।** गोंडा में होने वाले नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट से पहले पहलवान विनेश फोगाट को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने 18 दिसंबर 2025 को प्रतियोगिता से इतर हुए डोपिंग परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने के मामले में नोटिस भेजा है। पिछले 12 महीनों में यह पहली बार है जब उन्होंने रहने के स्थान संबंधी नियम का उल्लंघन किया है। चार मई 2026 को भेजे गए पत्र में आईटीए ने विनेश को बताया कि 19 जनवरी 2026 को उनके द्वारा दी गई सफाई की समीक्षा करने के बाद छूटे हुए परीक्षण को औपचारिक रूप से रिकॉर्ड कर लिया गया है।

इस नोटिस में पांच जनवरी 2026 को भेजे गए एक पिछले पत्र का भी जिक्र है, जिसमें परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने की बात उठाई गई थी और विनेश से इस पर जवाब मांगा गया था। यह नोटिस डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन नहीं माना जाता, लेकिन यह रहने के स्थान संबंधी नियम के तहत एक चेतावनी के तौर पर दिया जाता है। इस नियम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी हर समय अचानक होने वाले डोपिंग परीक्षण के लिए उपलब्ध रहें।

- **विनेश अपने रहने के स्थान को अपडेट करने में नाकाम रहीं**– वह बेंगलुरु से चंडीगढ़ गई थीं, जिससे उनका नियमित रूटीन बिगड़ गया था। एजेंसी ने यह भी ध्यान में रखा कि हाल ही में उनके घर बच्चा हुआ था, जिससे उनकी निजी जिम्मेदारियां और बढ़ गई थीं। परीक्षण के दौरान विनेश ने कथित तौर पर पूरा सहयोग किया और डीसीओ को बताया कि वह बैठकों के सिलसिले में चंडीगढ़ में मौजूद हैं। हालांकि, आईटीए ने यह फैसला दिया कि अपना कार्यक्रम बदलने के बावजूद विनेश समय पर अपने रहने के स्थान को अपडेट करने में नाकाम रहीं। इसमें बताया गया कि खिलाड़ियों को किसी भी बदलाव के बाद 'जितनी जल्दी हो सके' अपनी जानकारी अपडेट करनी होती है और किसी भी हाल में तय 60 मिनट के समय से पहले।

### विनेश के पास 7 दिन का समय

आखिर में यह फैसला सुनाया गया कि इस छूटे हुए परीक्षण को रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। आईटीए ने साफ किया कि 12 महीने के अंदर विनेश के साथ स्थान की जानकारी नहीं देने का यह पहला मामला है। विनेश को चार मई से सात दिन का समय दिया गया है कि अगर उन्हें लगता है कि यह परीक्षण उनकी लापरवाही की वजह से नहीं छूटा था तो वह इस फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील कर सकती हैं।

### नोटिस में क्या कहा गया

एजेंसी ने कहा कि विनेश ने 18 दिसंबर को या उससे पहले अपने स्थान को बदलने के लिए एसएमएस, ईमेल या मोबाइल ऐप जैसे दूसरे तरीकों का इस्तेमाल नहीं किया। नोटिस में कहा गया, 'ऊपर बताई गई बातों को देखते हुए आईटीए का मानना ??है कि आप यह साबित नहीं कर पाईं कि आपकी तरफ से इस चूक में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं हुई या इसमें आपकी कोई भूमिका नहीं थी।'

### दो साल तक का प्रतिबंध लग सकता है

यूनाइटेड विश्व रेस्लिंग और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार एक साल के भीतर तीन बार परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने या अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में चूक होने पर इसे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन माना जाता है। ऐसा होने पर खिलाड़ी पर दो साल तक का प्रतिबंध लग सकता है।

### घटना 18 दिसंबर 2025 की

आईटीए ने बताया कि यह घटना 18 दिसंबर 2025 को हुई थी। उस दिन एक डोपिंग नियंत्रण अधिकारी विनेश के लिए तय किए गए 60 मिनट के परीक्षण समय के दौरान उन्हें उनके बताए गए स्थान पर नहीं पाया था। डोपिंग रोधी नियमों के तहत 'पंजीकृत परीक्षण पूल' में शामिल खिलाड़ियों को हर दिन सुबह छह बजे से रात 11 बजे के बीच एक घंटे का ऐसा समय बताना होता है जिस दौरान वे बिना किसी पूर्व सूचना के होने वाले डोपिंग परीक्षण के लिए उपलब्ध रहें। हालांकि, आईटीए ने माना कि उस दिन विनेश हरियाणा विधानसभा के पहले शीतकालीन सत्र में हिस्सा ले रही थीं।

### विनेश ने संन्यास लिया वापस

अगर वह ऐसा नहीं करतीं तो यह फैसला आखिरी माना जाएगा। यह घटनाक्रम विनेश के उस ऐलान के कुछ महीनों बाद सामने आया है जिसमें उन्होंने दिसंबर 2025 में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी की बात कही थी। इससे पहले 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद उन्होंने संन्यास ले लिया था। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में अधिक वजन होने की वजह से उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने आरटीपी में दोबारा पंजीकरण करवाया।

### नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में लेंगी हिस्सा

यह एक ऐसा ग्रुप है जो खास तौर पर उन बेहतरीन खिलाड़ियों के लिए बनाया गया है जिन्हें प्रतियोगिता से बाहर भी सख्त डोपिंग परीक्षण से गुजरना पड़ता है। गोंडा में होने वाला नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट विनेश की वापसी का पहला टूर्नामेंट है। उन्होंने डब्ल्यूएफआई पर आरोप लगाया था कि वह उन्हें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से रोक रहा है। बाद में उन्हें यह भी डर सताने लगा था कि कहीं रेफरी उनके साथ भेदभाव नहीं करें।

### आईटीए के बारे में जानें

डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने इस ओलंपियन को सुरक्षा और मुकाबले में हिस्सा लेने का पूरा-पूरा मौका देने का भरोसा दिलाया। आईटीए वह संस्था है जो ओलंपिक और दुनिया की दूसरी बड़ी खेल प्रतियोगिताओं में डोपिंग रोधी कार्यक्रमों का संचालन करती है। लुसाने में स्थित आईटीए लगभग 50 अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों के डोपिंग रोधी कार्यक्रमों का भी संचालन करती है।

# अंबाती रायुडू नई पारी खेलने को तैयार

### हैदराबाद क्रिकेट संघ में मिली अहम जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू को मंगलवार (5 मई) को हैदराबाद क्रिकेट संघ के क्रिकेट संचालन का प्रमुख नियुक्त किया गया। हैदराबाद के पूर्व कप्तान 40 वर्षीय रायुडू शुरुआती तीन साल के कार्यकाल के लिए तुरंत प्रभाव से कार्यभार संभालेंगे। रायुडू ने एक्स पर कहा, 'मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि न्यायाधीश पी नवीन राव , एम जीवन रेड्डी (सचिव, एसीए) और एपेक्स काउंसिल ने मुझे एचसीए के क्रिकेट संचालन का प्रमुख नियुक्त किया है।' रायुडू ने कहा कि वह व्यवस्था के कुछ पहलुओं को आसान बनाना चाहते हैं। उन्होंने यहां के टैलेंट पूल और भारतीय टीम के लिए और खिलाड़ी तैयार करने की क्षमता को लेकर भी उत्साह जताया।

**चीजों को सुधारने का बढ़िया मौका**– भारत के लिए 58 वनडे और छह टी20 खेलने वाले रायुडू ने कहा, 'यह कुछ चीजों को सुधारने का एक बढ़िया मौका है। मैं हैदराबाद और तेलंगाना में क्रिकेट की जबरदस्त प्रतिभा को आगे बढ़ते हुए और देश का प्रतिनिधित्व करने वाले और खिलाड़ी तैयार होते देखने के लिए और भी ज्यादा उत्साहित हूं।'

### अंबाती रायुडू का इंटरनेशनल करियर

अंबाती रायुडू ने भारत के लिए 55 वनडे की 50 पारियों में 47.05 के औसत से 1694 रन बनाए। उन्होंने 3 शतक और 10 अर्धशतक लगाए। वह 2019 वर्ल्ड कप में नहीं चुने गए थे। इसके बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह संन्यास से वापस आए, लेकिन भारत के लिए नहीं खेले। टी20 अंतरारष्ट्रीय में उन्होंने 6 मैच की 5 पारियों में 10.50 के औसत से 42 रन बनाए। वह 2015 वर्ल्ड कप का भी हिस्सा रहे, लेकिन एक भी मैच नहीं खेले।

### मुंबई इंडियंस कप्तान पर नहीं फोड़ेगी नाकामी का ठीकरा

# मैनेजमेंट ने पंड्या को दी क्लीन चिट



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में निराशाजनक प्रदर्शन के बीच मुंबई इंडियंस अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। हालांकि, टीम मैनेजमेंट ने इस खराब फॉर्म के लिए सीधे तौर पर कप्तान हार्दिक पंड्या को जिम्मेदार नहीं माना है। फ्रेंचाइजी का मानना है कि टीम की असली समस्या बदलते टी20 ट्रेंड के मुताबिक सही कॉम्बिनेशन और रणनीति नहीं बना पाना है, जिसके चलते मुंबई इंडियंस लगातार दबाव में नजर आई है।

'द इंडियन एक्सप्रेस' को पता चला है कि कप्तान के तौर पर हार्दिक पंड्या की स्थिति पर तत्काल कोई खतरा नहीं है। फ्रेंचाइजी मैनेजमेंट अब भी हार्दिक पंड्या का समर्थन कर रहा है और टीम की मुश्किलों को उनकी कप्तानी का नतीजा नहीं मानता। उसका मानना ??है कि मुंबई इंडियंस इस टूर्नामेंट में खेल के बदलते अंदाज के हिसाब से ढलने में थोड़ी धीमी रही है।

आईपीएल 2026 में कई टीमों ने अपने ओपनर्स की धमाकेदार शुरुआत और ऐसे गेंदबाजों पर भरोसा किया है, जो पावरप्ले के साथ-साथ डेथ ओवर्स में भी असर डाल सकें। हालांकि, मुंबई इंडियंस लगातार इस पैटर्न को दोहरा नहीं पाई, जिसकी वजह से दोनों ही पारियों में उस पर दबाव बना रहा है।

मुंबई इंडियंस ढ्ढक्क 2024 से पहले एक बड़े कदम के तहत हार्दिक पंड्या को टीम में लाई थी। आईपीएल 2026 में हार्दिक पंड्या का अब तक का प्रदर्शन औसत रहा है। हार्दिक पंड्या ने 8 मैचों में 146 रन बनाए हैं और 4 विकेट लिए हैं। हार्दिक ने दो मैच मिस (दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नहीं खेल पाये) भी किये हैं। हालांकि, मुश्किलें सिर्फ कप्तान तक ही सीमित नहीं रही हैं।

कई सीनियर खिलाड़ी भी अपनी बेहतरीन फॉर्म में नहीं दिखे। इस कारण भी मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन और भी ज्यादा अनियमित हो गया है। आमतौर पर टीम के सबसे भरोसेमंद गेंदबाजों में शामिल जसप्रीत बुमराह ने 10 मुकाबलों में सिर्फ तीन विकेट लिए हैं। सूर्यकुमार यादव ने 10 मैचों में 195 रन बनाए हैं। वह गेंदबाजों पर वैसा दबदबा नहीं बना पाए हैं जैसा आमतौर पर बनाते हैं।

रोहित शर्मा ने इस सीजन कुछ ही मैच खेले हैं। इसका असर भी टीम के टॉप ऑर्डर की स्थिरता पर पड़ा है। नतीजन मुंबई इंडियंस को अक्सर या तो बिना किसी मजबूत शुरुआत के बड़े स्कोर का पीछा करना पड़ा है, या फिर शुरुआती विकेट न मिलने की वजह से वह अपने स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही है।

इन दिक्कतों के बावजूद मैनेजमेंट को पूरा भरोसा है कि टीम बचे हुए मुकाबलों में अपनी किस्मत बदल सकती है। टीम के अंदर यह विश्वास है कि कुछ अहम खिलाड़ियों के कुछ जबरदस्त प्रदर्शन से आईपीएल 2026 की अंक तालिका में उसकी स्थिति तेजी से बदल सकती है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का अगला मुकाबला रविवार 10 मई 2026 को रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।




# सरकार ने मर्चेंट जहाजों के लिए सब्सिडी योजना को 2031 तक बढ़ाया, आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बल

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत मर्चेंट जहाजों के लिए सब्सिडी योजना को वित्तीय वर्ष 2030-31 तक बढ़ा दिया है। सब्सिडी के नए नियम, शर्तें और समुद्री व्यापार पर इसका असर समझने के लिए इस खबर को विस्तार से पढ़ें।



भारत को एक प्रमुख ग्लोबल शिपिंग हब बनाने और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने भारत में मर्चेंट जहाजों को पंजीकृत करने वाली कंपनियों को दी जाने वाली सब्सिडी योजना को अगले पांच वर्षों यानी वित्तीय वर्ष 2030-31 तक के लिए बढ़ा दिया है। यह निर्णय भारत की समुद्री फ्लीट को मजबूत करने और वैश्विक शिपिंग में भारत की उपस्थिति दर्ज कराने की एक रणनीतिक पहल है।

भारत की समुद्री व्यापार क्षमता को मजबूत करने के लिए यह योजना मूल रूप से 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत शुरू की गई थी। जुलाई 2021 में केंद्रीय कैबिनेट ने पांच वर्षों के लिए 1,624 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस योजना को मंजूरी दी थी।

इसकी आधिकारिक घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2021-22 के बजट भाषण के दौरान की थी। इसका मुख्य उद्देश्य मंत्रालयों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) द्वारा सरकारी माल के आयात के लिए जारी किए गए ग्लोबल टेंडर में हिस्सा लेने वाली भारतीय शिपिंग कंपनियों को आर्थिक सहायता (सब्सिडी) प्रदान करना है।

# अमेरिका-ईरान तनाव में नरमी से सर्राफा बाजार में तेजी

**एजेंसी समाचार**

**मुंबई।** दुनिया भर की निगाहें जिस भू-राजनीतिक संकट पर टिकी थीं, वहां से एक बड़ी कूटनीतिक राहत की खबर आई है। अमेरिका और ईरान के बीच 'होर्मुज जलडमरूमध्य' को धीरे-धीरे फिर से खोलने पर बनी बहुप्रतीक्षित सहमति ने न केवल वैश्विक युद्ध के तनाव को कम किया है, बल्कि बुलियन मार्केट में एक नई और आक्रामक रैली की शुरूआत कर दी है। युद्ध शुरू होने के बाद इसे सबसे ठोस राजनयिक घटनाक्रम माना जा रहा है। इस ऐतिहासिक समझौते की उम्मीदों के कारण तेल की कीमतों और बॉन्ड यील्ड में गिरावट आई है, साथ ही डॉलर भी कमजोर हुआ है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।